3 राजधानी
दलित छात्र की मदद करेगी योगी सरकार

6 अभिमत
किसानों के जीवन में परिवर्तन

11 विदेश
गाजा पर इजराइली हमले में 51 लोगों की मौत

12 स्पोर्ट्स
खो-खो विश्व कप की मेजबानी करेगा भारत



RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 338
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 3 अक्टूबर, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





उत्तराखंड की जनसांख्यिकी बिगड़ने नहीं देंगे
राष्ट्रीय-10


# दिल्ली में 5,000 करोड़ रुपये की 500 किलोग्राम कोकीन बरामद

**संजय राय।** नई दिल्ली

**दिल्ली** पुलिस की स्पेशल सेन ने राष्ट्रीय राजधानी में अब तक के सबसे बड़े मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 560 किलोग्राम से अधिक कोकीन और 40 किलो हाइड्रोपोनिक मारिजुआना जब्त किया गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कोकीन की कीमत प्रति किलोग्राम 10 करोड़ रुपये है और थाई मारिजुआना की कीमत लगभग 40-50 लाख रुपये प्रति किलोग्राम है। इस हिसाब से जब्त की गई ड्रग्स की कीमत करीब और थाई मारिजुआना की कीमत लगभग 40-50 लाख रुपये प्रति किलोग्राम है। इस हिसाब से देखा जाए तो जब्त कोकीन की कीमत 5,620 करोड़ है। स्पेशल सेल ने दक्षिण दिल्ली के महरौली से चारों तस्करों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने कोकीन व हाइड्रोपोनिक मारिजुआना की खेप को दिल्ली एनसीआर में खपाने की योजना बनाई थी। त्यौहारी मौसम में मादक पदार्थों की मांग आम तौर पर बढ़ जाती है।

स्पेशल सेल ने खुलासा किया कि दिल्ली पुलिस को केंद्रीय खुफिया एजेंसियों से मिली जानकारी के आधार पर इस ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। इस पर पिछले दो महीनों से काम चल रहा था। दिल्ली में कोकीन की अब तक की सबसे बड़ी खेप पकड़ी गई है। इतनी कोकीन एक साथ कभी नहीं पकड़ी गई। इससे पहले हेरोइन एक बार 360 किलो पकड़ी गई थी। लेकिन कोकीन कभी भी दो-चार किलो से ज्यादा नहीं पकड़ी गई। इस मामले में जिन 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनमें गिरोह का सरगना तुषार गोयल है। वह दक्षिणी दिल्ली के वंसत विहार में रहता है। इसके साथ पुलिस ने इसके साथी औरंगजेब, हिमांशु को भी पकड़ा है। ये दोनों इसके साथ ही रहते हैं। औरंगजेब गाड़ी ड्राइव करता है, जबकि लंबी कद-काठी का हिंमाशु



इस काम में अक्सर तुषार के साथ रहता है। वहीं पुलिस के मुताबिक चौथे आरोपी का नाम भरत जैन है। भरत जैन कोकीन की खेप में लेने के लिए मुम्बई से दिल्ली आया था।

दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल के एडिशनल कमिश्नर प्रमोद कुशवाहा ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से पहले 15 किलो कोकिन बरामद की। इसके बाद इनकी निशानदेही पर फिर महिपालपुर एक्सटेंशन स्थित गोदाम , जहां से पुलिस ने छापेमारी कर बाकि ड्रग्स बरामद की। बरामद ड्रग्स 23 कार्टून और 8 यूएस पोलो शर्ट के कवर के अंदर छिपाकर रखी गई थी। इस रैकेट को मिडिल ईस्ट के एक देश से एक हैंडलर ऑपरेट कर रहा था। दिल्ली में ये ड्रग्स अलग अलग शहरों से पहुंची थी। मिडिल ईस्ट से इसे अलग-अलग प्रदेशों में सुविधा के अनुसार भेजा जाना था। वहां से दिल्ली पहुंचती थी। फिर इसे नेटवर्क के जरिए छोटी-बड़ी मात्रा में वितरित किया जाता था। एडिशनल सीपी ने बताया कि रैकेट का मुखिया दुबई में बैठा है। वहां से रैकेट चल रहा था। गिरोह के अन्य लोगों के बारे में बताया लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कोकीन भारत में नहीं साउथ अमेरिका में प्रोड्यूस होती है। मुंबई से खरीदार 50 किलो कोकीन लेने आया था। इनका उपयोग रेस्टोरेंट या होटल में होता था। किस जगह पर होता था यह अभी जांच का विषय है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में सक्रिय ड्रग तस्करों और ड्रग सप्लायरों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ऑपरेशन कवच जैसे कई अभियानों के जरिए माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। चालू वित्त वर्ष के दौरान में 31 अगस्त तक दिल्ली पुलिस ने 695 एनडीपीएस मामलों में 961 नार्को-अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस टीम ने तकरीबन 65.086 किलो हेरोइन/स्मैक, 1.912 किलो कोकीन, 2258.379 किलो गांजा, 102.345 किलो अफीम, 42.606 किलोग्राम चरस और 73.06 किग्रा खसखस बरामद की है।

# पश्चिम एशिया में क्षेत्रीय तनाव बढ़ा



इजराइल के यरुशलम और तेल अवीव के बीच शोरेश में ईरान से आने वाली मिसाइलों की चेतावनी के लिए सायरन बजने पर सुरक्षित स्थान पर सड़क के किनारे छिपते हुए लोग। एपी/पीटीआई

**एजेंसियाँ।** यरूशलेम/देइर अल-बलाह (गाजा पट्टी)

**इजराइली सेना** ने इस सप्ताह लेबनान में जमीनी अभियान शुरू करने के बाद से लड़ाई में अपने पहले सैनिक की मृत्यु होने की घोषणा की है। सेना ने बुधवार को कहा कि लेबनान में लड़ाई में कमांडो ब्रिगेड के 22 वर्षीय जवान की मौत हो गई। इजराइली थल सैनिकों ने हिजबुल्ला के विरुद्ध लेबनान में चढ़ाई की है वहीं ईरान ने मंगलवार देर रात इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइल की बौछार की। इजरायली पुलिस ने बुधवार को कहा कि ईरानी मिसाइल हमले से कुछ मिनट पहले मंगलवार शाम को तेल अवीव में हुए गोलीबारी में कुल सात लोग मारे गए। इजरायल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक शहर हेब्रोन के दो फिलिस्तीनी लोगों ने तेल अवीव के जाफा इलाके में गोलीबारी की, जिसमें एक स्टेशन पर रुकी हुई यात्रियों से भरी एक लाइट रेल गाड़ी पर सीधे गोली चलाना भी शामिल था। ईरान के सबसे बड़े नेता और सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली होसैनी खामनेई ने तेहरान द्वारा इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइलों की बौछार करने के बाद अपनी पहली टिप्पणी में मध्य पूर्व में अमेरिकी और यूरोपीय देशों की मौजूदगी की आलोचना की। खामेनेई ने बुधवार को कहा कि उनकी उपस्थिति संघर्ष, युद्ध, चिंता और दुश्मनी का स्रोत है, लेकिन उन्होंने पिछली रात हुए मिसाइल हमले का कोई जिक्र नहीं किया। आधिकारिक आईआरएनए समाचार एजेंसी ने खामेनेई के (शेष पृष्ठ 9)

## भारत की सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील : विदेश मंत्रालय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पश्चिम** एशिया में तनाव बढ़ने पर पहली बार प्रतिक्रिया देते हुए भारत ने बुधवार को सभी पक्षों से संयम बरतने का आह्वान किया और कहा कि ऐसा न हो कि यह संघर्ष पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में ले ले। यह टिप्पणी तब की है जब एक दिन पहले ईरान ने इजराइल द्वारा हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्ला तथा आतंकवादी समूह के अन्य कमांडरों की हत्या के जवाब में यहूदी देश पर करीब 200 मिसाइलें दागीं। नई दिल्ली ने कहा कि वह पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने को लेकर बहुत चिंतित है और उसने सभी मुद्दों को संवाद तथा कूटनीति के जरिए हल करने का आह्वान किया। विदेश मंत्रालय ने कहा, हम पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने को लेकर बहुत चिंतित हैं और सभी संबंधित पक्षों से संयम बरतने तथा नागरिकों की रक्षा (शेष पृष्ठ 9)



हजारीबाग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पार्टी की परिवर्तन महासभा के दौरान झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी व अन्य के साथ

# पीएम ने जताई चिंता, झारखंड में घट रही आदिवासी और हिंदुओं की संख्या

**पायनियर समाचार सेवा।** हजारीबाग

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को आगाह करते हुए कहा कि झारखंड में हिंदुओं और आदिवासियों की जनसंख्या घट रही है और उन्होंने झामुमो नीत गठबंधन सरकार पर राज्य की पहचान, संस्कृति और विरासत की कीमत पर घुसपैठियों का समर्थन करके वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि माटी, बेटी, रोटी को बचाने के लिए अब ऐसी ताकतों को बाहर करने का समय आ गया है।

मोदी ने भाजपा की परिवर्तन यात्रा के समापन के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, झारखंड में बेटी, माटी, रोटी की रक्षा करने और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए परिवर्तन का समय आ गया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाला गठबंधन एक खतरनाक खेल खेल रहा है, जो घुसपैठियों को संरक्षण देते हुए लोगों की पहचान, संस्कृति और परंपराओं को खतरे में डाल रहा है। मोदी ने आरोप लगाया कि झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन को ऐसे लोग चला रहे हैं जो झारखंड की पहचान, संस्कृति और विरासत को मिटाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, झामुमो और कांग्रेस में उनके आका झारखंड में आदिवासी समुदाय को अल्पसंख्यक बनाना चाहते हैं। उन्होंने हमेशा आदिवासी समाज को धोखा दिया है और उन्हें कभी प्रगति करते नहीं देख सकते। (शेष पृष्ठ 9)



पुणे जिले के बावधन इलाके में बुधवार को दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद एक हेलीकॉप्टर का मलबा। इस हादसे में दो लोगों के मारे जाने की आशंका है। पीटीआई

## हेलिकॉप्टर में आग लगी, तीन की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** पुणे/पटना

**दो अलग-अलग** घटनाओं में, बुधवार सुबह महाराष्ट्र के पुणे जिले में एक निजी विमानन कंपनी के हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने और उसमें आग लगने से दो पायलट और एक इंजीनियर की मौत हो गई, जबकि बुधवार को ही बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में भारतीय वायुसेना के एक हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी आने के बाद उसे आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। पायलट समेत सभी चार लोग सुरक्षित। पहली घटना में, दिल्ली स्थित निजी कंपनी हेरिटेज एविएशन के हेलीकॉप्टर ने यहां ऑक्सफोर्ड काउंटी गोल्फ कोर्स हेलीपैड से उड़ान भरी और वह मुंबई के (शेष पृष्ठ 9)

## महिला यात्री के पास से आइफोन 16 प्रो मैक्स के 26 मोबाइल जब्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने एक महिला यात्री से आईफोन-16 प्रो मैक्स के 26 मोबाइल फोन जब्त किए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आईफोन-16 प्रो मैक्स हाल ही में लांच किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि महिला ने हाल ही में लांच किए गए फोन को टिशू पेपर में लपेटकर अपने बैग में छिपा रखा था। प्रो मैक्स, मोबाइल फोन आईफोन-16 सीरीज का शीर्ष मॉडल है। अधिकारियों ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर हांगकांग से दिल्ली आ रही एक महिला यात्री को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रोका गया। (शेष पृष्ठ 9)

# पश्चिम बंगाल के अस्पतालों में सुरक्षा का होगा आकलन

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

**कोलकाता के** आरजी कर मेडिकल कॉलेज बलात्कार और हत्या मामले और उसके बाद कई मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों पर हुए हमलों के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार ने भारी दबाव में राज्य द्वारा संचालित मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में 'सुरक्षा ऑडिट' करने के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित की है। इस सात सदस्यीय टीम का नेतृत्व राज्य के पूर्व पुलिस महानिदेशक सुरजीत पुरकायस्थ कर रहे हैं। पुरकायस्थ के नेतृत्व वाली टीम में कोलकाता पुलिस के संयुक्त आयुक्त कर्नल नेवेंदर पॉल सिंह, पश्चिम बंगाल पुलिस के डीआईजी जॉय बिस्वास, कोलकाता पुलिस की डिप्टी कमिश्नर पुष्पा, लोक निर्माण विभाग में स्वास्थ्य सर्कल के





बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट के सदस्य और अन्य लोग बुधवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के कथित यौन उत्पीड़न और हत्या के लिए न्याय की मांग करने के लिए 'महालय' पर एक मेगा रैली में भाग लेते हैं। पीटीआई

अधीक्षण अभियंता तपस मैती, गृह और पर्वतीय मामलों के विभाग की अतिरिक्त सचिव सौम्या भट्टाचार्य और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव खालिद कैसर जैसे वरिष्ठ अधिकारी होंगे।

उच्चस्तरीय टीम का गठन बंगाल में स्वास्थ्य सहित अधिकांश सरकारी विभागों में कथित 'सर्वव्यापी खतरे की संस्कृति' के खिलाफ अभूतपूर्व जनाक्रोश की पृष्ठभूमि में किया गया है। समिति को मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में सुरक्षा उपायों का मूल्यांकन करने का काम सौंपा गया है, ताकि सुरक्षा व्यवस्था में सुधार के तरीके खोजे जा सकें, ताकि डॉक्टर सुरक्षित माहौल में काम कर सकें और सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ जनता को मिल सके, टीम के सदस्यों ने कहा कि रिपोर्ट दो महीने के भीतर प्रस्तुत करनी होगी। मुख्यमंत्री के पूर्व सुरक्षा सलाहकार पुरकायस्थ ने कहा, हमने एक कठिन कार्य किया है... हम डॉक्टरों, आम लोगों और प्रशासन सहित सभी हितधारकों के साथ चर्चा करेंगे ताकि इसकी तह तक पहुंचा जा सके और फिर सरकार को एक रिपोर्ट सौंपी जाएगी। सूत्रों ने कहा कि संबंधित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए जिला स्तरीय ऑडिट समितियां भी बनाई जाएंगी। (शेष पृष्ठ 9)


# भारत ने बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की



नई दिल्ली में गांधी जयंती के अवसर पर राजघाट जाकर बापू को श्रद्धांजलि अर्पित करतीं राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू

## नवरात्र आज से

### प्रथम शैलपुत्री



**वन्दे वाञ्छितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखराम।**
**वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम॥**

नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा का विधान है। मां शैलपुत्री हिमालयराज की पुत्री हैं। यह देवी वृषभ पर सवार होती हैं। इनके दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का पुष्प होता है। इनकी पूजा करने से व्यक्ति को सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

# चुनावी रणनीतिज्ञ पीके अब करेंगे सियासत

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना

**चुनाव रणनीतिकार** से नेता बने बने प्रशांत किशोर ने बुधवार को जन सुराज पार्टी के नाम से अपना राजनीतिक दल गठित करने की घोषणा की। यह एक बहुप्रतीक्षित कदम है जिसके जरिए वह बिहार के राजनीतिक परिदृश्य में बड़ा बदलाव लाने की उम्मीद कर रहे हैं। किशोर ने मधुबनी में जन्मे भारतीय विदेश सेवा के पूर्व अधिकारी मनोज भारती को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया और कहा कि भारती मार्च तक इस पद पर रहेंगे। मार्च में पार्टी के संगठनात्मक चुनाव होंगे।

पटना के वेटनरी कॉलेज मैदान में बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान किशोर ने यह घोषणा की। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री देवेंद्र प्रसाद यादव, राजनयिक से नेता बने पवन वर्मा और पूर्व सांसद मोनाजिर हसन सहित कई जानी मानी हस्तियां मौजूद थीं। किशोर ने चंपारण से राज्य की तीन हजार किलोमीटर से अधिक लंबी पदयात्रा शुरू करने के ठीक



दो साल बाद इस पार्टी का गठन किया, जिसका उद्देश्य लोगों को प्रदेश में एक नया राजनीतिक विकल्प देकर उन्हें संगठित करना है। चंपारण से ही महात्मा गांधी ने देश में पहला सत्याग्रह शुरू किया था। इस अवसर पर आई-पैक के संस्थापक किशोर ने कहा, जन सुराज अभियान का उद्देश्य बिहार के लोगों को यह समझाना है कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार के अवसर नहीं मिल पाए हैं क्योंकि उन्होंने कभी इन मुद्दों पर वोट नहीं दिया। हमारा शायद कुछ लोग मजाक उड़ाएं और कहें कि हम पलायन रोकने जैसे वादे कैसे पूरे करेंगे। लेकिन हमारे पास एक खाका है। किशोर ने कुछ साल पहले राजनीतिक परामर्श देने का काम छोड़ दिया। उन्होंने कहा, राज्य में शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए हमें चार लाख करोड़ रुपए से अधिक की जरूरत होगी। हम शराबबंदी कानून को खत्म करके पैसे जुटाएंगे। शराबबंदी के कारण हर साल 20,000 करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। मैं फिर से कहता हूं कि जन सुराज के सत्ता में आते ही एक घंटे के अंदर शराबबंदी खत्म कर दी जाएगी। किशोर, अपने पूर्व मार्गदर्शक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस कदम के कटु आलोचक कहे जाते हैं। उन्होंने कहा, हमें विशेष दर्जे के खोखले नारे नहीं चाहिए। लेकिन हम बैंकों को बाध्य करेंगे कि वे राज्य की जनता द्वारा जमा की गई बचत के अनुपात में राज्य को पूंजी उपलब्ध कराएं। वर्तमान में ऐसा लग रहा है कि बिहारियों द्वारा बचाए गए पैसे का इस्तेमाल कहीं और हो रहा है।

# अनुशासन व सादगी से भरा है पीएम मोदी का व्यक्तिगत जीवनः मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेवा पखवाड़ा संगोष्ठी को किया संबोधित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का व्यक्तिगत जीवन अनुशासन व सादगी से भरा है। सामान्य नागरिक, कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने शून्य से यात्रा प्रारंभ की। अपनी कर्मठता, विचार परिवार से मिले अनुशासन, पारिवारिक संस्कारों के जरिए हर काम देश के नाम के लक्ष्य के साथ उन्होंने जीवन को आगे बढ़ाया तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के संवैधानिक प्रमुख (भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री) के रूप में हम सभी का नेतृत्व कर रहे हैं। आर. बाला सुब्रमण्यम की पुस्तक उनके विस्तृत स्वरूप का उल्लेख करती है। हर किसी को इस पुस्तक का हर किसी को अवलोकन करना चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन सभागार में आयोजित सेवा पखवाड़ा संगोष्ठी को संबोधित किया। सीएम योगी ने आर बालासुब्रमण्यम द्वारा लिखित पुस्तक पॉवर विदिनः द लीडरशिप लीगेसी ऑफ नरेंद्र मोदी से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा की। यह कार्यक्रम लखनऊ समेत प्रदेश के अनेक जनपदों में भी आयोजित किया गया। सीएम योगी ने कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जन्मदिवस पर उन्हें नमन करते हुए उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर भी प्रकाश डाला। योगी ने कहा कि आर बालासुब्रमण्यम द्वारा लिखित पुस्तक 'पॉवर विदिनः द लीडरशिप लीगेसी ऑफ नरेंद्र मोदी' पीएम के संपूर्ण व्यक्तित्व को देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत करती है। यह केवल पुस्तक नहीं है, बल्कि शून्य से शिखर की यात्रा का नाम है, जिसे नया भारत न केवल देख रहा है, बल्कि उसके अनुसार जीवन भी जी रहा है। मोदी जी के सक्षम व विजनरी लीडरशिप में नए भारत का दर्शन हो रहा है। वे सेवा के संकल्प की जिस यात्रा को लेकर बढ़े हैं, उसे समृद्धि की नई ऊंचाई तक पहुंचाने और विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों के प्रतिफल को इस पुस्तक के माध्यम से देश-दुनिया के सामने रखने का प्रयास किया गया है।

योगी ने कहा कि कोई भी देश अचानक विकसित नहीं हुआ। उन सभी ने बड़े विजन व लक्ष्य के साथ काम किया। जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा था तो पीएम मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का रोडमैप दिया और इसके लिए पंच प्रण का रास्ता भी बताया। लक्ष्य देने के साथ ही रास्ता बताना विजनरी नेतृत्व का गुण होता है। दस वर्ष के कार्यकाल के दौरान पीएम मोदी ने मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल को धरातल पर उतारने का कार्य भी दिया। भारत को इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में समृद्ध किया। जहां कोई नहीं पहुंच पाया, वहां भारत का चंद्रयान पहुंचा है। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के समावेशी विकास व कल्याण योजनाओं का हर किसी ने अनुभव किया। 'सर्वे भवन्तु सुखिना, सर्वे सन्तु निरामया' भारत की ऋषि परंपरा की देन रही है तो वहीं 2014 में पीएम मोदी ने सबका साथ, सबका विकास का मंत्र दिया। संकट आने पर नेतृत्वकर्ता का गुण होता है कि डटकर मुकाबला करने के लिए खुद को तैयार करे और जनता के उद्धार का मार्ग प्रशस्त कर सके। कोरोना के समय पीएम मोदी ने देखा कि श्रमिक वर्ग, कारीगर, हस्तशिल्पी के रोजगार पर बुरा असर पड़ा तो उन्होंने 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन की सुविधा दी। इसके साथ ही अनेक योजनाओं का लाभ दिया गया। इसमें चेहरा, जाति, भाषा, क्षेत्र देखे बिन सबका साथ, सबका विकास का समावेशी भाव था। इन योजनाओं ने भारत की छवि को ईज ऑफ लिविंग के बेहतरीन प्रयास करने वाले देश के रूप में प्रस्तुत किया।

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में एक तरफ कोरोना में उन्होंने ट्रेस, टेस्ट, ट्रीट, टीका फ्री में उपलब्ध कराया गया। जब रोजगार छीन गया तो गरीबों की हरसंभव मदद की। वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान ने दुस्साहस किया तो सर्जिकल स्ट्राइक व बालाकोट में एयर स्ट्राइक में भी पीछे नहीं हटे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण सिर्फ कर्तव्य नहीं, बल्कि दिव्य जिम्मेदारी भी है। सिखों की आस्था से जुड़े करतारपुर कॉरिडोर का निर्माण हुआ तो बाल दिवस को गुरु गोविंद सिंह के चार-चार साहिबजादों की स्मृति के रूप में मान्यता दिलाकर पीएम मोदी ने एक भारत-श्रेष्ठ भारत की परंपरा को बढ़ाने का कार्य किया। योग ऋषि परंपरा का प्रसाद है। 21 जून पर विश्व योग दिवस के जरिए लगभग पौने दो सौ देश को योग परंपरा से जोड़ा। 2019 में प्रयागराज कुंभ को दिव्य-भव्य रूप से जुड़ने का अवसर मिला। यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता प्राप्त हो, यह भी पीएम मोदी के प्रयास से संभव हुआ। योगी ने कहा कि पीएम मोदी का प्रयास रहा कि भाजपा केवल सत्ता प्राप्त करने वाली पार्टी न बने। भारत यदि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है तो भारत का वास्तविक प्रतिनिधित्व करने वाली भाजपा को सबसे बड़े लोकतंत्र के सबसे बड़ी पार्टी के रूप में गौरव प्राप्त हो, यह भी पीएम मोदी के विजनरी लीडरशिप में संभव हो पाया। यदि देश किसी आपदा या चुनौती से घिर गया हो तो %सेवा ही संगठन% के मूल मंत्र का ध्यान रखते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया, इस पर कोरोना के दौरान भाजपा के लाखों कार्यकर्ता जनता की सेवा में लग गए थे। कोविड प्रबंधन को सफलतापूर्वक बढ़ाने में भारत ने बेहतरीन मॉडल प्रस्तुत किया।

योगी ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में भाजपा ने कठिन क्षेत्रों में भी पहुंच बनाई। असम में जब भाजपा ने पहली बार सरकार बनाई तो आपके बीच से ही कार्यकर्ता डॉ. महेंद्र सिंह को प्रभारी के रूप में भेजा गया। त्रिपुरा में भाजपा सरकार बनी। मणिपुर, अरुणांचल, मेघालय व नागालैंड में भाजपा के सहयोग से सरकार चल रही है। इन क्षेत्रों में भाजपा व भारत के बारे में लोगों के मन में संशय था। उनमें अलगाववाद का भाव देखने को मिलता था, क्योंकि कांग्रेस व 2014 के पहले की सरकारों ने उन्हें आत्मीयता के साथ नहीं जोड़ने का प्रयास नहीं किया। वहीं पीएम मोदी ने लुक ईस्ट पॉलिसी के तहत नॉर्थ ईस्ट को जिस भाव से जोड़ा, उसकी बदौलत आज वह विकास की मुख्यधारा से जुड़ा है। उग्रवाद से मुक्त होकर भारत की एकता-अखंडता को मजबूती प्रदान किया है। यह लोग भी सांस्कृतिक व राजनीतिक रूप से जुड़कर गौरव की अनुभूति करते हैं। ओडिशा में भाजपा की सरकार है तो प. बंगाल में भाजपा प्रमुख विपक्षी दल है। वहां भाजपा मजबूती के साथ जनता की आवाज बनकर बढ़ी है। देश के बड़े क्षेत्र में भाजपा की राज्य सरकारें काम कर रही हैं। मोदी जी ने कहा था कि देश के हित में भाजपा की जीत आवश्यक है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, संजय सेठ, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, योगेश शुक्ल, विधान परिषद सदस्य महेंद्र सिंह, रामचंद्र प्रधान, मुकेश शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी, प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने शारदीय नवरात्र पर दी बधाई व अपनी मंगलमय शुभकामनाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्रि के शुभावसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए अपनी मंगलमय शुभकामनाएं दी हैं। आज यहां जारी एक संदेश में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भारत की सनातन धर्म की परम्परा में माँ दुर्गा की उपासना का प्राचीन काल से ही अत्यधिक महत्व रहा है। माँ दुर्गा शक्ति की अधिष्ठात्री देवी हैं। यह चराचर जगत की आदि शक्ति हैं, इनके अनन्त रूप हैं, लेकिन प्रधान नौ रूपों में नवदुर्गा बनकर आदिशक्ति चराचर जगत पर अपनी करुणा की वर्षा करती हैं। वर्ष में दो बार नवरात्रि का कार्यक्रम मातृशक्ति के प्रति भारत की भावना का प्रभावी प्रतिनिधित्व करता है। शारदीय नवरात्रि का आयोजन, सभी प्रदेशवासियों के लिए शुभ एवं मंगलमय हो यह मेरी कामना है।

## मुख्यमंत्री ने बरेली में पटाखा फैक्ट्री में हुए हादसे का संज्ञान लिया

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनपद बरेली में पटाखा फैक्ट्री में हुए हादसे का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

## फसल कटाई के दौरान राजस्व कर्मियों की दूसरी जगह नहीं लगेगी ड्यूटी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**खरीफ** फसलों की कटाई के समय को नजदीक देखते हुए योगी सरकार की ओर से सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। इसमें विशेष तौर पर निर्देश दिया गया है कि फसल कटाई अवधि के दौरान राजस्व कर्मियों को अन्य ड्यूटी में न लगाया जाए। सिर्फ विशेष परिस्थितियों में ही ऐसा किया जा सकेगा, जिसका कारण बताना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त उपजिलाधिकारी और तहसीलदारों को फसल कटाई प्रयोगों के संपादन की समीक्षा का भी निर्देश जारी किया गया है। निर्देशों के क्रम में कहा गया कि सभी जनपदों में कृषि, राजस्व एवं विकास विभाग के अधिकारियों को 15 प्रतिशत अनिवार्य निरीक्षण के लिए नामित किया जाए। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत इंपैनल्ड बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा भी 30 प्रतिशत क्रॉप कटिंग प्रयोगों का अवलोकन कराने के निर्देश दिए गए। वहीं, फसल कटाई के बाद पोर्टल पर कटाई प्रयोगों का परीक्षण कर ही उपज तौल अनुमोदित किया जाए। हाल ही में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के समक्ष हुए प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि सीसीई एग्री एप के माध्यम से खरीफ 2022 से भारत सरकार के निर्देशानुसार आवश्यक रूप से 100 प्रतिशत क्राप कटिंग लागू है। फसल बीमा में ली गयी फसलें खरीफ- धान, मक्का, बाजरा, ज्वार, उर्द, मूँग, तिल, मूँगफली, सोयाबीन व अरहर (10 फसलें) और रबी-गेहूँ, जौ, चना, मटर, मसूर, लाही-सरसों, अलसी व आलू (8 फसलें) सम्मिलित हैं। सीसीई एग्री ऐप से क्राप-कटिंग कराने हेतु राजस्व परिषद, उप्र से निर्देश जारी किए जा चुके हैं। रबी 2023-24 में 86.09त्न प्रयोग सीसीई एग्री ऐप से संपादित कराये गये। वहीं जीसीईएस ऐप पर रबी 2023-24 से लागू है। जीसीईएस में ली गयी फसलें-खरीफ धान, मक्का, बाजरा, ज्वार, उर्द, मूँग, तिल, मूँगफली, सोयाबीन व अरहर (10 फसलें) और रबी-गेहूँ, जौ, चना, मटर, मसूर, लाही-सरसों, अलसी व आलू (8 फसलें) शामिल हैं। रबी 2023-24 में 13,388 क्राप कटिंग प्रयोग नियोजित हुए।

## महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन को और पुख्ता करेगी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मिशन शक्ति 5.0**

**प्रदेश** में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सुनिश्चित कर रही योगी सरकार 'मिशन शक्ति' के पांचवें चरण की शुरुआत करने जा रही है। शारदीय नवरात्रि में सीएम योगी स्वयं पांचवें चरण की शुरुआत करेंगे। इस दौरान सीएम महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर कई नई योजनाओं का भी ऐलान कर सकते हैं। इसके लिए गृह विभाग के साथ 12 विभागों को जिम्मेदारी दी गई है।

उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने 17 अक्टूबर, 2020 को प्रदेश में मिशन शक्ति की शुरुआत की थी। इसके बाद 26 फरवरी, 2021 को दूसरा चरण, 21 अगस्त, 2021 को तीसरा चरण और 14 अक्टूबर, 2022 को चौथा चरण शुरू किया गया था।

लखनऊ में सीएम योगी मिशन शक्ति के पांचवें चरण का शुभारंभ करेंगे। पांचवें चरण के शुभारंभ कार्यक्रम में जिलों में मिशन शक्ति के नोडल अधिकारी बनाए गए पुलिस अधिकारी ऑनलाइन जुड़ेंगे। इस दिन लखनऊ के साथ ही प्रदेश के सभी कमिश्नरेट और जिलों में महिला सशक्तिकरण रैली निकाली जाएगी। इसके साथ ही सीएम योगी महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए कई योजनाओं का शुभारंभ करेंगे। लखनऊ में 1090 चौराहे पर विमेंस फेस्ट का आयोजन किया जाएगा। इसमें महिलाओं के स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) द्वारा तैयार प्रोडक्ट्स की प्रदर्शनी और स्टॉल लगाए जाएंगे। महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने और एंटरप्रेन्योरशिप के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी होंगे।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैनें अपने पुत्र दीपेन्द्र के बुरे आचरणो के कारण उससे अपने सभी सम्बन्ध विच्छेद कर चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है । रामचंद्र पुत्र स्व0 रामकुमार नि0 ग्राम रामपुर पोस्ट सरसौल कानपुर नगर

सूचना

सभी को ज्ञात हो कि मेरे बेटे फुरकान कुरैशी (Furqan Quraishi) का नाम, जैसा कि उसके पासपोर्ट नंबर N3580946 में उल्लेखित है, बदलकर फुरकान आमिर कुरैशी (Furqan Aamer Quraishi) कर दिया गया है। भविष्य में उसे सभी उद्देश्यों के लिए फुरकान आमिर कुरैशी (Furqan Aamer Quraishi) के नाम से जाना व पहचाना जाय । आमिर हफीज कुरैशी 48 शादाब कॉलोनी, महानगर, लखनऊ

सूचना

सभी को ज्ञात हो कि मेरे बेटे तैय्यब कुरैशी (Tayyab Quraishi) का नाम, जैसा कि उसके पासपोर्ट नंबर N4832188 में उल्लेखित है, बदलकर तैय्यब आमिर कुरैशी (Tayyab Aamer Quraishi) कर दिया गया है। भविष्य में उसे सभी उद्देश्यों के लिए तैय्यब आमिर कुरैशी (Tayyab Aamer Quraishi) के नाम से जाना व पहचाना जाय। आमिर हफीज कुरैशी 48 शादाब कॉलोनी, महानगर, लखनऊ

सूचना

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्किल श्री मुरली यादव पुत्र श्री राम मूरत यादव निवासी मकान नं. 6, बभनी, ग्राम इटवा, पोस्ट सोहना, जिला सिद्धार्थ नगर, वर्तमान निवासी 12-431-1, इंदिरा नगर, लखनऊ की सम्पत्ति मकान नंबर 2/009/27 निर्मित प्लॉट नं. 27, खसरा नंबर 493/1 का भाग जो ग्राम निज़ामपुर मल्हौर, परगना, तहसील एवं जिला लखनऊ में स्थित है, जिससे सम्बन्धित दस्ता. मूल विक्रय प्रमाणपत्र का अंतिम पृष्ठ, जो क्रमांक संख्या 11411, दिनांक 11/07/2014 पर उपनिबंधक लखनऊ में पंजीकृत है। जो कि दिनांक 10.07.2021 को मेरे मुव्किल से गायब/गिर गये हैं। यदि किसी व्यक्ति या किसी वित्तीय संस्थान या बैंक को इस संबंध में कोई आपत्ति/दावा हो तो कृपया इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर सूचित करें और उपरोक्त समयावधि समाप्त होने के बाद किसी भी प्रकार के दावे पर विचार नहीं किया जाएगा। **बी.एन. त्रिपाठी** एडवोकेट, निवासः सी-15, नेहरू विहार, कल्याणपुर, लखनऊ, मोबाइलः 9336127853

## लद्दाख के मुद्दे को प्राथमिकता मानना चाहिएः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि लद्दाख को बचाने की कोशिश अपनी सीमावर्ती ज़मीन को बचाना भी है। अगर चारागाह पर धीरे-धीरे दूसरों का क़ब्ज़ा होता जाएगा तो लद्दाख के पश्मीना चरवाहों की भेड़-बकरियों और उनसे जुड़े उत्पादों के लिए घोर संकट पैदा हो जाएगा, जिसका सीधा संबंध लद्दाख के समाज के जीवनयापन से जुड़ा है। इसीलिए ये मुद्दा एक संवेदनशील सामरिक मुद्दे के अलावा एक बेहद चिंतनीय आर्थिक-सामाजिक मुद्दा भी है।

अखिलेश ने कहा कि लद्दाख के मुद्दे को बड़े चश्मे से देखने की ज़रूरत है। इसके लिए उठ रही आवाज़ों को दबाना, देश के लिए चुनौती बन रही एक बड़ी दख़लंदाज़ी से मुँह मोड़ना है। इसीलिए लद्दाख के मुद्दे को प्राथमिकताओं में भी प्राथमिकता मानना चाहिए। इस संदर्भ में ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार को बार-बार लद्दाख की परेशानियों और चुनौतियों की याद दिलानी पड़ती है। जब कोई जान बूझकर सुनना नहीं चाहता है, तो जान बूझकर उसे फिर से सुनाया जाता है। इसीलिए हमने पहले भी कहा था, आज फिर से वही पूरी बात दोहरा रहे है।

'पानी और नमक' के सहारे अनशन करनेवालों का महत्व वो भाजपा क्या समझेगी, जिसकी आँख का पानी मर गया है और जो नमक का क़र्ज़ तक चुकाना नहीं जानती। अखिलेश यादव ने कहा कि देश की जनता सोनम वांगचुक के लद्दाख, देश की सीमाओं व पर्यावरण की रक्षा के लिए किये जा रहे संघर्ष में हर तरह से उनके साथ है। हम सबका 'सम्पूर्ण समर्थन' उनके इस महान आंदोलन को कामयाब बनाएगा।

## भाजपा गांधी के विचारों और आदर्शों की अवहेलना कर रहीः सपा प्रमुख

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी की ओर से बुधवार को सपा मुख्यालय सहित प्रदेश के सभी जिला कार्यालयों पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155वीं जयंती मनाई गई और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की ओर से राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गांधी और शास्त्री की जयंती पर सत्य, संघर्ष, सेवा और सादगी के महान प्रतीकों को नवसंकल्प के साथ याद करते हुए अपने संदेश में कहा कि गांधीजी ने सत्याग्रह के रास्ते देश की आजादी की लड़ाई जीती और ब्रिटिश साम्राज्य की चूलें हिला दी। आज दुनिया गांधी जी की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही हैं। उनके रास्ते पर चलकर ही दुनिया में शांति और समाज में सद्भाव कायम किया जा सकता है। भाजपा ने गांधी के विचारों और आदर्शों की अवहेलना के साथ उनके सपनों को भी चकनाचूर किया है।

गांधी जी ग्रामीण स्वराज चाहते थे। वे विकास के केन्द्र में गांवों को रखते थे। उनकी दृष्टि समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति पर रहती थी और वे उसको ही प्रगति का अंतिम लक्ष्य मानते थे। गांधी जी ने यंग इंडिया के अंक में लिखा था ''आजादी नीचे से शुरू होनी चाहिए। गांव पंचायत के पास पूरी ताकत और सत्ता होगी। गांव आत्मनिर्भर होगा।'' आज भाजपा अमीरों के संरक्षण और गरीबों के उत्पीड़न को ही अपनी राजनीति मान रहा है। स्वयं प्रधानमंत्री का संसदीय क्षेत्र वाराणसी क्योटो तो बना नहीं, जो था वह भी नहीं रहा।

## दो-दो गांवों को गोद लेंगे कृषि विज्ञान केंद्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- रबी-2024 फसल सत्र के दृष्टिगत बोआई से पहले, समय व कटाई से पहले किसानों से संवाद भी स्थापित करेंगे वैज्ञानिक

**सरकार** का जोर किसानों की आय में वृद्धि करने का है। उत्तर प्रदेश में 89 कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) हैं। हर केंद्र द्वारा अपने कार्य क्षेत्र के दो-दो गांवों को गोद लिया जाएगा। केंद्र के वैज्ञानिक किसानों को रबी फसल सत्र 2024-25 को लेकर नई-नई तकनीकों से अवगत भी कराएंगे। गौरतलब है कि योगी सरकार द्वारा कृषि विज्ञान केंद्रों को न्यूनतम 10 हेक्टेयर भूमि तकनीकी प्रदर्शन व बीज उत्पादन के लिए निशुल्क उपलब्ध कराई गई है।

कृषि विज्ञान केंद्रों के द्वारा किसानों तक नई तकनीक पहुंचाने, उनके उपयोग के लिए क्षमता संवर्धन और प्रशिक्षण करते हुए प्रगतिशील किसानों को कृषि प्रसार से जोड़ने पर विभाग का जोर है। कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से प्रगतिशील किसानों के अनुभवों के जरिए अन्य किसानों को भी नई तकनीक से लाभान्वित किया जाएगा। किसानों को कृषि अनुसंधान में हो रहे नवाचार, नई तकनीकी पद्धतियों से जानकारी और रोजगार से जुड़े व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिए जाएंगे। दलहन (चना, मटर, मसूर आदि) और तिलहन (सरसो, अलसी आदि) के प्रदर्शन पर भी जोर रहेगा। किसान उच्च स्तर की उत्पादकता पर जोर दें, इसके लिए कृषि विज्ञान केंद्र मिलेट्स, खाद्यान्न फसलों व औद्यानिक फसलों के बीज उत्पादन व नर्सरी उत्पादन का कार्य भी करेंगे।

रबी सत्र में फसलों की बोआई से पहले, बोआई के समय और कटाई से पहले किसानों के अध्ययन भ्रमण, गोष्ठी व कृषक वैज्ञानिकों से संवाद होंगे। कृषि मेलों व गांवों में कृषि प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। केवीके गांवों में कृषि, पशुपालन व उद्यान की गतिविधियों व कृषि आधारित उद्यमों के संबंध में तैयार तकनीकी साहित्य से भी किसानों को अवगत कराएंगे।

केंद्र की तरफ से कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) के व्यावसायिक गतिविधियों को गति देते हुए फसल विशेष को बढ़ावा दिया जाएगा। इसका उद्देश्य संगठन को भी आर्थिक रूप से समृद्ध करना है। केंद्रों का ऑन फॉर्म डिमांसट्रेशन, पैकेज ऑफ प्रैक्टिसेज, वैल्यू एडिशन, एफपीओ, प्राकृतिक खेती, आईपीएम, मृदा परीक्षण व उर्वरकों के संतुलित प्रयोग आदि से जुड़े कार्यों पर भी जोर रहेगा।

कृषि विज्ञान केंद्रों की तरफ से अक्टूबर में होने वाली रबी गोष्ठियों में राज्य कृषि विश्वविद्यालयों की तरफ से विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे। विशेष कार्यक्रम को लेकर कृषि विज्ञान केंद्रों के अध्यक्ष, राज्य विश्वविद्यालय व कृषि विभाग के अधिकारियों संग चार अक्टूबर की शाम तैयारी को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग भी होगी।

## किसान कांग्रेस ने आयोजित की गांधी ग्राम स्वराज चौपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**गांधी** एवं शास्त्री की जयंती पर किसान कांग्रेस द्वारा गांधी ग्राम स्वराज चौपाल का आयोजन किया गया। इस आयोजन मे गांधी जी के ग्राम स्वराज की परिकल्पना को जनता के समक्ष रखा गया। चौपाल में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय मौजूद रहे।

चौपाल को संबोधित करते हुए अजय राय ने ग्राम स्वराज की परिकल्पना पर समृद्ध गांव की बात कही। राय ने कहा कि गांधीजी स्वावलंबी ग्राम की परिकल्पना हेतु प्रत्येक गांव को आर्थिक, सामाजिक एवं राजनैतिक रूप से सक्षम करने पर प्रतिबद्ध थे। उन्होंने चंपारण से ही किसानों के लिए 'जो बोएंगे वही खाएंगे' का आर्थिक स्वतंत्रता का मंत्र दिया था। इस मंत्र के साथ चरखा द्वारा स्वयं काते सूत से खादी वस्त्र पर जोर दिया। पंचायतों को सक्षम प्राथमिक विकास केंद्र के रूप मे कार्यक्रम बनाने की योजना तैयार कराई जिसे कांग्रेस ने 73वे एवं 74 वे संविधान संशोधन से साकार किया।

चौपाल की अध्यक्षता किसान कांग्रेस अध्यक्ष मध्य जोन जगदीश सिंह ने की। चौपाल का आयोजन जिला उपाध्यक्ष सरिता शुक्ला द्वारा किया गया एवं संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष जयंत चौधरी ने किया। चौपाल में मुख्य रूप से लखनऊ के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी एवं सरोजनीनगर विधानसभा के प्रत्याशी रहे रुद्र दमन सिंह बबलू मौजूद रहे।

## गांधी के बताए गए रास्ते से ही देश की एकता-अखण्डता रहेगी कायमः अजय राय

- महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री व मसुरियादीन पासी की जयंती पर कांग्रेस ने निकाली प्रभात फेरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राष्ट्रपिता** महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री तथा स्वतंत्रता सग्राम सेनानी एवं पूर्व सांसद मसुरियादीन पासी की जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में झंडेवाला पार्क, अमीनाबाद से गांधी प्रतिमा, हजरतगंज, लखनऊ तक रामधुन ( रघुपति राघव राजा राम ) गाते हुए प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन तथा आमजन शामिल रहे। प्रभात फेरी का समापन अजय राय ने हजरतगंज स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। प्रभात फेरी का आयोजन जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी एवं डॉ. शहजाद आलम ने किया।

तत्पश्चात प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व कांग्रेस पार्टी से सांसद रहे स्व. मसुरियादीन पासी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस मौके पर एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। संगोष्ठी को सम्बोधित करने से पूर्व अजय राय ने पूर्व उपस्थित सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री था मसुरियादीन पासी की जयंती के अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी हमारे आदर्श हैं। उनके सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को हमे आत्मसात करना है और जिस प्रकार इन्ही सिद्धांतों पर चलकर भारत को अंग्रेजी हुकूमत से आजाद कराया गया था, कांग्रेस पार्टी भी उनके सत्याग्रह, सविनय अवज्ञा, करो या मरो के सिद्धांतों के प्रयोग से भाजपा सरकार की तानाशाही के खिलाफ लड़ रही है। राय ने कहा कि भाजपा सरकार जिस तरह का सामाजिक विद्वेष देश में फैला रही है गांधी जी के बताये गये रास्ते पर चलकर ही देश की एकता और अखण्डता को कायम रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि नाथूराम गोडसे के विचारों को पोषित करने वाली भाजपा सरकार गांधी जी सिद्धान्तों को पूरी तरह से कुचल रही है नतीजन अपराध चरम पर है और इसी वजह से नहीं रूक पा रहा है अपराधों का सिलसिला। राय ने कहा कि गांधी जी के अहिंसा के सिद्धान्त को पूरे विश्व ने अपनाया और सत्याग्रह के उनके प्रयोगों को विश्व के तमाम आंदोलनों में अपनाया गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के उपर अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि हमें गर्व है मैं उसी बनारस की माटी से हूं जिस माटी में लाल बहादुर शास्त्री भी बड़े हुए, उन्होनें किसानों, श्रमिकों, और नगरीय श्रमिकों को अत्यधिक भूमि कर और भेदभाव के विरूद्ध आवाज उठाने के लिए एकजुट किया, और उनकी सादगी और दृढ़ निश्चय के लिए हमेशा उन्हें याद किया जाता रहेगा। राय ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री के जय जवान, जय किसान का नारा आज भी प्रासंगिक है। अजय राय ने स्व. मसुरियादीन पासी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई व पूर्व प्रधानमंत्री पं् जवाहर लाल नेहरू के साथ जेल में रहे एवं उन्होंने अपनी पूरा जीवन दलितों एवं वंचितों के उत्थान में लगा दिया। संगोष्ठी को उत्तर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ. सीपी राय, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमीर हैदर तथा महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष लालती देवी आदि ने भी सम्बोधित किया।

# अटल आवासीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएं पहुंचे इसरो

## अंतरिक्ष विज्ञान तथा इसरो की ज्ञानवर्धक कार्यशालाओं को देखने का मिला मौका

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**जो** बच्चे कल तक अच्छी शिक्षा को तरस रहे थे, वही बच्चे आज भारत की अंतरिक्ष विज्ञान की सबसे बड़ी एजेंसी इसरो में अंतरिक्ष के रहस्य जान रहे हैं। इन बच्चों को ये बहूमूल्य अवसर दिलाया है प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने।अटल आवासीय विद्यालयों के मेधावी छात्र एवं छात्राएं इन दिनों इसरो के स्पेस एप्लीकेशन सेंटर (एसएसी) का शैक्षिक भ्रमण करने के लिए अहमदाबाद गए हुए हैं। यहां इन छात्र-छात्राओं को इसरो के वैज्ञानिकों के माध्यम से अंतरिक्ष विज्ञान तथा इसरो से संबंधित ज्ञानवर्धक कार्यशालाओं में सम्मिलित होने का अवसर मिल रहा है। प्रदेश में संचालित 18 अटल आवासीय विद्यालयों में बीते दिनों उत्कृष्ट अटल प्रोग्राम के माध्यम से अंतरिक्ष विज्ञान, मशीन क्रिएशन और ड्रोन टेक्नोलॉजी जैसी एडवांस एक्टिविटीज का आयोजन किया गया था। 15 दिनों तक चले विशेष कार्यक्रम में छात्रों ने विषय विशेषज्ञों से अंतरिक्ष के रहस्यों के साथ ही भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों के बारे में भी जाना, जबकि कई छात्र-छात्राओं द्वारा ऑटोमैटिक लाइट, स्मार्ट ब्लाइंड स्टिक, स्मार्ट डस्टबिन और फुल रोवर ड्रोन के उत्कृष्ट मॉडल बनाकर अपनी रचनात्मकता भी प्रदर्शित की गई। इस कार्यक्रम के तहत इन विद्यालयों में स्पेस आर्ट और बेस्ट प्रोडक्ट डेवलपमेंट कांप्टीशन में विजेता रहे प्रत्येक विद्यालय से एक छात्र/छात्रा को विज्ञान रत्न की उपाधि दी गई तथा सभी विजेता छात्र-छात्राओं को इसरो (एसएसी), अहमदाबाद का भ्रमण कराया गया। यहां इसरो के वैज्ञानिकों के माध्यम से उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान तथा इसरो से संबंधित ज्ञानवर्धक कार्यशालाओं में जाने का अवसर प्राप्त हुआ।

### अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित सवालों के जवाब देकर साबित की प्रतिभा

**शैक्षिक** भ्रमण के दौरान इसरो (एसएसी) के डायरेक्टर निलेश देसाई ने इन छात्र-छात्राओं को अंतरिक्ष के रहस्यों की जानकारी के साथ ही भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों के बारे में भी बताया। इस दौरान दौरान निदेशक इसरो (एसएसी) एवं अन्य वेज्ञानिकों द्वारा छात्र-छात्राओं से कई प्रश्न भी पूछे गए। जैसे, चंद्रयान 2 और चंद्रयान 3 में मुख्य भिन्नता है? इस सवाल का सही जवाब अटल आवासीय विद्यालय वाराणसी की छात्रा श्वेता सत्ते ने दिया। उन्होंने बताया कि चंद्रयान 2 में ऑरबिटर था, परंतु चंद्रयान 3 में नहीं था। इसी तरह सवाल पूछा गया कि 20 जुलाई 1969 का क्या महत्व है? इस पर अटल आवासीय विद्यालय, मुरादाबाद के छात्र सचिन कुमार ने सही जवाब देते हुए बताया कि इसी दिन अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग चांद पर चलने वाले पहले व्यक्ति बने।

### खगोलशास्त्र के इतिहास और आधुनिक अंतरिक्ष मिशनों पर भी की चर्चा

**निदेशक** इसरो (एसएसी) द्वारा छात्रों को अंतरिक्ष अन्वेषण के मूलभूत सिद्धांतों का परिचय दिया गया। खगोलशास्त्र के इतिहास और आधुनिक अंतरिक्ष मिशनों पर चर्चा की गई। इस कार्यशाला ने छात्र-छात्राओं के बीच रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित किया। इसरो के इस कार्यक्रम ने न केवल छात्र-छात्राओं में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि को बढ़ाया, बल्कि उन्हें भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों पर गर्व करने का भी अवसर प्रदान किया। भ्रमण के दौरान अटल आवासीय विद्यालय की महानिदेशक गजल भारद्वाज, अटल आवासीय विद्यालय समिति के अपर सचिव अमित कुमार मिश्रा, विद्यालय के शिक्षक आदि लोग उपस्थित रहे।

# आईआईटी धनबाद में एडमिशन पाने वाले दलित छात्र की मदद करेगी योगी सरकार

● **प्रदेश सरकार ने छात्र की पूरी फीस को स्कॉलरशिप के रूप में देने की घोषणा की**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश के मुजफ्फरनगर के रहने वाले दलित छात्र अतुल कुमार को आईआईटी धनबाद में प्रवेश दिलाने के लिए अब योगी सरकार मदद के लिए आगे आई है। प्रदेश की छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत, समाज कल्याण विभाग आईआईटी में लगने वाली पूरी फीस को स्कॉलरशिप के माध्यम से वहन करेगा, जिससे अतुल की शिक्षा सुनिश्चित की जा सके।

मुजफ्फरनगर जिले के खतौली तहसील के टिटोडा गांव के निवासी राजेंद्र कुमार, जो एक दिहाड़ी मजदूर हैं,के बेटे अतुल कुमार का आईआईटी धनबाद में प्रवेश फीस जमा न हो पाने के कारण रुक गया था। अतुल ने आईआईटी जेईई परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग शाखा में सीट पाई थी, लेकिन 24 जून तक फीस जमा न कर पाने के कारण उसका एडमिशन अटक गया। परिवार ने सभी प्रयास करने के बाद सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप और मामले के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संज्ञान में आने के बाद सरकार ने छात्र की पूरी मदद करने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने तुरंत निर्देश देते हुए अतुल के लिए हरसंभव सहायता सुनिश्चित करने को कहा। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने छात्र के परिजनों से फोन पर बात की और उन्हें आश्वासन दिया कि राज्य सरकार छात्र की पूरी पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। साथ ही, योगी सरकार ने आईआईटी धनबाद से भी संपर्क कर एडमिशन प्रक्रिया को पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की इस पहल के अंतर्गत, न केवल छात्र अतुल की शुरुआती फीस जमा की जाएगी, बल्कि चार साल की पूरी पढ़ाई के दौरान लगने वाली फीस भी स्कॉलरशिप के माध्यम से दी जाएगी।

# बीबीएयू में गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर मनाया गया स्वच्छ भारत दिवस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**बाबासाहेब** भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में बुधवार को को स्वच्छता अनुभाग, राष्ट्रीय कैडेट कोर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एन.एम.पी. वर्मा ने की। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसके पश्चात कुलपति द्वारा स्वच्छता ही सेवा-2024 के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं अन्य सफाई सेवकों को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कुलपति प्रो. एन.एम.पी. वर्मा ने सभी को स्वच्छता का संदेश देते हुए कहा कि स्वच्छता एक अच्छी आदत है जो हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है। दूसरी ओर स्वच्छता ही सेवा - 2024 अभियान के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा स्वच्छता के प्रति सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। हम सभी का कर्तव्य वह अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाकर इस अभियान में अपना योगदान दें। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी 67 यूपी बटालियन एवं 20 यूपी गर्ल्स बटालियन, एनएसएस एवं सफाई सेवकों द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में जगह - जगह स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत मुख्य तौर पर अशोका छात्रावास एवं करूणा ताल के आसपास के क्षेत्र को साफ किया गया। इसके अतिरिक्त स्वच्छता अनुभाग की ओर से सफाई सेवक सुलता की पुत्री पल्लवी को नीट परीक्षा को उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ उत्तीर्ण करने हेतु कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रॉक्टर प्रो. संजय कुमार, डीएसडब्ल्यू प्रो. बी.एस. भदौरिया, प्रो. शिल्पी वर्मा, प्रो. बी.सी. यादव, विश्वविद्यालय प्रभारी सेनीटेशन डॉ. रवि शंकर वर्मा, एसोसिएट एनसीसी अधिकारी डॉ. मनोज कुमार डडवाल, डॉ. बलजीत श्रीवास्तव, डॉ. अनिल कुमार यादव, अन्य शिक्षक, एनसीसी एवं एनएसएस के सदस्य, सफाई सेवक एवं विद्यार्थी मौजूद रहें ।

# महान विभूतियों का सिद्धान्त हमारी आने वाली पीढ़ियों का करेगा मार्गदर्शन

● **राजभवन अध्यासित बच्चे एवं भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के कलाकारों द्वारा बापू के प्रिय भजन किये गये प्रस्तुत**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को राजभवन में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उनके चित्रों एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर नमन किया और सभी को बधाई दी। राज्यपाल के साथ अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे, विशेष सचिव श्रीप्रकाश गुप्ता सहित राजभवन के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

इस अवसर पर राजभवन के गाँधी सभागार में राजभवन अध्यासितों के बच्चों ने बापू के प्रिय भजन रामधुन, ओम तत्सत एवं वैष्णव जन प्रस्तुत किये तथा सह-प्रस्तुतियां भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ के कलाकारों ने दीं। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे ने गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर बधाई देते हुए कहा कि इन महान विभूतियों का सिद्धान्त एवं देश के लिए योगदान हमारी तथा आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि इन विभूतियों के विचार एवं मूलभूत मानव मूल्यों की प्रासंगिकता आज भी है। उन्होंने महात्मा गांधी जी के सत्याग्रह, अहिंसा एवं सविनय अवज्ञा के सिद्धांतों की चर्चा करते हुए कहा कि देश की नीतियों का निर्धारण इन्हीं मूल्यों पर हुआ है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता के रामराज्य एवं ग्राम पंचायत की आधारशिला वर्तमान समय में ग्राम विकास हेतु महत्वपूर्ण है तथा जब तक गांव का विकास नहीं होगा तब तक विकास की परिकल्पना पूरी नहीं होगी। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि स्वच्छता सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत राजभवन में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिससे राजभवन में सामूहिकता की कार्य संस्कृति विकसित हुई। उन्होंने राजभवन कार्मिकों को सेवा पखवाड़े में अपना सक्रिय सहभाग देने हेतु धन्यवाद दिया एवं कहा कि भारत की विविधता को ध्यान में रखते हुए विकास को लक्षित कर सामूहिक सौहार्द के साथ कार्य किया जाना चाहिए।

# लखनऊ में डेंगू के 49 रोगी मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लखनऊ** जनपद में डेंगू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। बुधवार को लखनऊ में डेंगू के 49 रोगी मिले हैं। जिन इलाकों से रोगियों के मिलने की पुष्टि हुई है, उनमें रेडक्रास-1, टूडियागंज-4, सिल्वर जुबली-6, चिनहट-3, इन्दिरानगर-10, चन्दरनगर-7, ऐशबाग-3, इटौजा-1, गोसाईगंज-2, सरोजनीनगर-1, अलीगंज-9, बीकेटी-2 शामिल हैं। माह जनवरी 2024 से अब तक जनपद में डेंगू के कुल 585 धनात्मक रोगी पाये गये।

नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीमों द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलो/भवनों का निरीक्षण किया गया तथा लार्वा रोधी रसायन का छिडकाव किया गया। क्षेत्रीय जनता को घर के आस-पास पानी जमा न होने, पानी से भरे हुए बर्तन एवं टंकियों को ढंक कर रखें, हर सप्ताह कूलर के पानी को खाली करके साफ कपड़े से पोछ कर सूखा एवं साफ करने के बाद ही पुनः प्रयोग में लाने, पूरी बांह के कपड़े पहनने, बच्चों को घर से बाहर न निकलने, मच्छर रोधी क्रीम लगाने एवं मच्छरदानी में रहने तथा डेंगू एवं मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु क्या करें, क्या न करें सम्बंधित स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गयी।

# एलयू में महात्मा गांधी व शास्त्री को किया गया याद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लखनऊ** विश्वविद्यालय के टैगोर लॉन स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जयंती के अवसर पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार ने महात्मा गांधी को याद किया। राजनीति विज्ञान विभाग के शिक्षक डॉक्टर तुंगनाथ ने राष्ट्रपिता के विचारों से उपस्थित लोगों को अवगत कराया।

समाज कार्य विभाग की डॉक्टर गरिमा सिंह और डॉक्टर अन्विता वर्मा ने गांधी जी के प्रिय भजन वैष्णव जन.... को गाकर सुनाया और उसके बाद राष्ट्रगान हुआ। तत्पश्चात कुलपति ने सफाई कर्मियो और राष्ट्रीय स्वयंसेवक योजना के छात्र-छात्राओं से भी मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने लाल बहादुर छात्रावास में स्थित भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जन्म जयंती के अवसर पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# राजभवन में आयोजित हुआ फैशन-शो

● **राजभवन में 'स्वच्छता सेवा पखवाड़ा-2024' का समापन समारोह हुआ आयोजित**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में राजभवन में बुधवार को 'स्वच्छता सेवा पखवाड़ा-2024' का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पर पर्यावरण विषय पर आधारित फैशन-शो का आयोजन, उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाईकर्मियों का सम्मान तथा उन्हें सामाजिक योजना से लाभान्वित किया जाना तथा सेवा पखवाड़ा के दौरान राजभवन में आयोजित विविध प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को अपर मुख्य सचिव राज्यपाल, डॉ सुधीर महादेव बोबडे एवं प्रमुख सचिव खादी एवं ग्रामोद्योग आलोक कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। फैशन-शो में राजभवन के आवासित एवं उम्मीद संस्था के बच्चों ने प्रतिभाग किया। इसमें बच्चों ने वन्य जीवों, सब्जियों, फल, फूल एवं प्रकृति के विभिन्न पहलुओं को आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया। फैशन-शो में खादी एवं बायोडिग्रीडेबल परिधानों को आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया गया। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले 5 सफाईकर्मियों को अपर मुख्य सचिव, राज्यपाल ने सम्मानित किया तथा 11 सफाईकर्मियों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाएं यथा वृद्धावस्था पेंशन, मनरेगा कार्ड, राशन कार्ड, आधार कार्ड आदि योजनाओं से लाभान्वित किया।

# गांधी जी के पदचिन्हो पर चलते हुए उनका अनुसरण करना चाहिए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**किंग** जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ के गांधी स्मारक एवं सम्बद्ध चिकित्सालय में बुधवार को 155वीं गाँधी जयन्ती का आयोजन किया गया। इस आयोजन में डा बीके ओझा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, केजीएमयू व डा सुरेश कुमार, चिकित्सा अधीक्षक, केजीएमयू द्वारा चिकित्सा विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति, उप-कुलपति, कुलसचिव, वित्त अधिकारी, कुलानुशासक, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, ट्रामा सेन्टर तथा उपस्थित अन्य गणमान्य अतिथियों का पुष्प गुच्छ से अभिवादन किया गया। इसके पश्चात मुनाल संस्था द्वारा गांधी जी की रामधुन रघुपति राघव राजाराम तथा वन्दना की गई।

कुलपति के साथ गणमान्य अतिथियों द्वारा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कुलसचिव द्वारा गांधी जी द्वारा किये गये कार्यों पर प्रकाश डालने के साथ ही स्वच्छता अभियान में ज्यादा से ज्यादा भागी बनने पर जोर दिया गया। उपस्थित अधिकारियो/ कर्मचारियों/ छात्रों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि हम सभी को गांधी जी के पदचिन्हो पर चलते हुए उनका अनुसरण करना चाहिए तथा साथ ही विश्वविद्यालय में इस परम्परा को बनाये रखने के लिए कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहने चाहिए।

इस अवसर पर कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सेनेट्री अटेंडेंट को प्रशस्ति पत्र व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा कार्यक्रम के पश्चात कुलपति के साथ गणमान्य अतिथियों द्वारा सफाई कर्मचारियों के साथ भोजन भी ग्रहण किया गया। इससे सभी कार्यरत कर्मियों का मनोबल बढ़ा तथा एक स्वच्छ संदेश प्रशासन के प्रति प्रसारित हुआ। कुलपति ने इस समस्त कार्यक्रम की सराहना करते हुए डा बीके ओझा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक व डा सुरेश कुमार, चिकित्सा अधीक्षक की प्रशंसा की। सभा के अंत में डा केके सिंह, अध्यक्ष, टीचर एसोसिएशन द्वारा सभी विशिष्ट अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# झाड़ू लेकर गलियों में उतरे सीडीओ, स्वच्छता चौराहे विकसित करने के दिए निर्देश

**मोहनलालगंज।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर बुधवार को कटरा बक्कास गांव में स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जनसहभागिता के जरिए व्यापक साफ सफाई रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सीडीओ अजय जैन और डीपीआरओ हिमांशु शेखर ठाकुर की अगुवाई में बीडीओ आशुतोष श्रीवास्तव व एडीओ पंचायत कमल किशोर शुक्ल ने ग्रामीणों के साथ मिलकर झाड़ू लगाकर कचरे और गंदगी की सफाई की। सीडीओ ने लोगों से स्वच्छता की गतिविधियों को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने की अपील की। इस दौरान सभी ने पंचायत भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वच्छता पर लाइव संबोधन सुना। सीडीओ ने सचिव विनोद गौड़ और प्रधान को गांव में सर्वाधिक कचरे वाले स्थान चिन्हित कर वहां व्यापक सफाई कराने के बाद पौधरोपण कराकर स्वच्छता चौराहे के तौर पर विकसित करने के निर्देश दिए। वहीं मोहनलालगंज ब्लॉक में बीडीओ आशुतोष श्रीवास्तव ने प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ल के साथ स्वच्छता अभियान के तहत व्यापक साफ सफाई की।

# धार्मिक आयोजनों में अश्लील नृत्य पर लगाएं पाबंदी सीसीटीवी की निगरानी में हों आयोजन

● **पीस कमेटी की मीटिंग में एसएचओ आलोक राव और एसीपी रजनीश वर्मा ने गिनाई सावधानियां**

**मोहनलालगंज।** धार्मिक आयोजनों में अश्लील नृत्य पर पाबंदी बेहद जरूरी है। आयोजक इस बात का खास ख्याल रखें कि किसी की भी धार्मिक भावनाएं आहत नही होनी चाहिए। मोहनलालगंज कोतवाली में बुधवार को आगामी त्योहारों को लेकर आयोजित पीस कमेटी की मीटिंग में एसीपी रजनीश वर्मा ने आयोजको को इस बात का खास ख्याल रखने की हिदायत दी। एसीपी ने दुर्गा पूजा और दशहरा मेला आयोजन स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। ताकि शरारती तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा सके। एसीपी ने कहा पंडाल इस तरह बनाए जाएं की यातायात बाधित न हो। उन्होंने नशे के लती और अवांछित तत्वों का पंडाल में प्रवेश प्रतिबंधित करने और किसी भी तरह की समस्या होने पर फौरन पुलिस को सूचना देने की अपील की। धार्मिक आयोजनों से पूर्व अनिवार्य रूप से अनुमति लेने और लाउडस्पीकर का शोर नियंत्रित रखने के लिए ताकीद किया गया।एसएचओ आलोक राव ने विसर्जन यात्रा में नाबालिग को वाहन नही देने और पंडालों में आग से बचाव के पुख्ता इंतजाम रखने के निर्देश दिए।

# स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करें

**लखनऊ।** प्रदेश के पंचायतीराज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। राजभर बुधवार को पंचायतीराज निदेशालय अलीगंज में आयोजित स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के समापन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मंत्री ने कहा कि स्वभाव में स्वच्छता, संस्कार में स्वच्छता लाना होगा तभी हमारा प्रदेश स्वच्छता के लक्ष्य को हासिल कर सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वच्छता का जो अभियान चलाया है, उसको सफल बनाकर हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों का आह्वान किया कि विभाग को नंबर वन बनाने के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता कार्य में लगे पांच जनपदों लखनऊ, बाराबंकी, उन्नाव, सीतापुर और रायबरेली के 10-10 सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं शाल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर निदेशक पंचायती राज अटल कुमार राय, संयुक्त निदेशक आरएस चौधरी, उपनिदेशक पंचायती राज एसएन सिंह, योगेन्द्र कटियार, अभय कुमार शाही सहित अन्य उपस्थित रहे।

# आम आदमी के साथ पूर्व माननीय के लिए बनी मुसीबत, बिल बनवाने में छूट रहे पसीने

**पीएम सूर्य घर योजना**

● **मीटर रीडर खड़े कर रहे हाथ नेट मीटर का वीडियो मांग रहे अधिकारी**

**संवाददाता।** मोहनलालगंज



**केस -01** नगर पंचायत के गौरा निवासी पूर्व प्रधान प्रमोद द्विवेदी ने बताया उन्होंने अपने घर पर 4 किलोवाट का ऑनग्रिड सोलर कनेक्शन करा रखा है। लेकिन मीटर रीडर के हाथ खड़े करने से उन्हें बिल बनवाने के लिए नेट मीटर का वीडियो लेकर हर माह एक्सइएन ऑफिस की परिक्रमा करनी पड़ रही है। उन्होंने पॉवर कार्पोरेशन से जल्द समस्या दूर कराने की मांग की।

**केस -02** मोहनलालगंज के पूर्व विधायक अंबरीश सिंह पुष्कर ने बताया उन्होंने बिंदौवा में अपने घर पर 2017 में 5 किलोवाट का ऑनग्रिड सोलर कनेक्शन कराया था। लेकिन उसका बिल बनवाने में उन्हें बेहद परेशानी हो रही है। पूर्व विधायक ने बताया एसडीओ और एक्सइएन से अनगिनत बार शिकायत करने के बावजूद उन्हें नियमित बिल नही मुहैया कराया जा रहा है। अलबत्ता विभाग ने उनके बिल में भी गड़बड़ी कर दी है।

**केस -03** मोहनलालगंज कस्बे की पुष्पा द्विवेदी ने अपने घर पर पीएम सूर्यघर योजना से 3 किलोवाट का ऑनग्रिड सोलर कनेक्शन करा रखा है। पुष्पा ने बताया योजना से तो लाभ मिल रहा है लेकिन बिल बनवाने में काफी परेशानी हो रही है। मीटर रीडर बिल नही बना रहे और एसडीओ व एक्सइएन ऑफिस जाने पर नेट मीटर का वीडियो बनाकर लाने के लिए कहा जाता है। जिसे लेकर उनके परिवार को चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

मोहनलालगंज खण्ड में बिजली बिल बचाने के लिए लोग बढ़ चढ़कर ऑन ग्रिड सोलर कनेक्शन करा रहे हैं। अकेले प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से ही अब तक समूचे खण्ड में तकरीबन छह सौ ऑन ग्रिड सोलर कनेक्शन हो चुके हैं। इसके अतिरिक्त बिना सब्सिडी के भी कई लोगों ने पूर्व से ही ऑन ग्रिड सोलर कनेक्शन करा रखें हैं। इन उपभोक्ताओं के यहां नेट मीटर भी लगाए जा चुके हैं। लेकिन बिलिंग सॉफ्टवेयर में ऑन ग्रिड सोलर कनेक्शनों की बिलिंग की व्यवस्था नही होने से मीटर रीडर ऐसे उपभोक्ताओं के बिजली बिल नही बना पा रहे हैं। लिहाजा उपभोक्ताओं को हर माह नेट मीटर का वीडियो बनाकर सब डिवीजन से लेकर डिवीजन ऑफिस तक के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। इतना ही नही उपभोक्ताओं की मानें तो कई बार सर्वर की समस्या बताकर उपभोक्ताओं को अगले दिन आने का कहकर वापस लौटा दिया जाता है। लेकिन उपभोक्ताओं की तमाम शिकायतों के बावजूद अधिकारी अब तक इस समस्या का कोई निराकरण नही करा सके हैं। मुख्य अभियंता रजत जुनेजा ने बताया उपभोक्ताओं को वाकई समस्या हो रही है। जिसे लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। उपभोक्ताओं को जल्द से जल्द इस समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

# गांधी आश्रम में 108 दिन तक खादी के उत्पादों पर 25 फीसदी छूट दी जाएगी: योगी

## गांधी आश्रम में चलाया चरखा, ऑनलाइन पेमेंट कर की खरीदारी, झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश





**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी आजादी के महानायक थे। महात्मा गांधी द्वारा राष्ट्र और मानवता के लिए किए गए उनके योगदान के प्रति देश कृतज्ञता ज्ञापित कर रहा है। मान्यता थी कि ब्रिटिश साम्राज्य का सूर्य कभी अस्त नहीं होता था, लेकिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में चला आजादी का आंदोलन उनके सूर्य को अस्त करने में सफल रहा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महात्मा गांधी की जयंती पर क्षेत्रीय गांधी आश्रम में अपने विचार रखे। यहां उन्होंने चरखा चलाया और भजनों का आनंद लिया। सीएम ने यहां खादी के वस्त्रों की खरीदारी भी की। फिर ऑनलाइन योगी ने कहा कि स्वदेशी जब तक भारत की आजादी का मंत्र नहीं बना था, तब तक आजादी की लड़ाई एकजुट होकर नहीं दिख रही थी। भारत की आजादी के आंदोलन के साथ महात्मा गांधी का जुड़ना और उसे स्वदेशी के साथ जोड़ने का जो अभियान रहा, इससे आजादी के लिए हर नागरिक के मन में गौरव व स्वावलंबन का भाव जागृत हुआ। खादी उसका प्रतीक बना। योगी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छता के प्रति उन अभियानों को ऊंचाई देना है, जिनकी प्रासंगिकता न केवल 100 वर्ष पहले, बल्कि आज भी उसी रूप में बनी है। जिस मिशन को पीएम मोदी ने दस वर्ष पहले प्रारंभ किया थाा, वह आज भी नई ऊंचाई को प्राप्त करता हुआ दिखाई दे रहा है। देश में 12 करोड़ से अधिक घरों में शौचालयों का निर्माण न केवल स्वच्छता के प्रति उनके आग्रह, बल्कि नारी गरिमा के गौरव को बढ़ाने का अभियान भी है। नारी सशक्तिकरण के बिना समाज को स्वावलंबी नहीं बना सकते। स्वच्छता, नारी सशक्तिकरण, स्वदेशी व स्वावलंबन के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के वचनों की प्रासंगिकता आज भी बनी है। योगी ने कहा कि जो भी देश शक्तिशाली व सामर्थ्यवान बने हैं, उन्होंने सर्वप्रथम आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त किया। अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, जापान ने अपनी उद्यमिता को बढ़ाया है। वहीं देश में पीएम मोदी का 'वोकल फॉर लोकल' भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वदेशी अभियान को नई ऊंचाई प्रदान करने का कार्यक्रम है। योगी ने कहा कि नया भारत महात्मा गांधी के मूल्यों व आदर्शों से प्रेरणा प्राप्त करते हुए निरंतर बढ़ रहा है।

## सादगी, सदाचार, शुचिता के प्रतीक पुरुष थे लाल बहादुर शास्त्रीः मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस पर उन्हें नमन किया। सीएम योगी ने शास्त्री भवन पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। इस दौरान विधान परिषद सदस्य महेंद्र सिंह, लालजी प्रसाद निर्मल, मुख्य सचिव मनोज सिंह आदि मौजूद रहे। सीएम योगी ने खादी आश्रम में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि शास्त्री राष्ट्रपिता के अनन्य भक्त व अनुयायी थे। वे गांधी के आह्वान पर देश के आजादी के आंदोलन में जुड़े थे। उन्हें 1964 में प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ। देश खाद्यान्न सुरक्षा के मामले में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त कर सके, उसका परिणाम शास्त्री जी के छोटे कार्यकाल के दौरान भी देखने को मिला। योगी ने कहा कि 1965 में दुश्मन देश द्वारा थोपे गए युद्ध का जवाब भारत ने तेजस्विता के साथ दिया था। यह देश के उस स्वरूप को दिखाता है कि विश्व मानवता के कल्याण के लिए कार्य करेंगे, लेकिन हमारी सीमाओं पर कोई अतिक्रमण करेगा तो उसका मुंहतोड़ जवाब भी देंगे। शास्त्री के नेतृत्व में उस समय भारत ने भी अपने पराक्रम का परिचय दुश्मन देश को कराया और विश्व के सामने भारत को वैश्विक ताकत के रूप में स्थापित करने में योगदान दिया। अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि सादगी, सदाचार, शुचिता व कर्तव्यनिष्ठा के प्रतीक पुरुष थे। 'जय जवान-जय किसान' के उद्घोष से राष्ट्र में नवचेतना का संचार करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री, 'भारत रत्न' लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें सादर नमन। सीएम ने लिखा कि भारतीय राजनीति में सादा जीवन-उच्च विचार सिद्धांत के श्रेष्ठतम प्रतीक पुरुष थे। वे लोकतंत्र की 'पाठशाला' थे।

# शहरों की स्वच्छता, सुंदरीकरण का कार्य रुकना नहीं चाहिए: एके शर्मा

● नगर विकास मंत्री ने 600 केएलडी क्षमता व 35 लाख रुपए लागत की मोबाइल सेप्टिक ट्रीटमेंट यूनिट को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नगर** विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी देश के सबसे बड़े स्वच्छाग्रही और आधुनिक भारत में स्वच्छता के प्रखर प्रणेता थे। स्वच्छता को स्वभाव और संस्कार में स्थापित करना और अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना ही उन्हें सच्ची स्वच्छांजलि होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बापू के स्वच्छता संकल्प को जन-जन तक पहुंचाया। मंत्री शर्मा ने गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस के तहत् नगरीय निकाय निदेशालय में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग कर अपने संबोधन में यह बात कही।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कार्यक्रम में सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर नमन किया। उसके पश्चात् मंत्री श्री शर्मा ने 600 केएलडी क्षमता और 35 लाख रुपए लागत की मोबाइल एफएसटीपी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मंत्री शर्मा ने सारथी क्लब के छात्रों द्वारा स्वच्छता पर आधारित बनाये गए पोस्टर/पेंटिंग प्रदर्शिनी का फीता काटकर उदघाटन किया और प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्रों को प्रशस्ति पत्र व पुरुष्कार देकर सम्मानित भी किया। साथ ही स्वच्छता के कार्यों में पूरी लगन से जुटे सफाई मित्रों को भी शाल भेंटकर और सफाई किट देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा और प्रधानमंत्री का उद्बोधन भी सुना और उपस्थित छात्रों को स्वच्छता का सारथी बनने का आह्वान किया। नगर विकास मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के नगरों को स्वच्छ और सुन्दर बनाने के लिए नगर विकास विभाग द्वारा 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा अभियान सभी 762 निकायों में चलाया गया। यह अभियान स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता थीम को लेकर सफाई करने के साथ ही आम जनमानस के स्वभाव और संस्कार में स्वच्छता और उसके मूल्यों को स्थापित करना था।

### स्वच्छता थीम आधारित पेंटिंग-पोस्टर प्रदर्शिनी में इन बच्चों का हुआ सम्मान

**मंत्री** एके शर्मा ने लखनऊ के नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेंद्र नगर की सेजल सिंह, अंशिमा आनंद, जोया खान, निष्ठा श्रीवास्तव और मुस्कान मिश्रा, अटल बिहारी बाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज की पूजा निषाद, अनुष्का राजपूत, सोनी यादव कार्तिकेय कक्कड़ और जीतन, अमीनबाद इंटर कॉलेज के आदर्श गुप्ता, आदित्य, राहुल पाल, मनीष मौर्य और यश गुप्ता को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया। वहीं गोसाईगंज की अलकशा बनो, अमेठी नीरज कश्यप और कविता, मोहनलालगंज के युवराज कौशल और रणवीर, मलिहाबाद की पंखुड़ी और हर्षित विश्वकर्मा, काकोरी की मोनी और प्रियांसी, बीकेटी की राधा मिश्रा, हर्ष रावत, निखिल प्रताप सिंह को भी प्रशस्ति पत्र और उपहार से सम्मानित किया।

## गांधी जयंती पर भाजपा विधायक ने लगवाए 100 से अधिक सदस्यता शिविर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सरोजनीनगर** विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा बुधवार को गांधी - शास्त्री जयंती के अवसर पर शक्ति केंद्र स्तरीय सदस्यता अभियान संचालित किया गया। सदस्यता अभियान के अंतर्गत सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के सभी 6 मंडलों सरोजनीनगर दक्षिण प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा सरोजनीनगर, अर्जुनगंज और खुशहालगंज में 100 से अधिक सदस्यता शिविर आयोजित किए गए। सदस्यता शिविरों पर पार्टी द्वारा उपलब्ध कराए गए नंबर पर मिसकॉल और नरेंद्र मोदी डॉट ओआरजी वेबसाइट पर क्लिक के माध्यम से बड़ी संख्या में उत्साहित युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की और राष्ट्र प्रथम की विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। बता दें कि सरोजनीनगर विधायक द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर 25 सितंबर को सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में बूथ स्तरीय सदस्यता अभियान संचालित कर 550 से अधिक सदस्यता शिविर लगवाए गए थे।

## दास्तान-ए-हिंदुस्तान का किया गया मंचन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**अखिल** भारतीय सांस्कृतिक संस्थान, लखनऊ (एबीएसएस) द्वारा प्रस्तुत यह नाटक 34वें गांधी जयंती नाट्य महोत्सव 2024 के अवसर पर राजेंद्र तिवारी के लेखन एवं निर्देशन में बुधवार को गांधी भवन प्रेक्षागृह, गांधी भवन, कैसरबाग में मंचित किया गया। अभसांस लगातार 34 वर्षों से गांधी जयंती के अवसर सांकृतिक कार्यक्रम का आयोजन करती आ रही है। जिसमे लखनऊ, हरदोई, मुंबई एवं देश के लगभग सभी क्षेत्रों के कलाकार शामिल होते हैं।

यह नाटक भारत देश की आजादी के लिए लड़ रहे क्रांतिकारियों के जीवन पर आधारित है। जिसमे गांधी जी के आंदोलन और अन्य देशभक्त भगत सिंह, राज गुरु, सुखदेव जैसे क्रांतिकारियों के बलिदान को दिखाया गया है। अंग्रेजों के अत्याचार से, उनकी गुलामी से देश को आजाद होने के सफर में कई राहें अलग अलग मोड़ पर जाकर आपस में मिलीं। कई क्रांतिकारी देश को आजाद कराने के लिए अलग अलग राहों से निकल पड़े लेकिन उनकी मंजिल एक ही थी और वो थी सिर्फ और सिर्फ देश को आजाद कराना। भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु जैसे क्रांतिकारी अपनी योजना के अनुसार असेंबली पर बम फोड़ते है। जिसके कारण उन्हें गिरफ्तार किया जाता है। भगत सिंह समूह के क्रांतिकारी गांधी जी से मिलकर भगत सिंह को आजाद कराने की बात करते हैं। लेकिन भगत सिंह अपने देश में लोगों के अंदर देशभक्ति की भावना को जगाने के लिए कोर्ट में बहुत ही जोर जोर से अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ अपनी बात रखते हैं। अंग्रेजों को देश छोड़कर भाग जाने को कहते हैं लेकिन कोर्ट की तरफ से भगत सिंह और उनके दोनो साथी को फांसी की सजा सुनाई जाती है। समय से पहले ही फांसी होने के खबर मिलने के बाद क्रान्तिकारी आगबबुला हो जाते हैं और भारत को आजाद कराने के लिए बहुत तेजी से लड़ाई लड़ने लगते है। ऐसे ही क्रान्तिकारियों की कहानी है दास्तान-ए-हिंदुस्तान! इसमें मुख्य कलाकारों में प्रदीप श्रीवास्तव, साकेत राय, दीपक यादव, प्रतीक्षा गुप्ता, अक्षयरिका, देविका पटेल, ध्रुव, धैर्य, संगीता मिश्र, काव्या मिश्रा, अविषेक राज, के के अवस्थी, हेमंत सिंह, आनंद शुक्ला, परशुराम, कार्तिक, संदीप मिश्रा, सूर्य प्रधान, अरुण बिरो, रंजन, शिवदान, संजय, अभय, नकुल, विशाल दुबे, संतोष, आदि 30 से अधिक कलाकार शामिल थे। यह कार्यक्रम अंजना तिवारी, अमित तिवारी, के के अवस्थी, ललित पांडेय, राकेश वर्मा, राकेश तिवारी, आदि के सहयोग से एवं अश्विनी शुक्ला व निष्ठा तिवारी के प्रबंधन में संपन्न हुआ।

## बापू व लाल बहादुर के पद चिन्हों पर चलने का लिया संकल्प

**राम सनेही घाट।** बाराबंकी

**राष्ट्रपिता** महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर बाराबंकी की राम सनेही घाट तहसील में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम राम सनेही घाट राम आसरे वर्मा समेत अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। विचार गोष्ठी से पहले एसडीएम वर्मा ने लाल बहादुर शास्त्री और महात्मा गांधी के चित्रों पर माल्यार्पण किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहाकि आज पूरे प्रदेश में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है और इस अवसर पर तहसील प्रांगण में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसके तहत पूरे परिसर को साफ सुथरा करके कर्मचारियों को जागरूक किया गया कि वह अपने परिसर को साफ रखे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के माध्यम से हम लोग स्वच्छ और स्वस्थ समाज निर्माण का संदेश दे रहे हैं। महात्मा गांधी जी के स्वच्छता मिशन को



धरातल पर उतारने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं । स्वच्छता पखवाड़े में जन सामान्य को जोड़कर स्वच्छता का मिशन पूरा रहे हैं। बापू ने राष्ट्र के लिए जो सपना देखा था उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरा कर रहे हैं। सत्य और अहिंसा का मार्ग बापू ने भारतवर्ष को दिखाया आज सारी दुनिया उसका अनुसरण कर रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी हमारे आदर्श हैं। उनके द्वारा जो सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर भारत को आजाद कराने का प्रयास किया गया उसका कीर्तिमान भारत देश के अलावा तमाम अन्य देशों में प्रख्यात है। महात्मा गांधी भारत एवं भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन के एक प्रमुख राजनैतिक एवं आध्यात्मिक नेता थे, सच में वह संत थे। उनके आजादी के विचार और आजादी पाने के लिए किए गए प्रयोग सत्याग्रह सविनय अवज्ञा के माध्यम से अत्याचार के प्रति आंदोलन ने पूरे विश्व को एक रास्ता दिखाया। उनके इस अवधारणा की नींव सम्पूर्ण अहिंसा के सिद्धांत पर रखी गयी थी। जिसने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम चलाकर पूरे विश्व में जनता के नागरिक अधिकारों एवं स्वतन्त्रता के प्रति आन्दोलन के लिए प्रेरित किया।

## काम आई सख्ती व प्रोत्साहन की नीति, सात साल में 46 फीसद घटीं पराली जलाने की घटनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पराली** जलाने को लेकर योगी सरकार की सख्ती और प्रोत्साहन की नीति कामयाब रही। दरअसल, योगी सरकार किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान और जलाने की बजाय उनकी कम्पोस्टिंग करने या सीड ड्रिल से पराली के बीच ही बिना जोते ही गेहूं बोने से होने वाले लाभ को समझाने में सफल रही।

इस नीति की वजह से सात वर्षों में पराली जलाने की घटनाओं में करीब 46 फीसद की कमी आई है। 2017 में पराली जलाने की 8784 घटनाएं हुई थीं। 2023 में ये घटकर 3996 हो गईं। किसानों को जागरूक करने का यह सिलसिला इस सीजन में भी जारी है। साथ ही सरकार पराली की खेत में ही कम्पोस्टिंग के लिए 7.5 बायो डी कंपोजर भी उपलब्ध करवा रही है। एक बोतल डी कंपोजर से एक एकड़ खेत की पराली की कम्पोस्टिंग की जा सकती है। मालूम हो कि पराली जलाने पर 15 हजार रुपये जुर्माने का प्रावधान है। अगर आप कटाई के बाद धान की पराली जलाने की सोच रहे हैं तो रुकिए और सोचिए। आप सिर्फ खेत नहीं उसके साथ अपनी किस्मत खाक करने जा रहे हैं। क्योंकि, पराली के साथ फसल के लिए सर्वाधिक जरूरी पोषक तत्व नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश (एनपीके) के साथ अरबों की संख्या में भूमि के मित्र बैक्टीरिया और फफूंद भी जल जाते हैं। शोधों से साबित हुआ है कि बचे डंठलों में एनपीके की मात्रा क्रमश 0.5, 0.6 और 1.5 फीसद होती है। जलाने की बजाय अगर खेत में ही इनकी कम्पोस्टिंग कर दी जाय तो मिट्टी को यह खाद उपलब्ध हो जाएगी। इससे अगली फसल में करीब 25 फीसद उर्वरकों की बचत से खेती की लागत में इतनी ही कमी आएगी और लाभ इतना ही बढ़ जाएगा। भूमि के कार्बनिक तत्वों, बैक्टिरिया फफूंद का बचना, पर्यावरण संरक्षण और ग्लोबल वार्मिंग में कमी बोनस होगा।

## गुरु गोरक्षनाथ की तपस्थली पर आज से होगा मां आदिशक्ति की पूजा का शुभारंभ

● शक्ति मंदिर में गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ करेंगे कलश स्थापना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर

**नाथपंथ** के अधिष्ठाता, शिवावतार गुरु गोरखनाथ की तपस्थली गोरक्षपीठ, 'मां आदिशक्ति' की पूजा के लिए तैयार है। शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा गुरुवार, 3 अक्टूबर को गोरखनाथ मंदिर में गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शाम 5 बजे शक्ति मंदिर में कलश स्थापना करेंगे। इसके साथ ही दस दिवसीय विशेष अनुष्ठान का शुभारंभ हो जाएगा।

गोरक्षपीठ में शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ के साथ ही शक्ति की आराधना की अद्भुत परंपरा है। मठ के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में पूरे नवरात्र (वासंतिक और शारदीय दोनों) अनवरत साधना चलती है। नवरात्र की पूर्णाहुति पर राघव अर्थात भगवान राम का राजतिलक करने की परंपरा अन्यत्र नहीं दिखती। विजयादशमी (दशहरा) पर राघव का राजतिलक करने के लिए गोरक्षपीठाधीश्वर खुद मौजूद रहते हैं। इस शारदीय नवरात्र गोरखनाथ मंदिर में होने वाले पारंपरिक अनुष्ठान के बारे में मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ ने बताया कि शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा पर गुरुवार (3 अक्टूबर) की शाम 5 बजे गोरखनाथ मंदिर में परंपरागत कलश शोभायात्रा निकलेगी। यह यात्रा मंदिर के परम्परागत सैनिकों की सुरक्षा में निकलेगी जिसमें सभी साधु-संत, पुजारी, योगी, वेदपाठी बालक, पुरोहित एवं श्रद्धालु शामिल होंगे। कलश यात्रा में शिव, शक्ति और महायोगी गोरखनाथ के अस्त्र त्रिशूल को मंदिर के मुख्य पुजारी लेकर चलेंगे। परंपरा के अनुसार त्रिशूल लेकर चलने वाले को 9 दिन मंदिर में ही रहना होता है। कलश शोभायात्रा के समापन पर भीम सरोवर के पवित्र जल पूरित कलश की स्थापना मठ के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री कलश योगी आदित्यनाथ द्वारा करने के साथ मां भगवती की विशेष उपासना का शुभारंभ हो जाएगा। योगी कमलनाथ ने बताया कि आदिशक्ति मां भगवती दुर्गा के अनुष्ठान शारदीय नवरात्र तथा सत्य, न्याय एवं धर्म की विजय का पावन पर्व विजयादशमी गोरखनाथ मंदिर में परंपरागत तरीके एवं हर्षोल्लास के साथ आश्विन शुक्ल प्रतिपदा से आश्विन शुक्ल दशमी तक विविध अनुष्ठानों के बीच मनाया जाएगा।

मंदिर के प्रधान पुजारी ने बताया कि मठ में शारदीय नवरात्र में श्रीमददेवीभागवत की कथा एवं दुर्गा सप्तशती का पाठ, प्रतिपदा 3 अक्टूबर से पूरे नवरात्र प्रतिदिन सुबह एवं शाम 4 बजे 6 बजे तक चलेगा। देवी-देवताओं के आह्वान के साथ पूजन-आरती होती रहेगी। 10 अक्टूबर, गुरुवार, अष्टमी की शाम 7 बजे से गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ महानिशा पूजन एवं हवन करेंगे। 11 अक्टूबर, शुक्रवार को शारदीय नवरात्र की महानवमी तिथि के व्रत के साथ पूर्वाह्न 11 बजे से गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुमारी कन्याओं का पांव पखारकर पूजन करेंगे। इस अवसर पर मातृ स्वरूपा कन्याओं के लिए भोज का भी आयोजन होगा और गोरक्षपीठाधीश्वर उन्हें दक्षिणा तथा उपहार भेंट करेंगे। बटुक भैरव के रूप में कुछ बालक भी इस पूजन अनुष्ठान में सम्मिलित होंगे। विजयादशमी के दिन 12 अक्टूबर, शनिवार को सुबह 9:15 बजे गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ, श्रीनाथ जी (गुरु गोरखनाथ) का विशिष्ट पूजन करेंगे। उसके बाद सभी देव विग्रह एवं समाधि पर पूजन होगा। अपराह्न 1 बजे से 3 बजे तक गोरक्षपीठाधीश्वर के तिलकोत्सव का कार्यक्रम चलेगा। उसके बाद 4 बजे से सीएम एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ रथ पर सवार होकर मानसरोवर मंदिर में देव विग्रहों का पूजन एवं अभिषेक करेंगे।

# प्रयागराज में जल्द ही बनेगा डिजिटल कुंभ म्यूजियम

**महाकुंभ-2025**

## 21.38 करोड़ रुपए हुए स्वीकृत, छह करोड़ रुपए की धनराशि जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में दिव्य भव्य महाकुंभ 2025 को सफल बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार एक अहम पहल करने जा रही है। सीएम योगी के विजन अनुसार, प्रयागराज में पर्यटन विभाग 'डिजिटल कुंभ म्यूजियम' बनाने की तैयारी में है जहां श्रद्धालु डिजिटल माध्यमों से समुद्र मंथन देख सकेंगे। इसके अलावा, कुंभ, महाकुंभ सहित अन्य धार्मिक-आध्यात्मिक स्थलों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास करने वाले उत्तर प्रदेश के लिए महाकुंभ- 2025 अवसर और चुनौती दोनों है। ऐसे में, पर्यटन विभाग श्रद्धालुओं को विशिष्ट अनुभव देने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में प्रयागराज में शिवालय पार्क के पास, अरैल रोड नैनी में डिजिटल कुंभ म्यूजियम




बनेगा। इसके लिए 21.38 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं, जिसमें छह करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। संग्रहालय का आकार 10,000 वर्ग मीटर होगा, जिसमें एक साथ 2000 से 2500 लोग भ्रमण कर सकेंगे। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

सीएम योगी के विजन अनुसार, परियोजना के अंतर्गत डिजिटल म्यूजियम में समुद्र मंथन की 14 रत्नों वाली गैलरी बनाई जाएगी। डिजिटल माध्यम से समुद्र मंथन के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। डिजिटल स्क्रीन सहित अन्य माध्यमों से प्रयागराज महाकुंभ-कुंभ, हरिद्वार, नासिक, उज्जैन कुंभ आदि के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। इसके अलावा, लैंडस्केपिंग विकसित की जाएगी। टिकट काउंटर भी बनाया जाएगा।

### वन स्टॉप सॉल्यूशन की तरह कार्य करेगा चित्रकूट टूरिज्म एप

**उत्तर** प्रदेश में स्थित वह पावन तीर्थस्थल जहां पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने अपने वनवास का लगभग 11 वर्ष व्यतीत किया। अगर वहां आप घूमना चाहते हैं तो मोबाइल में चित्रकूट टूरिज्म ऐप इंस्टाल कीजिए। यहां दर्शनीय स्थलों का नाम, महत्व, दर्शन के समय समेत समग्र जानकारी मिल जाएगी। इतना ही नहीं आप कैसे पहुंचेंगे, कहां रुक सकते हैं यह सब एप बताएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि पर्यटकों की सुविधा देखते यह एप विकसित किया गया है। ऐप खोलते ही दर्शनीय स्थलों का नाम और वहां की डिटेल दिखेगी। जैसे रामघाट पर क्लिक करते ही भ्रमण का समय, स्थान का महत्व व इतिहास, तापमान, शहर से दूरी सहित अन्य जानकारी आ जाएगी। इसी तरह अन्य स्थलों की जानकारी भी उपलब्ध है। इसी तरह फेस्टिवल व इवेंट पर क्लिक करने पर महाकुंभ, चित्रकूट महोत्सव, रामनवमी, राष्ट्रीय रामायण मेला आदि की विस्तार से जानकारी दी गई है। महाकुंभ में विशेष स्नान की तिथियां, महत्व आदि के बारे सूचना दी गई है। इसके अलावा स्थानीय प्रसिद्ध खानपान, शापिंग आदि के बारे में बहुत ही गहरी जानकारी दी गई है। ऐप पर कनेक्टिविटी, ठहरने के स्थल समेत नजदीकी पेट्रोल पंप व एटीएम का विवरण भी उपलब्ध होगा।

# श्रद्धापूर्वक मनाई गई महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

संवाददाता। सोनभद्र



**जिलाधिकारी** बीएन सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155वीं जयन्ती समारोह के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्र्यापण कर पुष्प अर्पित किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र, रोहित यादव, उप जिलाधिकारी प्रमोद तिवारी सहित अधिकारी व कर्मचारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया और कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी की राम धून रघुपति राघो राजा राम, पतित पावन सीता राम गाया गया।

इसके पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने उपस्थित जन मानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी भारत देश की ही नहीं पूरे विश्व की धरोहर के रूप में जाने जाते हैं, उन्होंने देश को आजादी दिलाने में अहिंसा का रास्ता अपनाते हुए कठिन संघर्ष करते हुए अंग्रेजों के शासन से मुक्ति दिलाते हुए देश को आजादी दिलायी, उन्होंने कहा कि देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के संघर्षों को जीवन में आत्मसात करने के लिए जिन व्यक्तियों को जो भी जिम्मेदारी दी गयी है, उसका वह संम्यक निर्वाहन करें और समाज के अन्तिम पायदान पर रहने पर वाले व्यक्ति को लाभान्वित करने का हर संभव प्रयास करें। इस मौके पर पूज्य बापू का सपना, देश का संकल्प, स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री के सम्बोधन का कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण दिखाया गया, सजीव प्रसारण को मौके पर उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी व जन मानस ने देखा और सुना। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने 13 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने वाले ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत अधिक लाभार्थियों के उपचार करने वाले चिकित्सकों को डीएम ने प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

# महात्मा गांधी व शास्त्री जी की जयंती पर भाजपा ने किये विभिन्न कार्यक्रम



**सोनभद्र।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व सादगी के प्रतीक लाल बहादुर शास्त्री के जयन्ती पर भाजपा ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये। भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल की अध्यक्षता में दोनो महापुरुषों के चित्र पर भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल जिला प्रभारी अनिल सिंह व चेयरमैन रुबी प्रसाद ने स्वच्छता व माल्यार्पण कर किया। भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने कहा कि 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में जन्मे महात्मा गांधी की अहिंसक नीतियों, नैतिक आधारों, अद्भुत नेतृत्व क्षमता ने और अधिक लोगों को स्वतंत्रता आंदोलन से जोड़ा। उन्होंने सभी धर्मों को एकसमान मानने, सभी भाषाओं का सम्मान करने,पुरुषों और महिलाओं को बराबर का दर्जा देने और दलितों-गैर दलितों के बीच की युगों से चली आ रही खाई को पाटने पर जोर दिया। स्वच्छता का संदेश देते हुए कहा कि सभी लोग देश व समाज को स्वच्छ और स्वस्थ्य रखने के लिए स्वच्छता को प्राथमिकता दें अपने आस पास साफसफाई रखें साथ ही स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे व स्वच्छता हेतु अपना पूर्ण सहयोग करें नये भारत के निर्माण मे भागीदार बनें। इस अवसर पर मलिन बस्ती मे जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने स्वच्छता रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता रखने का सन्देश दिया।

# सादगी और सरलता के प्रतीक थे लाल बहादुर शास्त्रीः आर के सिन्हा

संवाददाता। मुग़लसराय, चन्दौली



**राष्ट्रीय** संगत, पंगत और देश की बड़ी निजी सुरक्षा एजेंसी एसआईएस ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष, पूर्व सांसद डॉ आर के सिन्हा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लालबहादुर शास्त्री सादगी और सरलता के प्रतीक पुरुष थे। वह न सिर्फ मुगलसराय बल्कि पूरे देश की धरोहर थे। डॉ सिन्हा आज यहां बाबतपुर के लालबहादुर शास्त्री हवाई अड्डा से रामनगर स्थित लालबहादुर शास्त्री के पैतृक आवास तक राष्ट्रीय संगत-पंगत की जनजागरण रथयात्रा की समाप्ति पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि शास्त्री जी का जीवन हमें जीने की प्रेरणा देता है। दिल्ली के संग्रहालय में उनका टूटा चश्मा, फटा कुर्ता और बंद घड़ी देखकर कलेजा फटने लगता है। 1962 में चीनी आक्रमण के समय तब के प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने शास्त्री जी को सरकारी कार्य से कश्मीर जाने के लिए कहा लेकिन शास्त्री जी ने पारिवारिक कारण बताते हुए जाने से इनकार कर दिया। कैबिनेट के अन्य सहयोगियों के आग्रह को अनदेखा किये जाने पर आखिर में पंडित नेहरू द्वारा समस्या पूछे जाने पर शास्त्री जी ने बताया कि कश्मीर में काफी ठंड पड़ती है और मेरे पास पहनने को गरम कपड़ा नहीं है। इस पर पंडित जी ने अपना कोट उतारकर शास्त्री जी को दे दिया। आपको आश्चर्य होगा कि प्रधानमंत्री बनने के बावजूद आखिरी समय तक शास्त्री जी वही कोट पहनते रहे। यही नहीं केंद्र सरकार में कई विभागों के मंत्री रहने के बावजूद प्रधानमंत्री बनने पर अपनी निजी फिएट कार खरीदने के लिए उन्हें बैंक से 5 हजार रुपये का कर्ज लेना पड़ा। शास्त्री जी गरीबी में पले- बढ़े। नई पीढ़ी ऐसे धरोहरों को भूलने लगी है, इसीलिए मुझे जनजागरण यात्रा निकालनी पड़ी। उन्होंने कहा कि शास्त्री जी की मौत में भी साजिश की बू आती है।

# अराजक तत्वों के विरुद्ध की जाए प्रभावी कार्रवाईः आरपी सिंह



**सोनभद्र।** पुलिस उप महानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर आर0पी0 सिंह ने आगामी त्यौहारों नवरात्रि, रामनवमी, दीवाली, छटपूजा आदि व जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत प्रशासनिक भवन पुलिस लाइन चुर्क, में समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक आर0पी0 सिंह नें अपने सर्किल थाना क्षेत्र अंतर्गत अराजक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्रभावी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही, आगामी पर्वों की संवेदनशीलता के दृष्टिगत छोटी सी छोटी घटनाओं पर गम्भीरता पूर्वक कार्यवाही करने सभी क्षेत्राधिकारी को अवैध शराब निष्कर्षण भंडारण व बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने हेतु निर्देश दिए गए। सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिसकर्मियों को मोटरसाइकिल व कलस्टर मोबाइल के साथ ड्यूटी लगाकर लगातार भ्रमणशील रखने के निर्देश दिए गए। यूपी 112 पर प्राप्त सूचनाओं को पीआरवी वाहनों द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर समयबद्ध निस्तारण हेतु हिदायत दी। उन्होंने सोशल मीडिया अपराधों व वायरल वीडियों पोस्ट पर सतर्क दृष्टि रखने तथा भ्रामक व गलत संदेश सूचना को किसी भी प्लेटफार्म पर प्रसारित करने वाले के विरुद्ध कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए।

# प्रयागराज में स्वच्छता अभियान को बनाएं जनांदोलनः केशव प्रसाद मौर्य

● डिप्टी सीएम और राज्यमंत्री ने पूर्व विधायक नीलम करवरिया को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता। प्रयागराज



**नगर** निगम प्रयागराज के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म जयंती के सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत गंगा जोन रामघाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने स्वच्छ देश स्वच्छ प्रयागराज एवं निर्मल एवं स्वच्छ गंगा का संदेश देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा शुभारंभ किए गए स्वच्छता अभियान के सफल दस वर्षों की बधाई दिया।

कहा कि प्रधानमंत्री ने महात्मा गांधी के स्वच्छता के प्रति आग्रह को जन आंदोलन का स्वरूप दिया है और हमें संकल्प लेना होगा कि अपने आस पास की परिवेश की स्वच्छता के लिए प्रतिदिन अपना योगदान देना है। उन्होंने कहा कि एक दशक पहले प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रारंभ हुए स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत निर्मित करोड़ निशुल्क इज्जत करने भारत को खुले में सोच की शर्मनाक व्यवस्था से मुक्त करने में बड़ी भूमिका निभाई है और और स्वच्छता स्वास्थ्य सम्मान और सुरक्षा के संरक्षण का प्रतीक यह मिशन आज एक ऐसा जन आंदोलन बन चुका है। जिसे प्रत्येक नागरिक को एक स्वच्छ और स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय रूप से सहभागी बनने का अवसर प्रदान किया है।

इस अवसर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि प्रयागराज वासियों के द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता ने प्रयागराज गंगा क्षेत्र को राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत किया है। इसके लिए वह बधाई के पात्र है लेकिन हमें प्रयागराज को उसकी महिमा और उसकी गरिमा के अनुरूप स्वच्छ एवं सुंदर बनाना है और स्वच्छता मिशन हमें अपने जीवन का अंग बनाना होगा और कहा कि नगर निगम के द्वारा लगातार 15 दिन से चल रहे स्वच्छता अभियान के क्रम में शहर के कोने कोने में स्वच्छ जागरूकता रैली व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रयागराज की जनता को जागरूक करने का कार्य किया गया। क्योंकि जनता के जागरूक से ही प्रयागराज को हम स्वच्छ बनाएंगे। महापौर ने संगम में आने वाले तीर्थ यात्रियों से कूड़ा करकट पॉलिथीन इत्यादि का प्रयोग न करने का अनुरोध किया।

# गांधी जयंती पर कुलपति प्रो सत्यकाम ने दिलाई शिक्षार्थियों को सेवा की शपथ



संवाददाता। प्रयागराज

**उत्तर प्रदेश** राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज में गांधी जयन्ती के अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो सत्यकाम ने स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए विश्वविद्यालय कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए भी शपथ दिलाई। प्रो सत्यकाम ने विद्यार्थियों को भगवान मानते हुए उन्हें कोई कष्ट नहीं पहुंचने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सेवा इस प्रकार करें कि उन्हें कोई कठिनाई न हो।

विद्यार्थियों की सेवा हमारा परम धर्म है। उन्होंने विश्वविद्यालय के स्वच्छता कर्मियों तथा मालियों को सम्मानित करते हुए कहा कि इन सब के सहयोग से विश्वविद्यालय हरा भरा एवं स्वच्छता युक्त परिसर के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। महात्मा गांधी की भी यही सोच थी। वह समाज के सबसे निचले तबके की बहुत चिंता किया करते थे। कुलपति प्रो सत्यकाम ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन तथा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनके द्वारा दिये गये योगदानों का भावपूर्ण स्मरण किया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो सत्यकाम ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित किया। इसी क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रो एस कुमार निदेशक समाज विज्ञान विद्याशाखा ने 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा में विश्वविद्यालय के सभी भवनों क्षेत्रीय केन्द्रों तथा विश्वविद्यालय कर्मियों के सहयोग से अपने आस पास स्थित विद्यालयों धार्मिक स्थलों एवं परिसरों में की गई साफ सफाई का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। तत्पश्चात् विश्वविद्यालय के सभी स्वच्छता कर्मयोगियों को अंगवस्त्र तथा मिष्ठान प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक अधिकारी शिक्षणेत्तर कर्मी एवं शिक्षार्थी आदि उपस्थित रहे।

# टीबी मुक्ति अभियान में अव्वल गांवों के प्रधानों को डीएम ने किया सम्मानित

संवाददाता। अंबेडकर नगर



**प्रधानमंत्री** द्वारा दिए गए टीबी मुक्त भारत अभियान 2025 के लक्ष्य को पूर्ण करने की दिशा में अम्बेडकरनगर में टीबी मुक्त घोषित 23 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को आज गांधी जयंती के शुभ अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा महात्मा गांधी की कांस्य प्रतिमा एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गोद लिये गये 10 टीबी मरीजों को जिलाधिकारी द्वारा एवं 05 मरीजों को मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा पोषण पोटली प्रदान की गयी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा अपने उद्बोधन में सभी टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को बधाई दी गयी और इसी प्रकार आगामी वर्षों में भी अपने ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त रखने हेतु सतत् प्रयास के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि लगातार 2 वर्ष तक टीबी मुक्त घोषित ग्राम पंचायत को महात्मा गांधी जी की रजत एवं 3 वर्ष तक यह उपलब्धि जारी रहने पर स्वर्ण प्रतिमा द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने अपने संदेश में स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि कोई भी टीबी का रोगी टीबी की दवा से वंचित न रहे, सभी का कोर्स पूरा हो और सभी की जांच और दवा की सुविधा सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर नि:शुल्क उपलब्ध रहे।

उन्होंने प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत 2025 के सपने को साकार करने हेतु कटिबद्ध होकर टीम के रूप में कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके अतिरिक्त सभी विभागों के अधिकारियों द्वारा टीबी के रोगियों को गोद लेने हेतु भी प्रेरित किया और कहा कि यह हम सभी का सामाजिक दायित्व भी है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि सभी प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिलाचिकित्सालय तथा मेडिकल कॉलेज में टीबी की सभी जांच व दवा पूरी तरह नि:शुल्क है।

# जिलाध्यक्ष ने सदस्यता अभियान में सक्रियता से लगने का किया आह्वान



**गाजीपुर।** भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता समीक्षा बैठक जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला कार्यालय छावनी लाइन पर हुई। जिसमें जनपद में संगठन पर्व 2024 में चलाए जा रहे सदस्यता अभियान पर संतोष व्यक्त किया गया और आज से शुरू दूसरे चरण की सदस्यता अभियान में सक्रियता से लगने का आह्वान करते हुए जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता लगातार काम करते हुए सराहनीय रुप से जिले कि सदस्यता को क्षेत्र व प्रदेश में सम्मान जनक बनाया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान चरण में सामुहिक सदस्यता कैम्प लगाकर कि जाएगी तथा 16 अक्टूबर से 31अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया जाएगा।

# न्यायमूर्ति अजय भनोट ने बाल गृह के बच्चों के साथ किया पौधरोपण



**प्रयागराज।** किशोर न्याय समिति उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अध्यक्ष और हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अजय भनोट ने बुधवार को खुल्दाबाद स्थित राजकीय बाल गृह के भवन की छत पर महिला कल्याण विभाग द्वारा वात्सल्य योजना के अन्तर्गत बनाए गए नवनिर्मित रूफ टॉप का फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण किया।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर न्यायमूर्ति अजय भनोट ने दोनों विभूतियों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते उन्हें नमन किया। कार्यक्रम स्थल पर न्यायमूर्ति अजय भनोट ने राजकीय बाल गृह के बच्चों के साथ पौधरोपण किया। न्यायमूर्ति ने बन रहे पुस्तकालय का अवलोकन करते हुए वहां पर बच्चों के लिए प्रेरणादायी एवं बच्चों के रचनात्मकता को बढ़ाने वाली पुस्तकों का संकलन कराए जाने के लिए भी कहा। कार्यक्रम में राजकीय बाल संरक्षण गृह के बच्चों ने गीत एवं नृत्य के माध्यम से अपने कौशल का प्रदर्शन करके उपस्थित लोगों का मनमोह लिया। संस्था के बालक बालिकाओं द्वारा लगाई गई हस्त निर्मित कलाकृतियों की प्रदर्शनी का अवलोकन न्यायमूर्ति ने किया।

# गांधी जी का स्वतंत्रता आन्दोलन में अहम योगदानः प्रो. राघवेन्द्र



**गाजीपुर।** महात्मा गांधीजी का भारत की स्वतंत्रता के आन्दोलन में अहम योगदान था। गांधीजी हमेशा अहिंसा के रास्ते पर चलते थे, वे लोगों से आशा करते थे कि वे भी अहिंसा का रास्ता अपनाएं। उक्त उद्गार स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर के प्राचार्य प्रोफे0 (डॉ0) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने महात्मा गांधीजी के जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किया। उन्होंने ने कहा कि आज पूरा विश्व महात्मा गांधी जी की 155 वीं जन्म जयंती अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में आन, बान व शान के साथ मना रहा है। प्राचार्य प्रोफेसर पाण्डेय ने कहा कि आज ही पूरा देश भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की 120 वीं जन्म जयंती मना रहा है। लाल बहादुर शास्त्री जी आजीवन सादगी, सच्चाई, राष्ट्र भक्ति, जनसेवा व न्याय के मार्ग पर चलने वाले थे। आज के अवसर पर हमें दोनों महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने का प्रण लेना चाहिए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफे0 (डॉ0) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन के द्वारा किया गया। इस अवसर सभी प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि व्यक्त किया।

# प्रशस्ति पत्र एवं गांधी जी की प्रतिमा भेंट कर डीएम ने किया सम्मानित



**मीरजापुर।** गांधी जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन द्वारा अपने सभागार कक्ष में जिले के पांच गांव, क्रमशः जौसरा, कनौरा, चौहान पट्टी, अर्जुनपुर पाठक, भींटी के गांव प्रधानों को अपने अपने ग्राम सभा को टीबी फ्री गांव बनाने के उपलक्ष में उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं गांधी जी की प्रतिमा भेंट करते हुए सम्मानित करने का कार्य किया गया। उपरोक्त अवसर पर जिलाधिकारी महोदया अपने संबोधन में कहा गया कि आप सभी स्वच्छता और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखें साथ ही उन्होंने आए हुए सम्मानित ग्राम प्रधानों से कहा कि आप अपने गांव को आगामी समय में भी टीबी फ्री गांव बनाए रखने का प्रयास करते रहें एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस रोग के प्रति जागरुक करते हुए उन्हें टीबी रोग से सुरक्षित बनाए रखने में अपना सराहनीय सहयोग देने का प्रयास अवश्य करें, जिससे कि हमारा देश 2025 तक वास्तविक रूप से टीबी मुक्त देश बन सके।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे क्षय विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा सभागार कक्ष में लोगों से अपील की गई कि आप सभी अपने ग्राम सभा व अपने ब्लॉक स्तरीय आयोजित बैठकों में लोगों को रोग के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें सरकारी स्तर की समस्त उपलब्ध जांच इलाज की नि:शुल्क सुविधाओ की भी जानकारी अवश्य देने का कष्ट करें तथा यथा संभव टीबी रोगियों के सहयोग में अपने स्तर से आगे आकर उन्हें इलाज के दौरान गोद लेकर उनके मनोबल को मजबूत करने जैसा मानवीय धर्म निभाने का भी सराहनीय प्रयास करें।

# बाल हितैषी गांव बनाने के लिए बच्चों से किया गया संवाद



**मीरजापुर।** पंचायती राज विभाग, मीरजापुर के सहयोग से मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान द्वारा अलहुआ गांव के कुटिया पर ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने के लिए ग्राम सभा की बैठक का आयोजन किया गया. इस बैठक में 80 से अधिक लोग उपस्थित रहे. जिसमे बच्चे, महिलाये, युवा और समुदाय के लोगो की सक्रिय भागीदारी रही। इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए ग्राम प्रधान चंद्रावती देवी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 2 अक्टूबर 2024 से लेकर 31 मार्च 2025 तक ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार कर सभी प्रक्रियाओं को पूरा कर लेना है. पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सतत् विकास लक्ष्यों को पूरा करने के लिए 9 विषयों के तहत ही हमें ग्राम विकास योजना तैयार किया जायेगा। सभी 9 विषय महत्वपूर्ण है. उसमे विषय 3 जो बाल हितैषी गांव बनाने की बात की गई है। इस विषय में बच्चों के शिक्षा, सुरक्षा और स्वास्थ्य एक अहम् मुद्दा है. इसके लिए बच्चों के विचार, राय और मांग बहुत जरुरी है. उसी के आधार पर हम कार्य करके बाल हितैषी गांव बना सकते हैं। बाल विकास समूह की लीडर सुजाता कुमारी ने कहा कि हम बच्चों के लिए खेलने का मैदान हो। गांव में रात में रोशनी की व्यवस्था हो, कूड़ा फेकने के लिए कूड़ेदान हो, सभी घरों में शौचालय हो ताकि बच्चे सुरक्षित रहे, आने जाने के रास्ता सही हो ताकि स्कूल जाने में दिक्कत न हो।

# महात्मा गांधी व शास्त्री जी को जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन



**अंबेडकर नगर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के शुभ अवसर पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. सदानंद गुप्ता द्वारा समस्त अधिकारियों,कर्मचारियों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट में फहराया तिरंगा तथा महात्मा गांधी जी एवम् लाल बहादुर शास्त्री के एक बड़े चित्र का अनावरण कर उस पर माल्यार्पण किया तथा उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित उनके आदर्शों को नमन किया।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर कलेक्ट्रेट में गांधी जयंती समारोह/गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्र भक्ति से ओत प्रोत संगीत के माध्यम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा अपने संबोधन में कहा कि 2 अक्टूबर का दिन भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण है।

इस दिन भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म हुआ था जिसके दृष्टिगत 2 अक्टूबर को हर वर्ष गांधी जयंती के रूप में मनाया जाता है। महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में हुआ था। अंग्रेजों से आजादी दिलाने में महात्मा गांधी का विशेष योगदान रहा है।

# शारदीय नवरात्रि की तैयारियों का नगर पालिकाध्यक्ष ने लिया जायजा



**मीरजापुर।** नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने शारदीय नवरात्रि की तैयारियों को लेकर विन्ध्याचल पहुंचकर मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। नपाध्यक्ष ने सभासद,पालिका के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ से निरीक्षण प्रारंभ करते हुये विंध्याचल के सदर बाजार, चिकान टोला,बलुआ घाट,पक्का घाट, नयी वीआईपी, पुरानी वीआइपी सहित कई स्थानों का पैदल ही स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को घाटो पर विशेष साफ-सफाई कर कूड़ा निस्तारण का भी निर्देश दिया। शारदीय नवरात्रि मेला ने दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ेगी इसीलिए सफाई व्यवस्था पर लगातार विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। यात्रियों के चलने वाले स्थानो पर कर्मचारियों को बोरिया लेकर गिरे हुये कचरे को उठाने का भी निर्देश दिया। पालिका के सफाई कर्मचारियों को पालिका के द्वारा दिये गये ड्रेस पहन कर ही कार्य करने के निर्देश दिए गए है। अधिकारियों को मेला क्षेत्र में पानी की भी व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया है। मेला क्षेत्र में अधिकारियों को प्रतिदिन रात्रि में फॉगिंग करने का भी निर्देश दिया है। नपाध्यक्ष ने कहा है की विन्ध्य कॉरिडोर बनने भारी भीड़ उमड़ेगी इसलिए मेला क्षेत्र में साफ-सफाई,पेयजल,प्रकाश आदि व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया है।

# परिस्थितिकी संरक्षण

## वांगचुक की पदयात्रा

**सोनम वांगचुक** की पदयात्रा का उद्देश्य लद्दाख में परिस्थितिकी संरक्षण तथा उसकी स्थानीय स्वायत्तता बनाए रखना है। अपनी अत्यन्त सुंदर दृश्यावली व विशिष्ट संस्कृति के लिए लोकप्रिय लद्दाख क्षेत्र वर्तमान समय में परिस्थितिकी विभीषिका का शिकार है। जलवायु परिवर्तन तथा बेलगाम विकास से उसका नाजुक परिवेश प्रभावित हो रहा है और वह अपरिवर्तनीय बिंदु तक पहुंच सकता है। इस बढ़ते संकट का मुकाबला करने के लिए 'जलवायु एक्टिविस्ट' सोनम वांगचुक एक प्रमुख व्यक्ति के रूप में उभरे हैं जो लद्दाख को सुरक्षित रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने अपने 100 से अधिक समर्थकों के साथ लेह से नई दिल्ली की पदयात्रा शुरू की जिसका उद्देश्य लद्दाख की नाजुक परिस्थितिककी की रक्षा तथा भारतीय संविधान की छठी अनुसूची के अंतर्गत इसकी क्षेत्रीय स्वायत्तता सुरक्षित रखने हेतु स्पष्ट कदम उठाने की मांग है। लेकिन दिल्ली की सिंघु सीमा पर पहुंचने पर वांगचुक और उनके समर्थकों को पुलिस द्वारा निषेधाज्ञा उल्लंघन के आरोप में हिरासत में ले लिया गया। इसके बावजूद इस पदयात्रा ने व्यापक स्तर पर लोगों का ध्यान खींचा है और वह उनकी मांगों का समर्थन कर रही है। लद्दाख का परिवेश भारत के सर्वाधिक संवेदनशील परिवेशों में है। हिमालयी क्षेत्र में स्थित लद्दाख जलवायु परिवर्तन के खतरनाक प्रभावों का सामना कर रहा है। पिघलते ग्लेशियर, सिकुड़ते जल स्रोत तथा मौसम पैटर्न में अचानक परिवर्तन से न केवल स्थानीय परिस्थितिकी, बल्कि स्थानीय जनसंख्या की आजीविका को खतरा पैदा हो गया है।



ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना खासकर चिन्ता का कारण है क्योंकि वे इस क्षेत्र में पानी के प्राथमिक स्रोत हैं। इसके कारण लद्दाख को पानी के गंभीर संकट का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि नदियां तथा झरने अभूतपूर्व गति से सूख रहे हैं। बेलगाम पर्यटन तथा ढांचागत विकास ने भी इस स्थिति को गंभीर बनाया है। कचरा प्रबंधन एक बड़ी चुनौती है तथा सड़कों और इमारतों के बढ़ते निर्माण ने प्राकृतिक दृश्यावली को बाधित किया है। 'आइस स्तूप' जैसे अपने खोजी पर्यावरणीय समाधानों से लोकप्रिय वांगचुक लद्दाख में 'टिकाऊ विकास' के लिए मुखर रहे हैं। उनकी मांग न केवल पर्यावरण संरक्षण, बल्कि स्थानीय लोगों को शक्ति देने की है ताकि वे संसाधनों का प्रबंधन कर अपनी सांस्कृतिक पहचान की सुरक्षा कर सकें। उनकी एक मुख्य मांग लद्दाख को भारतीय संविधान की छठी अनसूची में शामिल कराना है जो भारत में कुछ आदिवासी क्षेत्रों को विशेष संरक्षण एवं स्वायत्तता देती है। इससे वे अपने संसाधनों का प्रबंधन करते हुए अपनी संस्कृति की रक्षा कर सकते हैं तथा उनको स्थानीय मामलों में कानून बनाने की शक्ति मिलती है। प्रमुखतः आदिवासी जनसंख्या तथा विशिष्ट सांस्कृतिक विरासत वाला लद्दाख भी ऐसा संरक्षण चाहता है। लद्दाख की जनता ने आमतौर से वर्तमान प्रशासनिक व्यवस्था के प्रति असंतोष व्यक्त किया है जिसका संचालन केन्द्र द्वारा नियुक्त उप-राज्यपाल द्वारा किया जाता है। वर्तमान समय में निर्णय लेने में लद्दाख की जनता का सीमित दखल है। लद्दाख को छठी अनुसूची में शामिल करने से लोगों को अपनी विशिष्ट पर्यावरणीय व सांस्कृतिक आवश्यकताओं के अनुरूप निर्णय लेने का अधिकार मिल जाएगा। इससे वे ऐसे कानून बना सकेंगे जो उनकी संवेदनशील परिस्थितिकी की रक्षा करेंगे, प्रभावी संसाधन प्रबंधन करेंगे तथा टिकाऊ विकास सुनिश्चित करेंगे। लद्दाख की जनता अपनी आवाज उठा रही है। ऐसे में सरकार तथा बाकी देश को सार्थक कार्रवाई के लिए इस पर ध्यान देना चाहिए।

# किसानों के जीवन में परिवर्तन

**आधुनिक ढांचागत संरचना, कर्ज सहायता के विस्तार तथा टिकाऊ कृषि व्यवहारों के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी की नीतियां भारतीय कृषि में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही हैं।**



**शिवराज सिंह चौहान**
(लेखक, कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री हैं)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गंभीर चिन्तायें कृषक समुदाय के बारे में उनके द्वारा व्यक्त संवेदनशीलता तथा नीतियों, निर्णयों व योजनाओं के माध्यम से प्रकट हो रही हैं। हमारे 'अन्नदाताओं' के जीवन में परिवर्तन प्रधानमंत्री का प्रथम और सर्वाधिक महत्वपूर्ण लक्ष्य है। इसी कारण राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में कृषि और किसानों को सर्वोच्च प्राथमिकता मिली है। मोदी के नेतृत्व में सरकार कृषि क्षेत्र की प्रगति तथा किसानों के सशक्तीकरण के लिए अभूतपूर्व प्रयास कर रही है। हम किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो 'कृषि ढांचागत फंड'-एआईएफ तथा 'पीएम आशा' के माध्यम से स्पष्ट है। भारत में फसल कटने के बाद होने वाला नुकसान एक बड़ी चुनौती है जिसे कृषि क्षेत्र की उत्पादन क्षमता प्रभावित होती है तथा इसका लाखों किसानों द्वारा किए जाने वाले कठोर श्रम पर असर पड़ता है। नवीनतम अनुमानों के अनुसार, इसके कारण हर साल भारत में कुल खाद्य उत्पादन का 16-18 प्रतिशत प्रभावित होता है। ये नुकसान कृषि के विभिन्न चरणों, जैसे हार्वेस्टिंग, थ्रेशिंग, भंडारण, परिवहन व प्रसंस्करण के स्तर पर होते हैं। समुचित भंडारण, शीत श्रृंखला, अनुपयुक्त प्रसंस्करण इकाइयों तथा सक्षम लाजिस्टिक्स की कमी से हमारे देश की समग्र खाद्य सुरक्षा प्रभावित होती है।

इन सभी चीजों को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार पूरे जोश के साथ इसे मजबूत करने पर काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के योग्य नेतृत्व में सरकार वैज्ञानिक शोध को प्रयोगशालाओं से खेतों तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। इसके कारण उत्पादन का खर्च लगातार घटा है तथा किसानों का मुनाफा बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने अपने दूरदर्शी दृष्टिकोण के अंतर्गत जुलाई, 2020 में कृषि ढांचागत फंड-एआईएफ की शुरुआत की थी जो 'आत्मनिर्भर भारत' के अंतर्गत उल्लेखनीय पहल है। इसका लक्ष्य किसानों की आय बढ़ाना तथा 'पोस्ट-हार्वेस्ट प्रबंधन' मुद्दों को कृषि परिसंपत्तियों के माध्यम से निपटना और खाद्य पदार्थों की बरबादी रोकना है।

इन चुनौतियों से निपटने के लिए नए युग की तकनीकों के साथ नई परियोजनायें प्रोत्साहित की जा रही हैं। इस पहल के अंतर्गत सरकार का उद्देश्य न केवल उत्पादन बढ़ाना, बल्कि उसकी गुणवत्ता और मात्रा भी बढ़ाना है। इसका उद्देश्य किसानों की बाजार तक पहुंच को ज्यादा सक्षम बनाना है ताकि उनकी आय भी बढ़े। प्रधानमंत्री के सक्षम नेतृत्व में इस योजना के अंतर्गत अगस्त, 2024 तक 47,500 करोड़ रुपये से अधिक धनराशि खर्च की गई है। उल्लेखनीय है कि इसके अंतर्गत स्वीकृत 54 प्रतिशत परियोजनाओं का संबंध किसानों, सहकारी समितियों, कृषि उत्पादन संगठनों तथा स्वयं सहायता समूहों-एसएचजी से है। इससे किसानों की खेतों के स्तर पर ढांचागत संरचना में सहभागिता बढ़ती है।

प्रधानमंत्री मोदी खेतों तक ढांचागत संरचना पहुंचाने के प्रति पूर्ण प्रतिबद्ध हैं क्योंकि इससे कृषि उत्पादों में 'पोस्ट-हार्वेस्ट' नुकसान में भारी कमी आती है। उन्होंने भंडारण ढांचे, परिवहन, आदि के विकास को प्राथमिकता दी है ताकि किसानों को फसलों के नुकसान से बचाया जा सके। भारत में 1,740 लाख मीट्रिक टन की भंडारण क्षमता है जो देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन क्षमता से 44 प्रतिशत कम है। यह स्थिति चिन्ताजनक है। इसी प्रकार बागवानी उत्पादों के लिए भारत में 441.9 लाख मीट्रिक टन कोल्ड स्टोरेज की क्षमता है, जबकि देश में फलों और सब्जियों के कुल उत्पादन की तुलना में यह क्षमता केवल 15.72 प्रतिशत है। एआईएफ पहलें इस क्षमता में कमी में लगभग 500 लाख मीट्रिक टन की वृद्धि कर सकती हैं। इससे देश को पोस्ट-हार्वेस्ट नुकसान से लगभग 5,700 करोड़ रुपये बचाने का अवसर मिलेगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में समुचित कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं के विकास से बागवानी उत्पादों में 10 प्रतिशत बरबादी रोकने में सहायता मिली है।

इसके कारण हर साल 3.5 लाख टन उत्पाद सुरक्षित होता है तथा लगभग 1,250 करोड़ रुपये की बचत होती है। इससे किसानों का न केवल आर्थिक सशक्तीकरण सुनिश्चित होता है, बल्कि उनकी जीवनशैली भी सुधरती है। अगस्त, 2024 तक देश भर में एआईएफ के अंतर्गत 74,695 कृषि ढांचागत संबंधी पहलों को मंजूर किया गया है। इनमें 18,508 कस्टम हायरिंग सेंटर, 16,238 प्राथमिक प्रसंस्करण केन्द्र, 13,702 गोदाम, 3,095 छंटाई व ग्रेडिंग इकाइयां, 1,901 कोल्ड स्टोरेज तथा 21,251 अन्य ढांचागत सुविधायें शामिल हैं। 2015 से इन 74,695 परियोजनाओं पर कुल 78,702 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। किसानों में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री ने देश में 50,000 नए कृषि उद्यमों की स्थापना की है। इन प्रयासों से 8,00,000 रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। भविष्य में यह संख्या और बढ़ेगी तथा इससे प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कुल 2.5 मिलियन रोजगार सृजित होंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कल्याणकारी नीतियों ने किसानों की कार्यशैली में स्वागत योग्य परिवर्तन किए हैं। खेतों पर उत्कृष्ट ढांचागत संरचना के विकास ने किसानों को सीधे व्यापक उपभोक्ता आधार पर अपने उत्पाद बेचने में सुविधा दी है जिससे उनको अच्छा पैसा मिलता है और आय बढ़ी है। आधुनिक पैकिंग और कोल्ड स्टोरेज व्यवस्थाओं के कारण किसानों ज्यादा रणनीतिक रूप से अपने उत्पादों की बाजार में बिक्री का समय तय कर सकते हैं जिससे उनको बेहतर कीमत मिलती है। इस ढांचागत पहल से किसानों को औसतन अपने उत्पादों का 11-14 प्रतिशत अधिक मूल्य मिल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों ने न केवल कृषि ढांचागत संरचना बढ़ाने का अवसर मिला है, बल्कि कर्ज पर जोखिम भी घटा है। कर्ज गारंटी समर्थन तथा ब्याज में छूट से कर्ज देने वाले संस्थान अब न्यूनतम जोखिम पर किसानों को कर्ज दे सकते हैं। इससे उनका आधार तथा 'पोर्टफोलियो विविधीकरण' बढ़ा है। 'नाबार्ड' की रिफाइनेंस सुविधा के सहयोग से इस ढांचागत फंड ने प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों-पीएसीएस को 1 प्रतिशत प्रभावी दर पर कर्ज देना संभव कर दिखाया है। इन पीएसीएस से हजारों किसानों को लाभ हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने महत्वाकांक्षी कृषि ढांचागत फंड योजना के धीरे-धीरे विस्तार की अनुमति दी है। इससे वह ज्यादा समावेशी व प्रभावशाली बन सकेगी।

कृषि को लाभकारी बिजनेस बनाने के लिए छः-सूत्री रणनीति बनाई गई है। इसका उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाने के लिए उत्पादन बढा़ना, खेती की लागत घटाना, उत्पादन का उचित मूल्य दिलाना, प्राकृतिक विभीषिकाओं के दौरान उपयुक्त सहायता धनराशि प्रदान करना, कृषि विविधीकरण तथा प्राकृतिक खेती को महत्व दिया जा रहा है। वर्तमान समय में कृषि क्षेत्र की कुछ महत्वाकांक्षी व उम्मीद से भरी परियोजनाओं में कृषि परिसंपत्ति विकास, हाइड्रोपोनिक कृषि, मशरूम खेती, वर्टिकल फार्मिंग, एयरोपोनिक फार्मिंग, पोलीहाउस तथा ग्रीनहाउस शामिल हैं। इनको केवल किसान समूहों तथा सामूहिकताओं को उपलब्ध कराया जा रहा है।


'प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान'-पीएम कुसुम योजना बंजर, बेकार, चरागाह या दलदली भूमि पर 2 मेगावाट के सोलर पावर प्लांट सुविधा देने का प्रयास कर रही है। इसे एआईएफ से जोड़ कर किसानों को 'अन्नदाता' से 'ऊर्जादाता' बनाने में भी सहायता मिलेगी। इन परिवर्तनों से प्रसंस्करण क्षमतायें बढ़ेंगी, खाद्य उत्पादन में विविधीकरण आएगा तथा उपज की मात्रा व गुणवत्ता में सुधार होगा। इनसे उत्पादों की 'शेल्फ लाइफ' बढ़ेगी, परिवहन क्षमता में सुधार होगा तथा शहरी मांग से ग्रामीण सप्लाई श्रृंखला जोड़ने में सुधार होगा।

इन परिवर्तनों से इसके फलस्वरूप ही ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में किसानों के सामने आने वाली छोटी-मोटी समस्याओं के भी समाधान खोजे जा रहे हैं। प्रभावी संप्रेषण तथा संयुक्त प्रयासों से किसान कल्याण के संदर्भ में नया सवेरा आने वाला है। यह 'विकसित भारत' बनाने में विकसित कृषि क्षेत्र का योगदान सुनिश्चित करेगा।

# निद्रा, आध्यात्मिकता एवं आधुनिक मन

> शरीर का प्राथमिक कार्य सोना और जागना है। हम इस पर नियंत्रण नहीं कर सकते, यह हमें नियंत्रित करता है। तो आधुनिक मनुष्य क्या करता है?

**अजीत कुमार बिश्नोई**
(लेखक, आध्यात्मिक शिक्षक हैं)



प्रसिद्ध कविता बचपन में, रवींद्र नाथ टैगोर ने बड़े होने पर मासूमियत खोने पर शोक व्यक्त किया है। एक बात पर हम सभी सहमत हो सकते हैं कि बच्चों की तरह सोना एक बड़ी संपत्ति है। लेकिन जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, हमारा दिमाग हमारी नींद में खलल डालना शुरू कर देता है। इससे पहले कि मैं आगे बढ़ूं, आइए हम नींद की मूल बातें समझें। नींद सबसे महत्वपूर्ण जैविक क्रियाओं में से एक है और अपर्याप्त नींद कई समस्याओं का कारण बन सकती है। नींद वह समय है जब शरीर खुद को तरोताजा करता है। नींद शारीरिक तंदुरुस्ती को बहाल करती है और भावनात्मक गतिविधियों से जुड़ी थकान को दूर करती है।

हमारा दिमाग नींद के दौरान होने वाली गतिविधियों का केंद्र होता है, जिसमें सपने देखने का समय भी शामिल है। कितनी नींद की आवश्यकता है? यह प्रत्येक व्यक्ति की उम्र, गतिविधियों के प्रकार, गतिविधियों के स्तर आदि के अनुसार निर्भर करता है। भगवान कृष्ण ने नींद को चार गतिविधियों में से एक बताया है, जो उचित होनी चाहिए। (भगवद-गीता 6.17) हमें नींद की उत्कृष्टता की आवश्यकता है। आधुनिक मनुष्य क्या करता है? तीन प्रकार के होते हैं। एक नींद में कटौती करता है और दूसरा सो नहीं पाता और शराब और नशीली दवाओं का सहारा लेता है।

तीसरा समूह बहुत ज्यादा सोता है और कीमती मानव जीवन बर्बाद करता है। व्यस्त लोगों को ईश्वर द्वारा बनाए गए नियमों का कोई सम्मान नहीं है - जो हमारे शरीर के निर्माता हैं। उन्हें लगता है कि वे कम नींद से काम चला सकते हैं और कुछ भी बुरा नहीं होगा। लेकिन उन्हें कई तरह से नुकसान होता है।



पहला कारण ऊर्जा का स्तर है; यह नीचे चला जाता है। शारीरिक स्वास्थ्य कई तरह से प्रभावित होता है, लेकिन इसमें लंबा समय लगता है; व्यक्ति को लगता है कि वह ठीक है, लेकिन फिर कोई गंभीर स्वास्थ्य समस्या आ जाती है। प्रदर्शन में गिरावट आती है; संज्ञानात्मक क्षमता कम हो जाती है; मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ स्मृति समेकन भी प्रभावित होता है। आप किसी और की नकल नहीं कर सकते, क्योंकि, जैसा कि पहले कहा गया है, यह व्यक्ति विशेष है - एक शारीरिक आवश्यकता। दूसरा समूह लंबे समय में कम नहीं, बल्कि काफी ज़्यादा पीड़ित है। व्यक्ति सोचता है कि वह जब चाहे शरीर को सोने के लिए कह सकता है। क्या आपने नींद को टालने की कोशिश की है? क्या होता है? सर्कैडियन लय 24 घंटे के चक्र हैं जो शरीर की आंतरिक घड़ी का हिस्सा हैं। इसका प्राथमिक कार्य सोना और जागना है। हम नियंत्रण नहीं कर सकते, यह हमें नियंत्रित करता है। तो आधुनिक मनुष्य क्या करता है?

वह शराब और नशीली दवाओं के सेवन से कृत्रिम रूप से नींद लाने का प्रयास करता है। हम सभी जानते हैं कि शराब हमारे लीवर को किस तरह प्रभावित करती है। और नशीली दवाएं भी मस्तिष्क के लिए हानिकारक हैं। दोनों ही आदत बनाने वाली हैं। कुछ समय तक ऐसा करने से व्यक्ति फंस जाता है। शारीरिक और मानसिक रूप से थके होने पर व्यक्ति क्यों सो नहीं पाता? क्योंकि हमने अपने दिमाग को अपने जीवन की बागडोर संभालने दिया है।

हमारे अंदर आनंद, शक्ति, प्रसिद्धि आदि की असीमित इच्छाएं हैं। हम वासना, लालच, क्रोध, घृणा आदि भावनाओं से प्रेरित होते हैं। वैसे, शराब और नशीली दवाएं बुरे और डरावने सपनों को आने से नहीं रोकती हैं, जो जागने पर बहुत बुरा एहसास कराती हैं।

तीसरी तरह की नींद को अपना आश्रय बनाकर व्यक्ति खुद को कई तरह से नुकसान पहुंचाता है। आइए हम अपने होश में आएं। ईश्वर में आश्रय उपलब्ध है। सरल आध्यात्मिक अभ्यास हैं, जो व्यक्ति को ईश्वर से जोड़ते हैं। वह हमारी गलत प्रवृत्तियों पर लगाम लगाने में हमारी मदद करेगा, जैसा कि केवल ईश्वर ही कर सकता है। लेकिन व्यक्ति को पहले यह स्वीकार करना होगा कि वह गलत है; उसे अपने अहंकार को त्यागना होगा।

यह बहुत ही अजीब बात है कि एक छोटी, अज्ञानी और असहाय आत्मा का इतना बड़ा अहंकार है। निष्कर्ष क्या है? भगवान कृष्ण ने जो बताया है, उसके अनुसार केवल एक ही आश्रय है। आपको भरपूर नींद आएगी और अच्छी गुणवत्ता की भी, बुरे सपनों से रहित।

## आप की बात

### स्वदेशी तकनीक

**भारतीय** स्वदेशी तकनीक धीरे-धीरे वैश्विक मांग बनती जा रही है। कम लागत में अधिक फायदेमंद निर्माण इस स्वदेशी तकनीक की विशेषता है। वंदे भारत ट्रेन को ही लीजिए इस भारतीय निर्माण ने दुनिया के कई देशों को उसे खरीदने को प्रेरित किया है। विभिन्न क्षेत्रों में स्वदेशी निर्माण की अनेक चीजें दुनिया की आवश्यकता बनती जा रही है। इससे मेक इन इंडिया के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को यथार्थ में बदलने में सहायता मिलेगी। रेलवे के विस्तारीकरण के बाद अब छोटे प्रारूपों के विकास के साथ स्थानीय स्तर पर भी रेलों का संचालन हो रहा है। मेट्रो की सफलता भी इसी बात का प्रमाण है। अब वंदे भारत ट्रेनों की खरीद में दुनिया के कई देशों ने उत्साह दिखाया है। चिली, कनाडा, मलेशिया जैसे देश इन खरीदारों में आगे हैं। इसकी मुख्य वजह दुनिया के मुकाबले हमारे यहां इसकी कम कीमत होना है। आमतौर पर दूसरे देशों में ऐसी ट्रेन 160 से 180 करोड़ में मिलती है जबकि भारत इसे 120 से 130 करोड़ पर निर्यात करता है। विनिर्माण के साथ ही खाद्य प्रसंस्करण समेत अनेक अन्य क्षेत्रों में भी स्वदेशी तकनीकों का विकास होना चाहिए। इन सस्ती, टिकाऊ व प्रभावशाली तकनीकों से भारत के साथ ही सारी दुनिया का कल्याण सुनिश्चित किया जा सकता है।

- **अमृतलाल मारू,** इंदौर

### इच्छा मृत्यु की अवधारणा

**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय** की ओर से इच्छा मृत्यु को लेकर जारी गाइडलाइंस के मसौदे ने इस पर जारी बहस तेज कर दी है। इंडियन मेडिकल असोसिएशन ने कहा है कि इच्छा मृत्यु की जवाबदारी पूरी तरह डॉक्टर पर नहीं डाली जानी चाहिए। अभी तक वेंटिलेटर पर गंभीर स्थिति में मरीज के परिजन मरीज को इच्छा मृत्यु देने के बारे निर्णय लेते थे। जैन धर्म में अत्यंत गंभीर हालत होने पर यदि मरीज सचेत है तो वह अन्यथा उसके परिजन संथारा की अनुमति दे देते हैं। जिसमें मरीज की सभी जीवन रक्षक मशीनें हटा दी जाती हैं। लंबे समय से जीवन रक्षक मशीनों पर अचेत पड़े मरीज को इच्छा मृत्यु देने की प्रक्रिया को अधिक जटिल बनाना उचित नहीं है। विडंबना है कि कई बार ठीक होने की कोई संभावना न होने के बावजूद मरीज को जीवन रक्षक मशीनों पर लंबे समय तक रखा जाता है और परिजनों से मोटी रकम वसूली जाती है। ऐसी लूट का सोशल मीडिया पर जमकर विरोध हो रहा है। कई बार मरीज की मृत्यु होने के बाद भी इलाज जारी रखने के नाम पर मोटी रकम वसूली जाती है। अतः लाइलाज हो चुके मरीज को इच्छा मृत्यु देने की स्थिति पर व्यापक विचार-विमर्श कर सही नतीजे निकाले जाने चाहिए।

- **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### मिथुन को सम्मान

**डिस्को डांसर**, 74 वर्षीय पदम श्री एवं फिल्मफेयर अवार्ड विजेता गौरांग चक्रवर्ती-मिथुन चक्रवर्ती अभिनेता, निर्माता, राजनेता, पूर्व सांसद एवम तीन बार के राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता को फिल्म जगत का सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के प्रदान किया जाएगा। यह एक ऐसे इंसान का सम्मान है जिसने संघर्षों को झेला है और शिखर पर पहुंच लाखों लोगों के दिलों पर राज किया है। मिथुन नक्सलवाद से प्रभावित होकर सीपीआई-एमएल में भी शामिल हुए थे। उन्होंने मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट लेकर फिल्मों में जोर अजमाइश की और सफलता के शिखर पर पहुंचे। मिथुन चक्रवर्ती ऐसे कलाकार रहे हैं जिनको 1976 में अपनी पहली फिल्म मृणाल सेन निर्देशित मृगया मे अभिनय के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उनकी धाक राजकपूर के बाद रूस में भी खूब सुनाई दी थी। मिथुन चक्रवर्ती की डिस्को डांसर ने रूस, चीन भारत और अन्य देशों में धूम मचाई थी। आज मिथुन चक्रवर्ती एक सफल उद्योगपति हैं और डांस इंडिया डांस के ग्रैंड मास्टर के रूप में अपनी धाक जमाए हुए हैं। भारत के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहब फाल्के पुरस्कार मिलने पर शुभकामनाएं प्रेषित की हैं जिसके वे सही मायने में हकदार हैं।

-**वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### पराली जलाने से प्रदूषण

**पराली जलाने** से बढ़ रहा प्रदूषण बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। पराली जलाने से निकलता धुंआ प्रदूषण बढ़ा रहा है जिससे विभिन्न प्रकार की बीमारियां पैदा हो रही है। इस वर्ष भी ठंड में आने से पूर्व पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की घटनायें सामने आने लगी हैं जिनसे देश की राजधानी में प्रदूषण तेजी से बढ़ने की आशंका है। गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने15 से 25 सितंबर के ही दौरान पंजाब में गत वर्ष के अपेक्षा 10 गुना तथा हरियाणा में भी 5 गुना अधिक प्रदूषण बताया है। यद्यपि सर्वोच्च न्यायालय ने जिम्मेदार अधिकारियों व संस्थानों से स्थिति में सुधार करने की बात कही थी, किंतु स्थिति में कोई बड़ा भारी सुधार नहीं हो सका है बल्कि बल्कि प्रदूषण और बढ़ रहा है। ऐसे में आंख मूंद कर बैठना कतई उचित नहीं है बल्कि कुछ कठोर कदम उठाने होंगे या पराली जलाने के स्थायी विकल्प खोजने होंगे। राजनेता चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं और जल्द ही गंभीर होने वाली इस समस्या के समाधान पर उनका समुचित ध्यान नहीं है।

- **बी.एल. शर्मा,** उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 3 अक्टूबर, 2024



# देश के गरीबों के लिए समर्पित है मोदी सरकार: दारा सिंह चौहान

**● प्रभारी मंत्री ने महात्मा गांधी व शास्त्री जी को दी श्रद्धांजलि**



**संवाददाता।** गोंडा

**प्रदेश** के कारागार मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर जिले में कई कार्यक्रमों में शिरकत की। प्रभारी मंत्री ने एमएलसी विजय बहादुर पाठक और भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप के साथ सबसे पहले गांधी पार्क पहुंचकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत कर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद प्रभारी मंत्री ने जिला कारागार पहुंचकर जेल का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरान्त प्रभारी मंत्री ने वेंकटाचार्य क्लब में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर शुरू हुए सेवा पखवाड़े का समापन किया।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के निर्देशन में पूरे देश में सेवा पखवाड़े का शुभारंभ किया गया था, जिसका गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर समापन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के निर्देशन में स्वच्छता अभियान ने एक बहुत बड़े जन आंदोलन का रूप ले लिया है, इस आंदोलन में प्रत्येक व्यक्ति बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहा है।

पहले के समय में कुछ लोग स्वच्छता के लिए झाड़ू उठाने वाले को निम्न स्तर का समझते थे, परंतु प्रधानमंत्री के झाड़ू पकड़ने के बाद अब कोई भी झाड़ू पकड़ने वालें को निम्न स्तर का नहीं समझता है। प्रधानमंत्री ने सभी स्वच्छता नायकों को मुख्य धारा से जोड़ा है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लोहा पूरी दुनिया मान रही है। उनकी सरकार गरीबों के उत्थान के लिए काम कर रही है।

# बापू के विचारों को जीवन में अपने आत्मसात करें सभी: मंडलायुक्त



**गोंडा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर मण्डलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने आयुक्त कार्यालय में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। आयुक्त ने कहा कि हम सभी बापू के सिद्धांतों व विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करें। गांधी जी ने सत्य एवं अहिंसा के बल पर देश को आजादी दिलायी। उनमें नेतृत्व की अद्भुत क्षमता थी। उनके व्यक्तित्व, आदर्श एवं सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है। समाज के हर व्यक्ति के विकास के लिए उनका प्रयास रहा। उन्होंने आगे कहा कि करते हुए अपने दायित्वों/कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक एवं ईमानदारी से निर्वहन करते हुए समाज के गरीब असहाय एवं निर्बल लोगों की मदद करें तथा देश को मजबूत बनाने तथा विकास की ऊचाईयों तक ले जाने में अपना योगदान प्रदान करें। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को पारदर्शी ढंग से क्रियान्वित करते हुए पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करायें। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री के बारे में कहा कि उन्होंने जय जवान जय किसान का नारा दिया था, सादा जीवन उच्च विचार उनकी जीवन शैली रही।

# धूमधाम से मनाई गई महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

**संवाददाता।** अमेठी



**जनपद** में देश के दो महापुरुषों की जयंती आज भव्यता पूर्वक मनाई गई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल सहित अन्य अधिकारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी, जहां गांधी जी ने हमें सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाया, वही लाल बहादुर शास्त्री जी ने सौम्यता एवं शालीनता का, इन दो महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करने के पश्चात विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में कई वक्ताओं द्वारा अपने-अपने विचार प्रस्तुत करने के उपरांत विद्यालय की छात्राओं द्वारा महात्मा गांधी जी का प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम सहित अन्य भजनों को गया गया। विद्यालय की छात्राओं को जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इसके पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों क्रमशः अंजनी कुमार द्विवेदी, राजेश सिंह, रज्जन लाल पांडे, चंद्रभान यादव, श्याम सुंदर गुप्ता, रमानिवास मिश्र, वीरेंद्र तिवारी, पूजा शुक्ला, रामसागर शुक्ला, अब्दुल अनीस व चंद्र तिवारी को अंगवस्त्र व मिठाई देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत जनपद में टीबी मुक्त 3 ग्राम पंचायतों लोहरता, खजूरी व सनहा के ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति पत्र व गांधी जी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया।

वहीं इस अवसर पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित दो स्वयं सहायता समूह क्रमशः रोशनी स्वयं सहायता समूह तथा मां वैष्णो स्वयं सहायता समूह को सम्मानित करने के साथ ही सवेरा एक नई उम्मीद ब्रांड को लांच किया गया

# एनटीपीसी ऊंचाहार में राष्ट्रपिता को पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई जयंती



**ऊंचाहार।** एनटीपीसी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) रवि प्रकाश अग्रवाल ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके साथ ही लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर भी पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि महात्मा गांधी ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया और अपने हरेक कार्य के माध्यम से देश को बेहतर बनाने में लगातार योगदान दिया। महात्मा गांधी हरेक भारतीय के लिए आदर्श हैं।

ऐसे महापुरुष की जयंती पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम भी राष्ट्रहित में अपने कार्यों को समर्पित करेंगे। यह संकल्प ही राष्ट्र की ओर से राष्ट्रपिता को सच्ची श्रद्धांजलि सिद्ध होगा। इस अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा थीम पर आयोजित नुक्कड़ नाटक का भी प्रदर्शन किया गया। इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित जन को स्वच्छता के महत्व और दैनिक जीवन में उसके पालन के सरल उपाय के बारे में बताया गया।

# महात्मा गांधी एवं शास्त्री जी जीवन शैली को अपने जीवन में उतारें: जिलाधिकारी

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



**जिलाधिकारी** महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में आज सत्य और अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गॉंधी जी की 155वीं एवं इमानदारी व सादगी के प्रतिमूर्ति पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की 120वीं जयंती श्रद्धा, सम्मान एवं हर्षोल्लास के वातावरण में कलेक्ट्रेट में मनायी गयी। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर द्वारा प्रातः 08.00 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। तदुपरान्त जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट के अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस कर्मियों एवं छात्र/छात्राओं के साथ राष्ट्रगान गाते हुए देश की एकता, अखण्डता एवं अहिंसा की शपथ दिलायी गई।

जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) जय प्रकाश सहित सभी अधिकारीगणों, कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों एवं अन्य सम्भ्रान्त व्यक्तियों नें महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करते हुये पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर कलेक्ट्रट में आयोजित विचार गोष्ठी में उपस्थित अधिकारियो, कर्मचारियों, समाजसेवियों, पत्रकारों को गांधी जयन्ती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के पावन अवसर पर बधाई एवं उनके पधारने का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर नें अपने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के सिद्धान्तों एवं आदर्शों के व्यहारिक पक्ष को आत्मसात करना ही उनके प्रति हम सबकी सच्ची श्रद्धा होगी।

उन्होंने गांधी जी के अहिंसात्मक नेतृत्व शैली, विचारधारा, सत्यनिष्ठा, देशभक्ति एवं शास्त्री जी के आत्मबल तथा साहस पर प्रकाश डालते हुये उपस्थित लोगों से इन महापुरुषों की जीवन शैली एवं कार्यशैली से सीख लेकर उसे अपनी कार्यशैली में सुमार करने हेतु प्रेरित किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि आज केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाया जा रहा 'स्वच्छता ही सेवा' गॉधी जी की 'स्वच्छता' के प्रति सोच का परिणाम है।

# सपा कार्यालय में मनाई गई राष्ट्रपिता एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती



**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के जिला मुख्यालय पर देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती संकल्प दिवस के रूप में मनायी गयी इस अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव नें कहा कि महात्मा गांधी ने पूरे विश्व को सत्य, समानता, अहिंसा, स्वतंत्रता का संदेश दिया। यही कारण है कि विश्व के अधिकांश देशों में महात्मा गांधी के मानने वालों की भारी संख्या है। वहां पर वह लोग महात्मा गांधी की प्रतिमा की स्थापना भी किए है। इससे देश के लोकतंत्र की गूंज पूरे विश्व में फैली है। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने अपनी सादगी जीवन व आचरण से देश में अद्वितीय स्थान बनाया है।

# महात्मा गांधी और शास्त्री जी के विचार आज भी प्रासंगिक: डॉ. बीना तिवारी



**रायबरेली।** एसजेएस पब्लिक स्कूल में आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। स्कूल की प्रधानाचार्य डॉक्टर बीना तिवारी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने अहिंसा का नारा दिया था और हमेशा सत्य मार्ग पर चलने का आह्वान किया था। हमें गांधी के बताए हुए रास्तों पर चलना है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी आज के समय में काफी प्रासंगिक है। महात्मा गांधी ने अपनी इच्छा शक्ति से अंग्रेजों को इस देश से बाहर कर दिया। उन्होंने कहा कि जय जवान और जय किसान का नारा देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने देश को समृद्धशाली बनाने में योगदान दिया। शास्त्रीजी को उनकी सादगी, देशभक्ति और ईमानदारी के लिये आज भी पूरा भारत श्रद्धापूर्वक याद करता है। शिक्षक बी एस तिवारी,सुनील श्रीवास्तव व शिक्षिका पमा मालिक, और ज़िया सिद्दीकी ने भी महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया। इसके बाद कक्षा 10 के छात्र शिवांश द्विवेदी ने गांधी जयंती पर भाषण दिया जबकि शिक्षिका पमा मालिक ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री पर अपने विचार रखे।

# महात्मा गांधी ने सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को दिलायी आज़ादी: डीएम

**● पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री को किया नमन**

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**राष्ट्रपिता** महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती पर जनपद भर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कैंप कार्यालय व कलक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया, महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को आजादी दिलाई। सादगी के प्रतीक पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी को भी नमन किया। उनके पदचिन्हों पर चलने का आवाहन किया। भारतीय स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा और नई गति देने में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का अतुलनीय योगदान है। सत्याग्रह तथा अभिनय अवज्ञा आंदोलन के माध्यम से उन्होंने सभी वर्गों में आजादी की लौ को प्रज्ज्वलित किया।

राजनैतिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक समरसता के माध्यम से महात्मा गांधी जी ने राष्ट्र को एक सूत्र में परोकर सशक्त राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के आदर्शों, सिद्धांतों व उनके सद्विचारो को अपनाने के साथ ही उनके पदचिन्हों पर चलने का शुभ अवसर प्रदान करता है। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का जो मूलमंत्र है, जो अंत्योदय की भावना है।

केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाए है, कुछ पात्र व्यक्ति योजनाओ से वंचित है उन व्यक्तियों तक योजनाओ का लाभ पहुँचाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। महिलाओं एवं बच्चियों के विरुद्ध होने वाले अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। गरीबी एक बहु-आयामी परिस्थिति है, अतः इसके समुचित निराकरण के लिए सभी सम्भव उपायों, विकल्पों पर कार्य करना आवश्यक है।

# जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन



**रायबरेली।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 155वीं जयंती व देश के दूसरे प्रधानमंत्री भारतरत्न, सादगी के प्रतीक लाल बहादुर शास्त्री जी व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पूर्व सांसद मसूरिया दीन पासी जी के जन्म दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी रायबरेली द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया, कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में तीनों महापुरूषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के दिखाये मार्ग पर चलकर ही देश में आपसी प्रेम-सौहार्द कायम किया जा सकता है, और नफरती लोगों को हराया जा सकता है। प्रभात-फेरी निकाली गई।

# हीरापुर में अवैध मिट्टी खनन में दो जेसीबी व दो ट्रैक्टर मौके से पकड़े



**जालौन, उरई।** औरैया मार्ग पर ग्राम हीरापुर में रोक के बाद भी मिट्टी की अवैध खुदाई चल रही थी। एक सप्ताह से ज्यादा समय से चल रहे मिट्टी के अवैध कारोबार की मिल रही शिकायतों पर एसडीएम ने नायब तहसीलदार के साथ छापा मारकर मिट्टी के कारोबार में लगी दो जेसीबी मशीन व दो ट्रैक्टर पकड़ लिए। पकड़ी गई मशीन व ट्रैक्टर को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया गया है। नगर व आसपास क्षेत्र में मिट्टी का अवैध कारोबार चल रहा है। मिट्टी के अवैध कारोबार की लगातार खबरें भी प्रकाशित हो रही है। जिनका संज्ञान में लेकर एसडीएम विनय मौर्य ने नायब तहसीलदार गौरव कुमार के साथ ग्राम हीरापुर में चल रहे मिट्टी के अवैध कारोबार पर छापा मारा। छापामारी के दौरान टीम ने मिट्टी के अवैध कारोबार में लगे दो ट्रेक्टर व दो जेसीबी मशीन को पकड़ लिया।

अधिकारियों के पहुंचते ही मिट्टी कारोबारियों में हडकंप मच गया और मौका पाकर कुछ ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर भाग गए। एसडीएम ने मिट्टी के अवैध कारोबार में पकड़े गए ट्रैक्टर तथा जेसीबी मशीन को पकड़कर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

# पंचायत भवनों में ताले बंद, प्रधान के घर से चल रहा कामकाज




**शुकुल बाजार, अमेठी।** दर्जनों पंचायत भवन पर ताले बंद हैं। प्रधान जी खुद में मस्त हैं। घर से पंचायत की पूरी सरकार चल रही। जनता बेचारी लाचार है। काम के लिए कभी मुखिया के घर तो कभी पंचायत सचिव की तलाश में कार्यालय की दौड़ ग्रामीण लगा रहे हैं। यह बड़ी समस्या है। सुविधाओं की उपलब्धता के बावजूद सरकारी कर्मी गांवों की ओर रूख करना ही नहीं चाहते। नतीजा सरकार के लाख प्रयासों के बावजूद पंचायत भवन सपना साकार होने पर ग्रहण लगा है। पंचायत भवन का कब ताला खुलता है और कब बंद होता है, यह स्थानीय लोगों को पता नहीं है। इस गंभीर मुद्दे पर संवाददाता 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन कई पंचायत में ग्राउंड पड़ताल किया। जिसमें यह चौकाने वाले सच सामने आई कि कई ग्राम पंचायत पर ताले लटक रहे थे ढ्ढ स्वच्छता पखवाड़ा होने के बावजूद भी कई ग्राम पंचायत के आसपास गंदगी का अंबार लगा हुआ था। बलापुर, निहालगढ़ सदा पट्टी आशीशपुर, भटमऊ, गयासपुर, ब्यारायमऊ आदि ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन बंद थे ढ्ढ ग्रामीणों द्वारा पूछे जाने पर पता चला कि कई-कई माह में एक बार खोल दिया जाता है, लेकिन जनता का काम करने के लिए नहीं।

# सिकरी राजा ग्राम पंचायत को मॉडल के रूप विकसित किया जाए: बीडीओ

**संवाददाता।** जालौन, उरई

**ग्राम** सिकरीराजा में सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा की अध्यक्षता व बीडीओ अरूण सिंह की उपस्थिति में ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत खुली बैठक का आयोजन किया गया। गांव में आयोजित बैठक में गांव के विकास के कार्य योजनाओं पर चर्चा की गई और लोगों से सुझाव लिए गए।

बीडीओ अरूण सिंह ने कहा कि गांव के विकास में गांव के हर व्यक्ति की भागीदारी होती है। इसलिए गांव के विकास के लिए महिलाओं व बच्चों से भी सुझाव व उनकी जरूरत का ख्याल रखा जाएगा। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला और बालविकास, महिला कल्याण की सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में लोगों से जानकारी दी गई साथ ही उसमें सुधार पर चर्चा की गयी। उन्होंने सचिव व प्रधान से कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाते हुए जियो टैग फोटो खींचकर पोर्टल पर अपलोड भी करना सुनिश्चित करें। डोर टू डोर कूडा कलेक्ट किया जाए और गांव में अपशिष्ट का समुचित ढंग से प्रबंधन किया जाए।

ग्राम पंचायत को मॉडल के रूप विकसित किया जाए और गांव में सभी शासकीय भवनों में रैन वाटर हॉर्वेस्टिंग की स्थापना को अनिवार्य रूप से कार्ययोजना में सम्मिलित किया जाए। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर एडीओ पंचायत देवेन्द्र कुमार, सचिव कुलदीप, प्रधान आलोक वर्मा, यश पटेल, सुशील कुमार, रानू राजावत, राम, सत्यनारायण, नीरज, बृजकिशोर वर्मा, उपेंद्र गुर्जर, ओमवीर धनौरा, दिलीप सिंह, विष्णु भदौरिया, बल्लू पाल, पप्पू नेता आदि मौजूद रहे।

## शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ आज से, सजने लगे पंडाल

**जालौन, उरई।** गुरुवार से देवी मां दुर्गा की पूजा-आराधना का पर्व शारदीय नवरात्र शुरू हो रहे हैं। हिंदू धर्म में नवरात्र पर्व का विशेष महत्व होता है। कुल चार नवरात्र में चैत्र और शारदीय नवरात्रि पर घर-घर देवी मां विराजमान होती हैं। नवरात्र पर देवी पांडालों को सजाने का काम पूरा हो चुका है। आज पूर्ण विधि विधान से देवी पांडालों में देवी प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। गुरुवार से देवी आराधना का पर्व शुरू होने वाला है। इसके पहले ही दिन कलश (घट) स्थापना होती है। साथ में अखंड ज्योति और जवारे यानी धान बोने की भी परंपरा है। पंडित देवेंद्र शुक्ला बताते हैं कि देवी स्थापना और उनकी पूजा अर्चना के लिए मिट्टी का कलश, दीपक, अनाज और सोलह श्रृंगार की चीजें के अलावा घर को सजाने के लिए वंदनवार और रंगोली की व्यवस्था करें। जिस जगह कलश स्थापना और देवी की चौकी बैठाना हो, उस जगह को गंगाजल और गौमूत्र का छिड़काव कर पवित्र कर लें। इसके बाद देवी स्थापना करें।

# बारिश व बाढ़ से क्षतिग्रस्त घरों व फसलों का सर्वे जल्द करने पर जोर दिया एसडीएम ने

**कालपी, जालौन।** तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी की मौजूदगी में उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह अध्यक्षता में लेखपालों तथा राजस्व कर्मचारियों की साप्ताहिक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बरसात तथा बाढ़ से क्षतिग्रस्त घरों तथा फसलों का सर्वे करने पर जोर दिया गया। साथ सभी 239 ग्रामों में एग्री स्टेक एप्प फसल का काम 5 अक्टूबर तक निपटाने के निर्देश दिये गये। तहसील के सभागार में आयोजित बैठक में उपजिलाधिकारी ने कहा कि बीते हाल के दिनों में बारिश तथा बाढ़ से तमाम इलाकों में नुकसान पहुंचा है। इसलिए क्षतिग्रस्त फसलों तथा घरों का सर्वे जल्द किया जायें। उन्होंने बताया कि सभी लेखपाल अपने अपने क्षेत्र के ग्रामों में एग्री स्टेक एप्प का काम 5 अक्टूबर तक निपटा लें। इसमें किसी भी प्रकार की उदासीनता को बर्दास्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आइजीआरएस पोर्टल में दर्ज शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करके कहा कि सभी प्रार्थना पत्रों को तत्परतापूर्वक मौके पर जाकर के गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण नियत तिथि से 3 दिन पहले किया जाए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अवगत कराया कि गांवों में सरकारी भूमि में अतिक्रमण पर कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाये। एसडीएम ने निर्देश दिये कि कुरा बंटवारे की जो पत्रावलियां लम्बित है उनमें रिपोर्ट तैयार कर नियत तिथि से पहले न्यायालय में प्रस्तुत करें। बैठक में नायाब नीलमणि सिंह, राजस्व निरीक्षक राम राजा राजपूत, सदर लेखपाल जितेंद्र कुमार, जयवीर सिंह, प्रियंका सिंह, एसके महान, शिव मंगल पाठक,सलीम खान,सेवेंद कुमार, अमित कुशवाहा राघवेन्द्र निरंजन के अलावा राजस्व कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# टरननगंज चौराहा को महारानी लक्ष्मीबाई के नाम से जाना जायेगा

**कालपी, जालौन।** शीघ्र ही नगर का टरननगंज चौराहा को अब महारानी लक्ष्मीबाई के नाम से जाना जाएगा। इसके लिए लोकतंत्र रक्षक सेनानियों ने एक पत्र नगर पालिका परिषद को दिया है। नगर का एक मोहल्ला व चौराहा टरननगंज के नाम से जाना जाता है लेकिन इसका नाम महारानी लक्ष्मीबाई के नाम परिवर्तित करने के लिए कई वर्षों से शिक्षक मोर्चा के नेता एवं लोकतंत्र रक्षक सेनानी लाल सिंह चौहान धरना प्रदर्शन एसडीएम वह जिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को ज्ञापन दे चुके हैं। इस बारे में लाल सिंह चौहान ने बताया कि नगर पालिका की बैठक में टरननगंज का नाम महारानी लक्ष्मी बाई के नाम किए जाने का प्रस्ताव हो चुका है। गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को लोकतंत्र सेनानी प्रतिनिधि मंडल के साथ अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला से मिले तथा पिछली कार्रवाई का हवाला देते हुए नाम परिवर्तन का आग्रह किया। लाल सिंह चौहान ने बताया कि अधिशासी अधिकारी ने आश्वासन दिया है।

# डीएम ने मलिन बस्ती में आउटरीच हैल्थ कैंप का किया शुभारंभ



**उरई, जालौन।** बुधवार को राजेन्द्र नगर वार्ड नंबर 9 में मलिन बस्ती में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत गांधी जयंती पर विशाल आउटरीच हेल्थ कैंप का शुभारंभ जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने किया। राजेन्द्र नगर मलिन बस्ती के बार्ड नंबर 9 में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत लगाया गया कैम्प में लगभग 100 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। जिलाधिकारी ने कैम्प में एक एक करके लोगो से उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा और कहा कि अच्छी दिनचर्या रहन खान पान ही स्वास्थ्य व्यक्ति की पहचान है। उन्होंने उपस्थित लोगो से उनके रोजगार शिक्षा, दीक्षा की भी बात पूछी और अधीनस्थों को उन महिलाओं को सरकार की योजनाओं से लाभन्वित करने के निर्देश दिए बुजुर्ग महिला की आंखों का ऑपरेशन कराने का आश्वासन दिया, साथ ही नन्दनी पुत्री महेश की आगे की पढ़ाई की भी बात कही।

इस दौरान मानसिक स्वास्थ्य, टीकाकरण, सुगर आदि की जांच की गई एवं स्टाल लगाए गए। दिनेश सिंह, अर्बन कॉर्डिनेटर संजीव चंदेरिया, डॉ विष्णु गोपाल, गोपाल, डॉ अरिसूदन, एलटी हिमांशु सहित टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण किया।

# तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराकर आठ फिट नाले में गिरी, चालक की मौत

**कार से बरामद किया गया आठ किलो गांजा**



**असोथर (फतेहपुर)।** निर्माणाधीन असोथर, विजयीपुर मार्ग में भोर पहर तेज गति से चल रही कार अनियंत्रित होकर खिन्नी के पेड़ से टकरा गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्विफ्ट डिजायर गाडी के परखचे उखड गये। आठ फिट हवा में उछली गाडी गंदा नाला में गिर गयी और चालक कि दर्दनाक मौत हो गई। असोथर थाना क्षेत्र अंतर्गत असोथर–विजयीपुर मार्ग में गांव कौंडर मोड़ के आगे तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराकर छोटे नाले में जा गिरी। चोट की वजह से कार चालक की जान चली गयी। मृतक राजेश उर्फ ननकू दुबे उम्र करीब 35 वर्ष किशनपुर थाना क्षेत्र के गांव जिहरवा के निवासी हैं। ननकू दुबे सुबह 07 बजे कार से असोथर की ओर जा रहे थे, तभी अनियंत्रित होकर कार पेड़ से टकरा गई और नहर में गिर गई। स्थानीय लोगो ने कार का शीशा तोड़कर युवक को घायल अवस्था में बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दिया। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से थरियाव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस जेसीबी से कार को बाहर निकालकर थाने लेकर चली गयी। कार में तलासी के दौरान 05 पालीथीन बैग में पानी से भीगा साढ़े आठ किग्रा गांजा बरामद किया गया है। दो मोबाइल, एक कारतूस का खोखा मिला है। विभागीय कार्रवाई चालू है जिस गाड़ी का एक्सीडेंट हुआ है स्विफ्ट डिजायर मृतक के मौसा दिनेश पांडेय एड. निवासी देवरी थाना पश्चिम शरीरा कौशांबी की है जिसे मांग कर लाये थे। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# अधिकारी पार्टी कार्यकर्ताओं तथा गरीबों की समस्या का तुरंत करें निदानः टेनी



**तिकुनिया खीरी।** कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करना शुरू कर देंए जिले के अधिकारी पार्टी के कार्यकर्ताओं को तथा गरीब लोगों की समस्याओं को शीघ्र समाधान करने में आगे आए जिससे उन्हें तत्काल न्याय मिल सके। कार्य में हीला हवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बुधवार को पैतृक गांव बनवीरपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन अम्बिका राइस मिल पर संपन्न हुआ। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीड हैंए ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता सदस्यता अभियान के तहत जोड़े जाएं। सभी कार्यकर्ता इस काम में बढ चढ़कर भाग ले। कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटने ना पाए। जिले के अधिकारी उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान करें गरीबों की बात को तत्काल सुने और निराकरण करें। अगले वर्ष अखिल भारतीय दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सभा को जीएस सिंहए डॉक्टर अभिमन्यू मिश्राए सदर विधायक योगेश वर्माए विनीत मनारए दयाशंकर मौर्य ने भी संबोधित किया।

# डीएम ने किया सड़क सुरक्षा पखवाड़े का शुभारंभ जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी



**लखीमपुर खीरी।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा आमजन को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से 02 से 16 अक्टूबर के मध्य सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा। इसी कड़ी में बुधवार को पखवाड़े के प्रथम दिवस महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती पर सड़क सुरक्षा पखवाड़े का शुभारम्भ कलेक्ट्रेट में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने 11 सड़क जागरूकता रथ ;प्रचार वाहनोंद्ध को हरी झण्डी दिखाकर किया। डीएम ने आमजन से अपील की है कि यात्रा के दौरान यातायात नियमों का पालन करने तथा छोटी.मोटी सावधानियां बरतने से हम स्वयं के साथ साथ दूसरों को भी सुरक्षित कर सकते हैं। वाहनों का संचालन करते समय अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोग करें।

तेज गति से वाहन न चलाएं, किसी प्रकार के स्टंट करने से बचें तथा यातायात संकेतांकों का स्वयं पालन करें। दूसरे लोगों को भी यातायात नियमों के बारे में जागरूक करें। शुभारम्भ समारोह में एडीएम संजय कुमार सिंह एवं एसडीएम सदर अश्वनी कुमार एवं एसडीएम रेनू मिश्राए रत्नाकर मिश्रा एवं एआरटीओ (प्रशासन/प्रवर्तन) अखिलेश कुमार द्विवेदी, पीटीओ कौशलेन्द्र प्रताप यादव, सीएमओ डा संतोष गुप्ता, एबीएसए, अधिशाषी अभियन्ता पीडब्लूडी एवं डीएसओ अंजनी कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। उद्घाटन के पश्चात परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा समारोह में मौजूद आम जनमानस को सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी तथा मौजूद जन.मानस को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलायी गयी। उक्त के अतिरिक्त परिवहन विभाग के प्रवर्तन दलों द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें, जिम्मेदार बने, सुरक्षित रहें के दृष्टिगत लगभग 300 से अधिक लोगों को जागरूक किया गया कि सड़क पर पैदल एवं वाहन से चलते समय क्या.क्या सावधानी बरतनी चाहिए।

# शारदीय नवरात्र आज से पण्डालों में पहुंची मूर्तियां

**आज होगी प्राण प्रतिष्ठा, पंडालों को अंतिम रूप देने में जुटे रहे युवा**

**संवाददाता।** फतेहपुर

**शारदीय** नवरात्र कल से शुरू हो रहे हैं। पर्व को लेकर मां दुर्गा कमेटियों द्वारा पंडालों को पिछले चार दिनों से सजाया जा रहा है। भक्तों में गजब का उत्साह है। बुधवार को आर्डर पर दी गई मूर्तियों को अलग–अलग कमेटियों के जिम्मेदार लोग ट्रैक्टर, पिकअप में लादकर जयकारे लगाते हुए निर्धारित पंडालों तक पहुंच गए। कल इन मूर्तियों की पूजा–अर्चना के बाद प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। प्रथम दिन शैलपुत्री की आरती होगी। बताते चलें कि जगत जननी मां शेरावली के रूप में मनाये जाने वाले नवरात्र पर्व को लेकर दुर्गा कमेटियों द्वारा प्रतिवर्ष पश्चिम बंगाल से आने वाले कारीगरों को मूर्तियां बनाने का आर्डर दे देते हैं। लगभग चार माह तक कारीगर दिये हुए आर्डरों के अनुसार मां दुर्गा की प्रतिमाओं को बड़ी मेहनत से तैयार करते हैं।

शारदीय नवरात्र बुधवार को पितृ विसर्जन के बाद गुरूवार से शुरू हो रहे हैं। नवरात्र पर्व को लेकर कमेटियों द्वारा लगभग पांच–छह दिन पहले से निर्धारित पंडालों को सजाने का काम शुरू कर दिया जाता है जो इस वर्ष भी शुरू हो गया है। मां अंबे के भक्त पूजा–अर्चना की तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। दूसरे पहर से ही शहर सहित ग्रामीण इलाकों की दुर्गा कमेटियों के इंतजामकारों द्वारा अपने–अपने आर्डर की मूर्तियां पंडालों तक पहुंचाये जाने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा।

# सभी को गांधी व शास्त्री जी के आर्दशों को अपने जीवन में आत्मसात् व अनुश्रवण करना चाहिएः जेपी शर्मा

**एसओ ने थाने पर महात्मा गॉंधी व शास्त्री के चित्रों पर अर्पित किये श्रद्धासुमन**



**कानपुर देहात।** रूरा थाने पर थाना प्रभारी जेपी शर्मा के नेतृत्व में पुलिस स्टाफ ने राष्ट्रपिता महात्मा गॉंधी और पूर्व पीएम लालबहादुर शास्त्री जी के चित्र पर मार्ल्यापण कर उनके कृत्यों को सराहा गया। इस मौके पर देश की एकता अखण्डता व स्वच्छता के लिये पुलिसकर्मियों को शपथ भी दिलायी गयी। इस मौके पर एसओ ने कहा कि हर साल देश में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई जाती है। बापू के जन्मदिवस को पूरा राष्ट्र राष्ट्रीय पर्व के तौर पर मनाता है और उनके सत्य व अहिंसा के विचारों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता है। उन्होंने कहा कि हम सभी गांधी जी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात् व अनुश्रवण करें।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के नेतृत्व में चलाए गए स्वाधीनता आंदोलन उत्तर प्रदेश में उसके व्यापक प्रभाव उनके महान व्यक्तित्व द्वारा किए गए रचनात्मक कार्यक्रमों एस्वदेशी आंदोलन नमक सत्याग्रह आदि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गांधी जी सादा जीवन उच्च विचारए मितव्ययिताए नैतिकताए भाईचारा तथा सर्वधर्म सम्भाव जैसे आदर्श जीवन मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने यह भी बताया कि देश को कमजोर करने वाली शक्तियों से सावधान रहते हुए राष्ट्रीय अस्मिता की रक्षा करना हमारा पुनीत कर्तव्य हैएजिसका संकल्प आज के दिन दोहराया गया है। इस मौके पर रूरा चौकी ईंचार्ज राकेश कुमार सिंह, एसएसआई लक्ष्मण सिंह, एसआई राजकुमार, चालक करन सिंह सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## गांधी-शास्त्री के विचारों पर कार्य कर बढ़े आगेः डीएम

**फतेहपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी रविंद्र सिंह ने कलेक्ट्रेट में झंडारोहण कर गांधी मैदान में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गॉंधी एवं अंबेडकर पार्क स्थित बाबा साहब डा0 भीमराव अंबेडकर व बुद्ध पार्क स्थित महात्मा गौतम बुद्ध जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया तत्पश्चात कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। डीएम ने बापू जी और शास्त्री जी के चित्र पर मल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जीवन में गाँधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन मूल्यों और विचारों पर कार्य करते हुए आगे बढ़े। अधिकारी/कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी, लगन और संवेदनशीलता के साथ करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों की समस्याओं का निस्तारण करें यही गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## क्विक न्यूज

### जयंती पर याद किये गए गांधी और लाल बहादुर

**पुखरायां। कानपुर देहात।** भोगनीपुर तहसील क्षेत्र में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनायी गई। सरकारी प्रतिष्ठानों में राष्ट्र ध्वज फहराया गया। विद्यालयों में छात्र-छात्राओं ने संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और मिष्ठान वितरण के बाद कार्यक्रम संपन्न हुए। विकास खंड अमरौधा के विकासकर्मियों ने स्वच्छता रैली भी निकाली। भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के सीपीकेयू इंटर कॉलेज मूसानगर, नोनापुर इंटर कॉलेज नोनापुर, बृजबिहारी मेहरोत्रा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अमरौधा, विवेकानंद राष्ट्रीय इंटर कॉलेज पुखरायां, आदर्श किसान इंटर कालेज हांसेमऊ समेत सभी विद्यालयों में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनायी गई। संबंधित स्कूलों के प्रधानाचार्यों ने राष्ट्र ध्वज फहराया और महापुरूषों के चित्रों का अनावरण करके माल्यार्पण किया। कई विद्यालयों में पांच किलोमीटर की पैदल चाल का आयोजन किया गया। जबकि कई स्थानों पर रामधुन धुन सुनायी दी। भोगनीपुर तहसील कार्यालय, थानों एवं सीओ कार्यालय में भी ध्वजारोहण किया गया।



### कांग्रेसियों ने उत्साह से मनाई गांधी-शास्त्री जयंती

**फतेहपुर।** कांग्रेसियों ने आज पहले कचेहरी प्रांगण स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और फिर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की। जिला अध्यक्ष बीरेंद्र सिंह चौहान, शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा, समेत देवी प्रकाश दुबे, राजन तिवारी, वरिष्ठ नेता महेश द्विवेदी, श्रवण गौड़, राजू लोधी, सईद चच्चा, संतोष कुमारी शुक्ला, हेमलता पटेल, शबनम,पंडित रामनरेश महराज, आशीष गौड़, शैलेंद्र सिंह, अकरम काले, हम्माद हुसेन, अमित श्रीवास्तव, कमल मिश्रा, वकील खान, हरी ओम शुक्ला, फैसल अब्बास आदि मौजूद रहे।

### स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत का दिया संदेश

**फतेहपुर।** स्थानीय सेंट जेवियर्स हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा गांधी-शास्त्री जयंती पर विद्यालय प्रांगण एवं आसपास साफसफाई कर स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत का संदेश दिया। इस मौक़े पर विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. प्रियंका गुप्ता, प्रबंधक नीतीश कुमार, कोऑर्डिनेटर मनोरंजन प्रसाद, अविनाश मौर्य, विनीता सिंह, शालिनी अग्रहरि, बुसरा आदि भी मौजूद रहें।

### कांग्रेस शहर अध्यक्ष ने गांधी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**फर्रुखाबाद।** आज प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार कार्यवाहक शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा एडवोकेट एवं यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अम्मार अली एवं यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष आरिफ खान ने सत्य,अहिंसा के उपासक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर टाउन हॉल स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी एवं प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूर्व सांसद मसूरियादीन पासी जी के संस्मरणो पर प्रकाश डालते उनको याद किया उसके उपरांत इस अवसर पर बृक्षारोपण कार्यक्रम किया।

### डीएम ने गांधी जी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**लखीमपुर खीरी।** गांधी व शास्त्री जयंती के अवसर पर नगर में स्थित गांधी बालोद्यान कन्या जूनियर हाईस्कूल विघालय में डीएम दुर्गा शक्ति नागपालए एडीएम संजय कुमार सिंहए उपजिलाधिकारी अश्वनी कुमार सिंहए रेनू मिश्राए रत्नाकर मिश्रा ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। विद्यालय की नर्सरी की छात्रा ने डीएम का माल्यार्पण किया। विद्यालय के छात्राओं ने रामधुन सहित तमाम देशभक्ति से भरे गीत प्रस्तुत किये। इस मौके पर विद्यालय अध्यक्षध्डीएम ने कहा कि वर्तमान समय में महात्मा गांधी के सत्य अहिंसा तथा शांति के संदेश की प्रासंगिता और अधिक बढ़ गयी है। ऐसे में गांधी जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए हमें तेजी से आगे बढ़ने की आवश्यकता है। विद्यालय के बच्चों को सम्बोधित करते हुए उन्होनें कहा कि उत्तरोत्तर प्रगति करते हुए नये सोपानों को प्राप्त करे। आप सभी बाल्यकाल में है और देश में आने वाले भविष्य है। बापू के बताए रास्ते पर चलकर गांधी जी के मूल्यों और आर्दशों को अपनाये। शिक्षा वह रास्ता है जो आसपास एवं परिवार का भविष्य संवार सकता है। डीएम ने कहा कि नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपने मनमोहक प्रस्तुति के जरिए गांधी जी को साक्षात आंखों के सामने लाकर रख दिया। बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। उन्होंने विद्यालय की हर संभव मदद के लिए भी आश्वस्त किया। डीएम ने अफसरों संग बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आनंद लिया।

## सत्य और अहिंसा के पुजारी थे महात्मा गांधीः अमित कुमार

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** 02 अक्टूबर एक बेहद विशेष तिथि है क्योंकि इस दिन महात्मा गाँधी और देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म हुआ था। ये दोनों ही महान हस्तियाँ भारत के इतिहास से लेकर वर्तमान तक और आने वाले भविष्य में भी प्रासंगिक बनी रहेंगी। एक तरफ गाँधी जी है। जिन्होंने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, तो दूसरी ओर लाल बहादुर शास्त्री जिनके जीवन को ही सादगी की मिसाल के तौर पर देखा जाता है। यह बात प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने कही। तेराजाकेट जीटी रोड स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर कालेज में गाँधी जयंती के अवसर पर प्रधानाचार्य द्वारा ध्वजारोहण किया गया साथ ही तिरंगे को सलामी दी गई। इस दौरान महात्मा गाँधी तथा देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के साथ माँ सरस्वती के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

# सांसद मुकेश राजपूत के कालेज में महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री की मनाई जयंती



**फर्रुखाबाद।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत रामपुर डफरपुर में सांसद मुकेश राजपूत के स्कूल माता चंद्रावती में मेधावी छात्र–छात्राओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी बीके सिंह, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, सांसद मुकेश राजपूत, भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता, जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया झंडारोहण व राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ जिसमें स्कूल की छात्राओं ने सरस्वती वंदना व छात्रों ने राष्ट्रगीत की धुन पर प्रस्तुति दी। डीएम बीके सिंह ने कहा छात्र व छात्राएं नए भारत का भविष्य है एक उज्जवल भविष्य के लिए सभी मेधावियों को अच्छी शिक्षा की आवश्यकता है इसलिए राष्ट्र की प्रगति में मेधावी छात्र और छात्राओं का योगदान होता है। दो महापुरुषों की इस जन्म जयंती पर युवा पीढ़ी को उनके विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए कि ऐसे महापुरुष जिन्होंने हिंसा के रास्ते को न चुनकर सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलकर भारत को आजाद करने का कार्य किया। आज उन्हीं के कारण हम सभी खुली हवा में सांस ले रहे हैं।

# नगर व क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गांधी व शास्त्री जयंती



एबी गर्ल्स कॉलेज व माल्यार्पण करते प्रधानाचार्य व पालिका एवं नगर पंचायत मे अध्यक्ष व ईओ।

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं स्वतंत्र भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर नपाप एवं नगर पंचायत समधन सहित निजी शिक्षण संस्थानों में भी ध्वजारोहण कर उन्हें याद किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एवं महात्मा गांधी के जन्मदिन पर उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। नपाप में अधिशासी अधिकारी द्वारा राष्ट्रीय ध्वजारोहण करनें के बाद सभासदों विपिन चौरसिया, दीपक गुप्ता, आजम सिददीकी, चरणजीत, निर्मल श्रीवास्तव, जितेन्द्र गुप्ता, प्रधान लिपिक आरपी सिंह सहित कर्मियों को स्वच्छता शपथ ग्रहण करानें के उपरान्त गांधी एवं स्वतंत्र भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र का अनावरण कर पुष्प अर्पित किए। वहीं दिनांक 17 सितंबर से चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान में अच्छा कार्य करने वाले सफाई कर्मी अजय, विवेक, आदेश, राजीव को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। नगर पंचायत समधन में चेयरमैन आसमा बेगम एवं उनके प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिद्दीकी ने ध्वजारोहण कर स्वच्छता की शपथ दिलाई गई, सफाई अभियान का आयोजन किया गया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों को माला पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सह. क्रय विक्रय समिति पर अध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी एवं दक्षिणी सहकारी समिति पर अध्यक्ष निर्मल चतुर्वेदी ने गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।

मोहल्ला रामगंज स्थित गोमती देवी आदर्श इण्टर कॉलेज में प्रबंधक एवं उप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव विजय मिश्रा, एबी में प्रधानाचार्या फरहीन एजाज, आकाश एजूकेशन में डा. आरके कटियार, तेराजाकेट स्थित बीजेपी इण्टर कॉलेज में प्रधानाचार्य अमित यादव, आरडी मार्डन पब्लिक स्कूल में प्रबंधक ललित मोहन सिंह, जेपी अकाडमी में प्रबन्धक इन्द्र कुमार गुप्ता, प्रा. विद्यालय झूसी नागर में प्रधानाध्यापक शैलेंद्र सिंह यादव, प्रा. विद्यालय सिंहपुर में हेड मास्टर विवेक कुमार नें शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर मनाई।

# गांधी के उपदेश आज भी प्रासांगिकः मो. रईस अंसारी

**समाजसेवी अंगूरी शंकर सिन्हा को प्रशस्ति से नवाज़ा गया**



प्रशस्ति पत्र प्राप्त करते हुए अंगूरी शंकर सिन्हा, झाडू लगाते भाजपा कार्यकर्ता।

**संडीला (हरदोई)।** गांधी जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी अंगूरी शंकर सिन्हा को उनकी शानदार सेवा के लिए उन्हें पुरस्कृत किया गया। गांधी जयंती के अवसर पर नगर पालिका परिषद कार्यालय में आयोजित समारोह में चेयरमैन मो. रईस अंसारी, अधिशासी अधिकारी विजेता गुप्ता ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें पुषप अर्पित किए। अपने संबोधन में चेयरमैन मो. रईस अंसारी ने कहा कि गांधी के आदर्शों पर चल कर ही सारे संसार में शांति, प्रेम, बंधुत्व, पारसपरिक सहयोग के जरिए ही लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। यह सिद्धांत आज भी उतना ही प्रासांगिक है जितना गांधी जी के समय में था। अधिशासी अधिकारी विजेता गुप्ता ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर चेयरमैन द्वारा सफ़ाईकर्मियों को प्रशस्ति पत्र तथा किट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में टीएस अनिल प्रकाश आनंदए अवर अभियंता जलकर सुनील यादव, अवर अभियंता सिविल गौरव शुक्ला, खाद्य निरीक्षक मंगल सिंह, मो. इरफ़ान ताज आदि मौजूद रहे। नगर के समाजसेवी अंगूरी शंकर सिन्हा को उनकी बेहतरीन सेवाओं के लिए इस अवसर पर पुरस्कृत किया गया। भाजपा नगर अध्यक्ष रमन नीतश जायसवाल के नेतृत्व में गांधी जयंती के अवसर पर सफ़ाई अभियान चलाया गया। स्थानीय प्रभात फेरी माता मंदिर में सफ़ाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर भाजपा द्वारा खादी की वस्तुओं की खरीद भी की गयी। इसके अलावा नगर के आईआर इंटर कॉलेज, भगवान बुद्ध इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, जूनियर हाई स्कूलए अशराफ़ टोला विद्यालय द्वितीय आदि में गांधी जयंती के बेहतरीन समारोहों का आयोजन किया गया।

# सपा प्रदेश सचिव डा. जितेन्द्र ने उखरा में हुए बेघरों की मदद को बढ़ाए हाथ



**फर्रुखाबाद।** उखरा में ग्रामसभा की भूमि पर बने लगभग दो दर्जन मकानों को ध्वस्त करने के बाद बेखर हुए परिवारों की मदद के लिए सपा नेता डा. जितेन्द्र सिंह यादव नें अपने हाथ बढ़ाएं हैं। नवाबगंज के ग्राम उखरा में सपा के प्रदेश सचिव डॉ. जितेंद्र सिंह गत दिन सायंकाल कार्यकर्ताओं के साथ गांव पहुंचे,। मौके पर जाकर नुकसान का जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने अनिल यादव और रामकुमार यादव, किशन कुमार और अन्नू के परिवार को आर्थिक मदद दी। इसके ससथ ही प्रधानमंत्री आवास टूटने वाली मुन्नी देवी को आर्थिक मदद दी गई। डा. जितेंद्र सिंह यादव ने भरोसा दिया कि अनिल की पुत्री प्रवीना की शादी 27 नवंबर को ही कराई जायेगी, उसका पूरा इंतजाम डॉ. जितेंद्र द्वारा किया जायेगा।

शादी का कार्यक्रम नवाबगंज गेस्ट हाउस में कराया जायेगा। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि कल वह जिले के एसपी से मिलकर दर्ज किये गये मुकदमे में झूठे लोगों को न फंसने जाने की बात करेंगे। थानाध्यक्ष बलराज भाटी से गांव में दहशत खत्म करने का भी बात की है। उन्होंने कहा कि मुकदमा लिखा गया है, जो झूठे मुकदमे में फंसे गये हैं उनको बेवजह परेशान न कर गांव में दहशत का माहौल न पैदा करें। पूरे 25 परिवारों को जब तक उन्हें रहने और खाने का इंतजाम नहीं होता है तब तक डा. जितेन्द्र सिंह यादव नें 150 लोगों का खाना दोनों समय उपलब्ध करानें का भरोसा दिया। विधान सभा अध्यक्ष भोला यादव आदि रहे।

# अग्रसेन क्रिकेट क्लब ने तीन विकेट से महालक्ष्मी क्रिकेट क्लब को हराया



पुरस्कार लेते विजेता और उपविजेता टीम के सदस्य।

**पुखरायां। कानपुर देहात।** महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के अंतर्गत बुधवार को कस्बा के यूनाइटेड पब्लिक स्कूल के प्रांगण में एक क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया गया। फाइनल मुकाबले में अग्रसेन क्रिकेट क्लब ने महालक्ष्मी किक्रेट क्लब को सात विकेट से मात दे दी। मुख्य अतिथि के रूप में अनूप मित्तल और मुरारी लाल गोयल ने फीता काटकर मैच का शुभारभ कराया। महालक्ष्मी क्रिकेट क्लब पुखरायां की टीम के कप्तान ने टास जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला लिया। 15 ओवरों में 8 विकेट खोकर 202 रन का लक्ष्य दिया। दूसरी पारी में अग्रसेन क्रिकेट क्लब पुखरायां टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 13 ओवरों में तीन विकेट खोकर जीत दर्ज कर ली। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष उमंग अग्रवाल ने बताया कि मुख्य अतिथि अनूप मित्तल एवं मुरारी गोयल ने विजेता और उपविजेता टीमों के सदस्यों को पुरस्कार बांटे।

## आज निकाली जाएगी महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा

अग्रवाल सभा की ओर से कस्बे में मनाई जा रही महाराज अग्रसेन के जयंती समारोह में गुरूवार को भव्य शोभयात्रा निकाली जाएगी। कस्बे की गलियों में भ्रमण कराया जाएगा। अध्यक्ष ने बताया कि तीन सितंबर गुरूवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। महाराजा अग्रसेन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का सजीव चित्रण किया जाएगा। महापुरूषों के रूप में बच्चों को सजाकर शोभायात्रा निकाली जाएगी। चित्र पूजन, गोष्ठी, मेधावी सम्मान, डांडिया नाइट, फैंसी ड्रेस शो, नृत्यकला प्रतियोगिता व पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम संपन्न होगा। मुख्य उद्देश्य न केवल महाराजा अग्रसेन के सिद्धांतों को जीवित रखना है, बल्कि समाज के हर वर्ग को एक मंच प्रदान करना भी है।

# पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से प्रभावित हो सकता है कच्चे तेल, इलेक्ट्रॉनिक्स का व्यापार : निर्यातक

**नई दिल्ली।** निर्यातकों का कहना है कि पश्चिम एशियाई क्षेत्र में संघर्ष बढ़ने से पहले से ही ऊंची लॉजिस्टिक्स लागत और बढ़ने के साथ ही कच्चे तेल, इलेक्ट्रॉनिक्स और कृषि जैसे क्षेत्रों में व्यापार को नुकसान पहुंच सकता है। युद्ध में सीधे तौर पर शामिल देशों को निर्यात के लिए बीमा लागत भी बढ़ सकती है, जिसका भारतीय निर्यातकों की कार्यशील पूंजी पर असर पड़ेगा। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि संघर्ष पहले से ही इजरायल, जॉर्डन और लेबनान जैसे देशों के साथ भारत के व्यापार को नुकसान पहुंचा रहा है।

निर्यातकों के प्रमुख संगठन फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) ने कहा कि ईरान-इजरायल संघर्ष में कई तरीकों से विश्व व्यापार और वैश्विक अर्थव्यवस्था को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करने की क्षमता है।

फियो के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा, ईरान तेल बाजार में एक प्रमुख कारोबारी है। संघर्ष में कोई भी वृद्धि तेल की आपूर्ति को बाधित कर सकती है, जिससे कीमतें बढ़ सकती हैं, जिसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ेगा, खासकर उनपर जो तेल आयात पर निर्भर हैं। तेल की कीमतें पहले ही चार डॉलर प्रति बैरल बढ़ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि तनाव बढ़ने से पश्चिम एशिया में अस्थिरता आ सकती है, जिससे होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे व्यापार मार्ग प्रभावित हो सकते हैं, जिसके माध्यम से दुनिया के कच्चे तेल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा गुजरता है।

सहाय ने कहा, व्यवधानों के कारण शिपिंग लागत और देरी बढ़ सकती है। कई वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं पश्चिम एशिया की स्थिरता पर निर्भर करती हैं। यह संघर्ष परिवहन और लॉजिस्टिक्स को बाधित कर सकता है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर कृषि तक के उद्योग प्रभावित हो सकते हैं। इसके अलावा, अगर पश्चिमी दुनिया प्रतिबंध या व्यापार प्रतिबंध लगाती है, तो यह वैश्विक व्यापार को और जटिल बना देगा।

हैंड टूल एसोसिएशन के चेयरमैन एस सी रल्हन ने कहा कि इन देशों को दिए जाने वाले ऑर्डर रुके रहेंगे और धीरे-धीरे इस क्षेत्र में व्यापार करना बहुत जोखिम भरा और मुश्किल हो जाएगा। रल्हन ने कहा, बीमा लागत बढ़ जाएगी या शायद हमें उस क्षेत्र में कोई बीमा सुरक्षा न मिले। जनवरी-जुलाई, 2024 के दौरान, संघर्ष से सीधे प्रभावित देशों के साथ भारत के व्यापार को महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, इज़राइल के निर्यात में 63.5 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है। इसके असर से जॉर्डन में 38.5 प्रतिशत की गिरावट देखी गई और लेबनान में 6.8 प्रतिशत की कमी आई है। अक्टूबर, 2023 में शुरू हुआ इज़राइल-हमास संघर्ष अब लेबनान, सीरिया तक फैल गया है और अप्रत्यक्ष रूप से जॉर्डन और ईरान को प्रभावित कर रहा है।

चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जुलाई के दौरान भारत का इज़राइल को निर्यात 63.9 करोड़ डॉलर का रहा। वर्ष 2023-24 में यह 4.52 अरब डॉलर का था। वित्त वर्ष के पहले चार महीनों के दौरान इज़राइल से आयात 46 करोड़ 94.4 लाख डॉलर का था। वर्ष 2023-24 में यह दो अरब डॉलर का हुआ था।

इस वित्तवर्ष में अप्रैल-जुलाई के दौरान ईरान को भारत का निर्यात 53 करोड़ 85.7 लाख डॉलर का था। वर्ष 2023-24 में यह 1.22 अरब डॉलर का हुआ था। इस वित्त वर्ष के पहले चार महीनों के दौरान ईरान से आयात 14 करोड़ 6.9 लाख डॉलर का था। वर्ष 2023-24 में यह 62 करोड़ 51.4 लाख डॉलर का हुआ था। इसी तरह, इस वित्तवर्ष में अप्रैल-जुलाई के दौरान जॉर्डन को देश का निर्यात 22 करोड़ 85.6 लाख डॉलर का हुआ था। वर्ष 2023-24 में यह 1.46 अरब डॉलर था। इस वित्त वर्ष के पहले चार महीनों के दौरान जॉर्डन से आयात 69 करोड़ 92.8 लाख डॉलर का था। वर्ष 2023-24 में यह 1.4 अरब डॉलर का हुआ था।

# मणिपुर में जमीन को लेकर हुई गोलीबारी में तीन की मौत, निषेधाज्ञा लागू

**इंफाल।** स्वच्छता अभियान के तहत उखरुल शहर में एक भूखंड की सफाई को लेकर बुधवार को दो समूहों के बीच हुई गोलीबारी में ड्यूटी पर तैनात मणिपुर राइफल्स के एक कर्मी सहित तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। झड़प के बाद निषेधाज्ञा लागू कर दी गई और एक दिन के लिए शहर में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गईं। झड़प में पांच अन्य लोग घायल भी हो गए। अधिकारियों ने बताया कि दोनों पक्ष नगा समुदाय से संबंध रखने वाले लेकिन अलग-अलग गांव के हैं तथा दोनों जमीन पर अपना दावा जताते हैं। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बलों को जिले में भेजा जा रहा है।

झड़प शुरू होने के बाद, इसमें शामिल लोगों ने कई गोलियां चलाईं, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। मृतकों की पहचान वॉरिनमी थुमरा, रीलीवुंग होंग्रे और सिलास जिंगखाई के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि थुमरा मणिपुर राइफल्स का जवान था, जो राज्य सरकार के अधीन एक बल है और वह कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए वहां गया था। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को इंफाल के अस्पताल में रेफर कर दिया गया है, जबकि अन्य का इलाज उखरुल के जिला अस्पताल में चल रहा है।

हिंसा के बाद, तांगखुल नागा के तीन विधायकों ने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने और बातचीत के माध्यम से सौहार्दपूर्ण ढंग से मुद्दे को सुलझाने की अपील की। उखरुल के उप-मंडलीय दंडाधिकारी डी. कामई ने पुलिस अधीक्षक से मिले एक पत्र का हवाला दिया जिसमें थावईजाव हंगपुंग यंग स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन (टीएचवाईएसओ) द्वारा आयोजित सामाजिक कार्य तथा उस पर हुनफुन गांव प्राधिकरण द्वारा हुनफुन इलाके में आपत्ति की आशंका जताई गई है।

उप-मंडलीय मजिस्ट्रेट ने आदेश में कहा कि इस तरह की गड़बड़ी से शांति, सार्वजनिक शांति का गंभीर उल्लंघन हो सकता है तथा मानव जीवन और संपत्तियों को खतरा हो सकता है। इसमें कहा गया है, अब, इसलिए... भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 163 की उप-धारा। के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, किसी भी व्यक्ति की उनके संबंधित आवासों के बाहर आवाजाही और किसी भी ऐसे अन्य कार्य या गतिविधि पर दो अक्टूबर को सुबह साढ़े नौ बजे से अगले आदेश तक रोक लगाने का आदेश जारी किया जाता है जो कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बिगाड़ सकती है।

# महिलाओं का समर्थन मिला तो लाडकी बहिन योजना में राशि 3,000 कर दी जाएगीः शिंदे

**भाषा।** कोल्हापुर (महाराष्ट्र)

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि अगर राज्य की महिलाओं का उनकी सरकार को समर्थन मिला तो लाडकी बहिन योजना के तहत आर्थिक सहायता राशि बढ़ाकर 3,000 रुपए कर दी जाएगी। शिंदे ने इस बात पर हैरानी जताई कि आखिर विपक्षी दल उनकी सरकार की कल्याणकारी पहलों को लेकर ईर्ष्या क्यों करते हैं और उन्होंने विश्वास जताया कि शिवसेना, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) का महायुति गठबंधन आगामी विधानसभा चुनाव में सत्ता में वापसी करेगा।

उन्होंने मंगलवार को कोल्हापुर के कन्हेरी मठ में धर्म ध्वज के उद्घाटन के अवसर पर संतों के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए ए बातें कहीं। विधानसभा चुनाव से पहले शुरू की गई महायुति गठबंधन सरकार की महत्वाकांक्षी कल्याणकारी योजना मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना के तहत 21 से 65 वर्ष की विवाहित, विधवा और बेसहारा महिलाओं को हर महीने ।,500 रुपए दिए जा रहे हैं। इसके लिए लाभार्थी की वार्षिक पारिवारिक आय 2.5 लाख रुपए तक होनी चाहिए।

शिंदे ने लाडकी बहिन योजना को लेकर सरकार की आलोचना करने के लिए विपक्षी दलों की आलोचना की और पूछा कि उन्हें ईर्ष्या क्यों हो रही है? उन्होंने कहा, अगर प्यारी बहनें सरकार को ताकत देंगी तो सरकार इसे ।,500 रुपए से बढ़ाकर 2,000 रुपए कर देगी। यहां तक कि इसे 3,000 रुपए तक भी किया जा सकता है। शिंदे ने देसी गायों को राज्यमाता-गोमाता घोषित करने के सरकार के कदम को ऐतिहासिक फैसला बताया।

# उच्च न्यायालय ने रणथंभौर में अवैध संपत्तियों और निर्माणों को जब्त करने को कहा

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान** उच्च न्यायालय ने वन अधिकारियों को रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान के वन क्षेत्र और बाघ आवासीय (क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट) इलाकों में अवैध संपत्तियों तथा निर्माणों को जब्त-कुर्क करने का निर्देश दिया है। उच्च न्यायालय ने सवाई माधोपुर के जिला प्रशासन और पुलिस को वन अधिकारियों के साथ सहयोग करने का भी निर्देश दिया और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को मामले की निगरानी करने को कहा है।

न्यायमूर्ति समीर जैन की अदालत ने मंगलवार को इस संबंध में एक याचिका पर सुनवाई करते हुए रणथंभौर में महत्वपूर्ण बाघ आवासीय इलाकों में किए जा रहे निर्माण और अतिक्रमण पर चिंता व्यक्त की। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने बुधवार को कहा कि अदालत ने पुलिस अधिकारियों से कहा है कि वे वन अधिकारियों का पूरा सहयोग करें। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि पुलिस अधिकारियों की ओर से अगर किसी भी प्रकार का असहयोग किया जाता है तो यह उसके संज्ञान में लाया जाए।

सिंह ने बताया कि बाघों के आवासीय इलाकों के हिसाब से महत्वपूर्ण (क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट) इलाके में वाणिज्यिक प्रकृति के अवैध निर्माण किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि रणथंभौर में बाघ क्षेत्र में अतिथि गृह सहित कई निर्माण गतिविधियां की जा रही हैं, जो वनस्पतियों और जीवों के लिए खतरा हैं और इन्हें तत्काल प्रभाव से रोका जाना चाहिए तथा निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए। न्यायालय ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रणथंभौर के मुख्य वन संरक्षक, सवाई माधोपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट से बात की।

न्यायालय के आदेश के अनुसार, संबंधित अधिकारियों ने न्यायालय को इस तथ्य से अवगत कराया कि वन विभागासंबंधित अधिकारी उचित कानूनी प्रक्रिया के अनुसार कार्वाई कर रहे हैं, फिर भी, प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से सहयोग व सहायता की कमी के कारण उचित उपाय प्रभावी ढंग से नहीं किए जा रहे हैं। मामले की अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी। उत्तर भारत के सबसे बड़े और सबसे प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यानों में से एक रणथंभौर में 70 से अधिक बाघ रहते हैं। इसका कुल क्षेत्रफल 1700.22 वर्ग किलोमीटर है जिसमें से 1113.364 वर्ग किलोमीटर को क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट और 297.92 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को बफर क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया गया है।

# असम में 14 बांग्लादेशी पकड़े गए, नौ के पास आधार कार्ड भी मिलेः हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि राज्य में अवैध रूप से घुसने के आरोप में 14 बांग्लादेशियों को पकड़ा गया है और उनमें से नौ के पास आधार कार्ड भी मिले हैं। शर्मा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इन विदेशियों को मंगलवार को दक्षिण सलमारा-मनकाचर और करीमगंज जिलों में पकड़ा गया था। खुफिया जानकारी के आधार पर, कल दक्षिण सलमारा और करीमगंज में असम पुलिस ने अवैध रूप से प्रवेश करने वाले 14 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा। उनमें से नौ के पास भारतीय आधार कार्ड पाए गए। मुख्यमंत्री ने राज्य पुलिस बल की प्रशंसा करते हुए कहा, जब से बांग्लादेश में तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हुई है, हमने कड़ी निगरानी रखी है और इस अवधि में 108 घुसपैठियों को पकड़ा है। असम के करीमगंज, कछार, धुबरी और दक्षिण सलमारा-मनकाचर जिले बांग्लादेश के साथ 267.5 किलोमीटर की अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करते हैं।

# 56 साल पहले हुए विमान हादसे में लापता वायुसेना के जवान का अंतिम संस्कार

**सहारनपुर (उप्र)।** वायुसेना के जवान बुधवार को बल के सदस्य मलखान सिंह का पार्थिव शरीर लेकर उत्तर प्रदेश के सहारनपुर स्थित उनके पैतृक गांव फतेहपुर पहुंचे। सिंह 56 साल पहले रोहतांग दर्रे के निकट दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान में सवार थे और घटना के बाद से लापता थे। वायुसेना ने पहले ही उनके परिवार को इस संबंध में सूचना दे दी थी ऐसे में अंतिम संस्कार को लेकर परिवार और गांव वालों ने तैयारी कर ली थी और शाम को अंतिम संस्कार कर दिया गया। वायु सेना के जवान इतने सालों तक बर्फ में दबे रहे उनके पार्थिव शरीर को अपराह्न करीब 2:30 बजे सिंह के गांव फतेहपुर लेकर आए। शाम करीब 6:30 बजे परिवार ने उनका अंतिम संस्कार किया। परिवार वालों ने सरकार से उनके लिए शहीद का दर्जा और मुआवजा देने की भी मांग की। जैसे ही पार्थिव शरीर गांव लाया गया, बड़ी संख्या में स्थानीय लोग श्रद्धांजलि देने के लिए उनके घर के आसपास इकट्ठा हो गए और मलखान सिंह अमर रहे , भारत माता की जय के नारे लगाने लगे। अपर पुलिस अधीक्षक सागर जैन के अनुसार मलखान सिंह का पार्थिव शरीर बुधवार अपराह्न करीब ढाई बजे लाया गया। उनके छोटे भाई इसम सिंह (68) ने बताया कि मलखान सिंह 20 साल की उम्र में वायुसेना में शामिल हुए थे और इसके तीन साल बाद विमान दुर्घटना में शहीद हो गए थे। घटना के समय उनके परिवार में उनकी पत्नी शीला देवी और 18 माह का बेटा राम प्रसाद थे। इसम ने बताया कि मलखान की मौत के बाद शीला ने उनके दूसरे छोटे भाई चंद्रपाल से शादी कर ली थी।

शीला और उनका बेटा भी फिलहाल दुनिया में नहीं है। उन्होंने बताया कि अगर मलखान जीवित होते तो उनकी उम्र 79 वर्ष होती। उन्होंने कहा, वह (मलखान) हमेशा से ही वायुसेना में शामिल होना चाहते थे। उड़ते विमानों को देखकर वह कहते थे कि वह वायुसेना में शामिल होंगे और आखिरकार उन्होंने ऐसा ही किया। इसम ने कहा, मलखान की कहानियां सुनकर पर पला-बढ़ा पूरा परिवार अब उन्हें आखिरकार देख पाएगा। मलखान सिंह के परिवार में अब उनके पोते गौतम और मनीष तथा पोतियां सोनिया, सीमा और मोनिका हैं। गौतम और मनीष सहारनपुर में ऑटो चलाते हैं, जबकि सोनिया और सीमा शादीशुदा हैं। मोनिका (19) अभी पढ़ाई कर रही है। उनके सभी भाई-बहनों में से केवल इसम और बहन चंद्रपाली ही जीवित हैं। मलखान के अन्य छोटे भाई सुल्तान सिंह और चंद्रपाल की पिछले कुछ वर्षों में मृत्यु हो गई। एएसपी जैन ने बताया कि मलखान सिंह की पहचान शव के पास मिले एक बैच से हुई। अधिकारी ने बताया, सेना ने हमें बताया कि शव पूरी तरह सड़ा-गला नहीं था, क्योंकि वह बर्फ में था। उनके परिवार के सदस्य उनकी पहचान कर सकते हैं। परिवार के सदस्यों ने बताया कि बुधवार शाम करीब 6.30 बजे अंतिम संस्कार हुआ। उन्होंने सरकार से उनके लिए शहीद का दर्जा और मुआवजा देने की भी मांग की।

हिमाचल प्रदेश के रोहतांग क्षेत्र में बर्फ से ढके पहाड़ों पर 1968 में विमान दुर्घटना में लापता हुए मलखान सिंह का शव भारतीय सेना के डोगरा स्काउट्स और तिरंगा माउंटेन रेस्क्यू के कर्मियों की एक संयुक्त टीम ने हाल ही में बरामद किया है। एएन-12 विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के लगभग 56 साल बाद चार जवानों के पार्थिव अवशेष बरामद किए गए। यह 102 लोगों को ले जा रहा ट्विन-इंजन टर्बोप्रॉप परिवहन विमान सात फरवरी 1968 को चंडीगढ़ से लेह के लिए उड़ान भरते समय लापता हो गया था। एक अधिकारी ने बताया, जवानों के शव और विमान का मलबा दशकों तक बर्फ से ढके इलाके में दबा रहा। वर्ष 2003 में अटल बिहारी वाजपेई पर्वतारोहण संस्थान के पर्वतारोहियों ने मलबे की खोज की। इसके बाद भारतीय सेना, विशेष रूप से डोगरा स्काउट्स द्वारा कई वर्षों तक अभियान चलाए गए। खतरनाक परिस्थितियों और दुर्गम इलाका होने की वजह से साल 2019 तक केवल पांच शव ही बरामद किए गए थे।

# बरेली में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट होने से तीन लोगों की मौत, कई घायल

**बरेली (उप्र)।** जिले के सिरौली थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार को एक पटाखा फैक्टरी में विस्फोट होने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस महानिरीक्षक (बरेली रेंज) राकेश सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया, "बरेली जिले के सिरौली क्षेत्र में पटाखे बनाने वाली एक इकाई में विस्फोट होने से तीन लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। विस्फोट होने से आसपास की तीन-चार इमारतों को भी नुकसान हुआ है। फैक्टरी के संचालक की पहचान नासिर के रूप में हुई है। बताया जाता है कि उसके पास लाइसेंस था। लाइसेंस के विवरण की जांच की जा रही है। आईजी ने कहा कि वह सिरौली में स्थिति और बचाव कार्यों की प्रत्यक्ष निगरानी करने के लिए घटनास्थल पर जा रहे हैं, जहां पुलिस अधिकारियों समेत जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारी पहुंच चुके हैं।

# हाथरस भगदड़ काण्डः पुलिस ने दाखिल किया 3200 पन्नों का आरोपपत्र

**भाषा।** हाथरस

**उत्तर प्रदेश** पुलिस ने हाथरस जिले में इस साल दो जुलाई को नारायण साकार हरि भोले बाबा समागम के दौरान हुई भगदड़ के मामले में अदालत में 3200 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया। इस घटना में 121 लोगों की मौत हो गई थी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपपत्र में 11 लोगों को मुल्जिम बनाया है कार्यक्रम की अनुमति हासिल करने वाले लोग भी शामिल हैं। बचाव पक्ष के वकील ए.पी. सिंह ने बताया कि पुलिस ने 3200 पन्नों का आरोपपत्र न्यायालय में पेश कर दिया।

अदालत ने आरोपियों को आरोपपत्र की प्रतियां उपलब्ध कराने की तारीख चार अक्टूबर तय की है। मंगलवार को कार्यक्रम के मुख्य आयोजक देव प्रकाश मधुकर सहित 10 आरोपियों को अलीगढ़ जिला जेल से हाथरस जिला अदालत में पेश किया गया। एक आरोपी मंजू यादव फिलहाल इलाहाबाद उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद बाहर है।

सिंह ने बताया कि मामले की अलग से न्यायिक जांच भी हो रही है। हाथरस जिले के सिकंदराराऊ क्षेत्र के फुलराई गांव में दो जुलाई को सूरजपाल उर्फ भोले बाबा उर्फ नारायण साकार हरि के समागम के दौरान हुई भगदड़ में कुल 121 लोगों की मौत हो गई थी जिनमें ज्यादातर महिलाएं थीं। पुलिस समेत सरकारी एजेंसियों ने कार्यक्रम में कुप्रबंधन के लिए आयोजकों को दोषी ठहराया है। प्रशासन ने कहा था कि आयोजकों ने कार्यक्रम में 80 हजार लोगों की भीड़ जमा होने की बात कही थी लेकिन वहां ढाई लाख लोग इकट्ठा हो गई। हालांकि स्वयंभू बाबा के वकील ने दावा किया था कि कुछ अज्ञात लोगों द्वारा जहरीला स्प्रे छिड़कने के कारण भगदड़ मची थी।

# चमोली के लापता सैनिक का शव 56 साल बाद बर्फ में दबा मिला

**गोपेश्वर।** हिमाचल प्रदेश के रोहतांग के पास 56 साल पहले हुए विमान हादसे के बाद से लापता भारतीय सेना के मेडिकल कोर के जवान नारायण सिंह का पार्थिव शरीर बृहस्पतिवार को चमोली जिले में स्थित उनके गांव के पैतृक घाट पर अंतिम संस्कार के लिए लाया जाएगा। सेना के तलाशी अभियान में बर्फ में दबे मिले चार सैनिकों के शवों में चमोली जिले की थराली तहसील के कोलपुड़ी गांव के नारायण सिंह का शव भी शामिल है। सात फरवरी 1968 को चंडीगढ़ से लद्दाख जा रहा भारतीय वायुसेना का विमान रोहतांग के आसपास दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और उसमें सवार सभी लोग लापता हो गए थे। गांव के पैतृक घाट पर शहीद सैनिक का सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। कोलपुड़ी गांव थराली के तहसील मुख्यालय के समीप ही स्थित है। सैनिक के लापता होने से पहले उनका विवाह हो चुका था और उनकी पत्नी बसंती देवी की 2011 में मृत्यु हो गई।

# अवैध धर्मांतरण देश की एकता और अखंडता के लिए बड़ा खतराः अदालत

**बरेली।** बरेली के अपर सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक अदालतप्रथम) रवि कुमार दिवाकर ने अल्पसंख्यक समुदाय के एक युवक को पहचान छुपाकर बहुसंख्यक वर्ग की युवती से दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन की कोशिश के मामले में सोमवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाने के बाद कथित लव जिहाद को लेकर तल्ख टिप्पणी की। न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने कहा कि लव जिहाद का प्राथमिक उद्देश्य जनसांख्यिकीय युद्ध छेड़ना और अंतरराष्ट्रीय साजिश के माध्यम से भारत के खिलाफ कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा प्रभुत्व स्थापित करना है। अवैध धर्मांतरण का उद्देश्य भारत में पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसी स्थितियां पैदा करना है।

दिवाकर ने इस बात पर जोर दिया कि अवैध धर्मांतरण देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए एक बड़ा खतरा है। उन्होंने सोमवार को देवरनिया क्षेत्र के जादौंपुर के निवासी मोहम्मद आलिम को आनंद बनकर एक हिंदू छात्रा से दुष्कर्म और उसका धर्मांतरण कराने की कोशिश के जुर्म में उम्र कैद की सजा सुनाई। उसके पिता को भी इस हरकत में शामिल होने के आरोप में दो साल कैद की सजा सुनाई गई। अदालत ने आदेश दिया कि फैसले की प्रतियां मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को भेजी जाएं। अदालत ने मामले के बारे में गंभीर टिप्पणियां कीं। उसने कहा कि यह लव जिहाद के माध्यम से अवैध धर्मांतरण का मामला है। न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने कहा कि मनोवैज्ञानिक दबाव, शादी और नौकरी जैसे प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराया जा रहा है। इस मामले में संभावित विदेशी फंडिंग की आशंका जताते हुए अदालत ने कहा कि अगर इस मुद्दे को समय रहते हल नहीं किया गया तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

# पेज 1 का शेष

## पश्चिम एशिया...

हवाले से कहा, क्षेत्रीय देश खुद को संभाल सकते हैं और वे शांति से एक साथ रहेंगे। उन्होंने कहा कि ईरान को दुश्मनों की बुराई से छुटकारा मिलने की उम्मीद है और उन्होंने पश्चिमी देशों से अपनी बुराई कम करने का भी आग्रह किया। ईरान लंबे समय से अपने दरवाजे पर अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी को एक खतरे के रूप में देखता रहा है और उसने पड़ोसी इराक और क्षेत्र के अन्य स्थानों से उनकी निकासी की मांग की है। कई मोर्चों पर बढ़ते तनाव ने मध्य पूर्व में व्यापक युद्ध की आशंकाओं को बढ़ा दिया है, जिसमें ईरान जो हिजबुल्लाह और हमास का समर्थन करता है के साथ-साथ संयुक्त राज्य अमेरिका भी शामिल हो सकता है, जिसने इजरायल के समर्थन में इस क्षेत्र में सैन्य बेड़ा भेजा है। इस क्षेत्र में सबसे शक्तिशाली सशस्त्र समूह के रूप में व्यापक रूप से देखे जाने वाले हिजबुल्लाह ने कहा कि उसके लड़ाकों ने सीमा के पास लेबनान के अंदर दो स्थानों पर इजरायली सैनिकों के साथ संघर्ष किया। इजरायली सेना ने कहा कि हवाई हमलों द्वारा समर्थित थल सेना ने नजदीकी मुठभेड़ों में आतंकवादियों को मार गिराया, लेकिन यह नहीं बताया कि कहाँ। इजरायल ने कहा कि उसने कई मिसाइलों को हवा में ही ध्वस्त कर दिया, और वाशिंगटन में अधिकारियों ने कहा कि अमेरिकी विध्वंसक जहाज ने इजरायल की रक्षा में सहायता की। ईरान ने कहा कि उसकी अधिकांश मिसाइलों ने अपने लक्ष्यों को मारा। हताहतों की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं थी। इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार देर रात ईरान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने की कसम खाई, जिसने कहा कि ईरान ने बड़ी गलती की और उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। एक ईरानी कमांडर ने धमकी दी कि अगर इजरायल ईरान के क्षेत्र के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करता है तो बुनियादी ढांचे पर व्यापक हमले किए जाएँगे। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने बढ़ते संघर्ष को संबोधित करने के लिए बुधवार को एक आपातकालीन बैठक बुलाई। 8 अक्टूबर से इराइल और हिजबुल्लाह ने लेबनान सीमा पर लगभग हर दिन गोलीबारी की है, 7 अक्टूबर, 2023 को हमास के सीमा पार हमले के एक दिन बाद, जिसमें 1,200 इजराइली मारे गए और 250 अन्य को बंधक बना लिया गया। जवाब में इजराइल ने गाजा पट्टी में आतंकवादी समूह पर युद्ध की घोषणा की। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इस क्षेत्र में 41,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए थे और मृतकों में से आधे से ज्यादा महिलाएँ और बच्चे हैं। लेबनानी सेना ने कहा कि इजराइली सेना ने बुधवार को लेबनानी क्षेत्र में लगभग 400 मीटर तक घुसपैठ की और फिर थोड़ी देर के बाद वापस चले गए। यह बयान बेरूत की ओर से पहली आधिकारिक स्वीकृति थी कि इजराइली सेना ने लेबनान में जमीनी घुसपैठ की है।

## भारत की...

करने के अपने आह्वान को दोहराते हैं। उसने एक बयान में कहा, यह महत्वपूर्ण है कि संघर्ष पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में न ले और हम अनुरोध करते हैं कि सभी मुद्दों को संवाद तथा कूटनीति के जरिए हल किया जाए। मंत्रालय ने देश के नागरिकों से ईरान के लिए सभी गैर-जरूरी यात्राओं से बचने की सलाह भी दी। इसके साथ ही ईरान में रह रहे लोगों से सतर्कता बरतने और तेहरान में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने का अनुरोध किया गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा, हम क्षेत्र में सुरक्षा हालात पर करीब से नजर रख रहे हैं। भारतीय नागरिकों को ईरान के लिए सभी गैर-जरूरी यात्राओं से बचने की सलाह दी जाती है।

## पीएम ने...

उन्होंने सत्तारूढ़ गठबंधन पर सत्ता में बने रहने के लिए राज्य में नया वोट बैंक बनाने का आरोप लगाया। मोदी ने कहा, वे सत्ता हासिल करने के लिए झारखंड की बलि चढ़ाना चाहते हैं। संथाल परगना इस खतरनाक खेल का गवाह है, जहां आदिवासी आबादी घट रही है जबकि बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या बढ़ रही है। मोदी ने जेएमएम के सहयोगी कांग्रेस और आरजेडी पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा, देश में आदिवासी प्रतीकों की अनदेखी की गई। कांग्रेस ने एक परिवार की पहचान की रक्षा के लिए आदिवासियों की पहचान मिटा दी। कांग्रेस ने कभी भी आदिवासी समुदायों को महत्व नहीं दिया, जिन्होंने आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने सभी योजनाओं, सड़कों और इमारतों का नाम एक ही परिवार के सदस्यों के नाम पर रखा। उन्होंने कहा कि इस तरह की वंशवादी सोच ने देश को बहुत नुकसान पहुंचाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा ने आदिवासी नायकों की गरिमा को बहाल किया है और आदिवासी प्रतीक बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया है। इसके अलावा उनके कल्याण के लिए कई कदम उठाए हैं।परिवर्तन यात्रा सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरी और इसने लगभग 5,400 किलोमीटर की दूरी तय की। मोदी ने आबकारी कांस्टेबल की भर्ती के दौरान कई अभ्यर्थियों की मौत का हवाला देते हुए गठबंधन के असंवेदनशील रुख की आलोचना की। लगभग एक पखवाड़े में मोदी की झारखंड की यह दूसरी यात्रा है, जहां 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव होने हैं और मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल पांच जनवरी को समाप्त होगा। अपने आगमन पर मोदी ने एक विशेष खुले वाहन से भीड़ का अभिवादन किया और आदिवासी समुदाय के सदस्यों से बातचीत की। महिलाओं ने उन्हें माटी, बेटी, रोटी की रक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में परिवर्तन यात्रा के दौरान एकत्र की गई मिट्टी से भरा एक कलश भेंट किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 20 सितंबर को साहिबगंज से भाजपा की परिवर्तन यात्रा की शुरुआत की थी।

## हेलीकॉप्टर...

जुहू जा रहा था। इस दौरान बुधवार सुबह 7:40 बजे वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह घटना ऑक्सफोर्ड गोल्फ कोर्स के नजदीक बावधन क्षेत्र के एक पहाड़ी इलाके के पास हुई। पिंपरी चिंचवाड़ के पुलिस आयुक्त विनय कुमार चौबे ने कहा, हेलीकॉप्टर दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है। अग्निशमन विभाग के वाहनों के साथ हमारी टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है। पुलिस उपायुक्त विशाल गायकवाड़ ने बताया कि हेरिटेज एविएशन का हेलीकॉप्टर ऑक्सफोर्ड काउंटी गोल्फ कोर्स के हेलीपैड से उड़ा और बावधान के पास पहाड़ी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे हेलीकॉप्टर में सवार दो पायलट और एक इंजीनियर की मौत हो गई। पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम के अग्निशमन अधिकारी अनिल डिमले ने बताया, मृतकों की पहचान गिरीश कुमार, प्रीतम सिंह भारद्वाज और परमजीत सिंह के रूप में हुई है।

## महिला यात्री ...

महिला यात्री अपने बैग (टिशू पेपर में लिपटे) में आईफोन 16 प्रो मैक्स के 26 मोबाइल फोन छिपाकर ले जा रही थी। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। भारत में तस्करी कर लाए गए इन फोनों की अनुमानित कीमत 37 लाख रुपए से अधिक है।

## पश्चिम बंगाल

प्रसिद्ध राजनीतिक विश्लेषक बीएन चक्रवर्ती ने कहा, आरजी कर अस्पताल में हुई शर्मनाक घटना इस धमकी संस्कृति का परिणाम है जो सभी विभागों में व्याप्त है और तोलाबाजी (जबरन वसूली) उद्योग का मुख्य स्रोत है जो राजनीतिक नेतृत्व के अवैध धन का मुख्य स्रोत है, जो चुनावों और सभी प्रकार की अवैध गतिविधियों के लिए धन जुटाता है। डॉ. सुवर्ण गोस्वामी ने कहा, ममता बनर्जी की सरकार ने बंगाल में इस संस्कृति को शुरू किया है, जिसमें राजनीतिक शक्ति, बाहुबल और पुलिस बल की मदद से एक समानांतर सरकार चलती है वरिष्ठ मेडिकल प्रोफेसरों की पिटाई की जाती है, सत्तारूढ़ दल के करीबी छात्र परीक्षाओं में सामूहिक धोखाधड़ी करते हैं और विरोध करने वालों का या तो तबादला कर दिया जाता है, उनकी पिटाई की जाती है या उन्हें झूठे मामलों में फंसाया जाता है। अफवाहों के अनुसार आरजीकेएमसीएच की पीड़िता कोई अकेली शिकार नहीं थी और उसका क्रूर बलात्कार और हत्या न केवल उसे खत्म करने बल्कि विरोध का रास्ता चुनने वाले अन्य लोगों को चेतावनी देने के लिए एक सोची-समझी योजना का हिस्सा थी। अस्पताल के एक जूनियर डॉक्टर ने कहा, उन्हें अपनी ड्यूटी के दौरान कई चीजों के बारे में पता चला था, उन्होंने मरीजों को दी जा रही नकली और घटिया दवाओं का मुद्दा भी उठाया था और इस मुद्दे को उन्होंने तत्कालीन प्रिंसिपल संदीप घोष के सामने उठाया था, जिन्होंने उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी थी। जब उन्होंने चीजों को सार्वजनिक करने की धमकी दी तो उन्हें हमेशा के लिए चुप करा दिया गया। उन्होंने आगे कहा, गलत तरीके से कमाया गया यह पैसा सिस्टम के सबसे ऊपरी तबके तक जाता है... सीबीआई को सब कुछ बता दिया गया है... अब हमारा आंदोलन सीबीआई के खिलाफ भी है, जो कुछ पता चलने के बाद भी टालमटोल कर रही है।

# विश्व का सबसे सफल जन आंदोलन है स्वच्छ भारत अभियान : मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने बुधवार को स्वच्छ भारत अभियान को इस सदी में दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे सफल जन आंदोलन करार दिया और कहा कि विकसित भारत की यात्रा में हर प्रयास स्वच्छता से संपन्नता के मंत्र को मजबूत करेगा। स्वच्छ भारत अभियान आरंभ होने के 10 साल पूरे होने के अवसर पर यहां विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में स्वच्छता और सफाई से संबंधित 9,600 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने स्वच्छता को हर नागरिक के जीवन का अभिन्न अंग बनाते हुए भावी पीढ़ियों में इस मूल्य का संचार करने पर भी जोर दिया।उन्होंने कहा, आज से एक हजार साल बाद भी जब 21वीं सदी के भारत का अध्ययन होगा तो उसमें स्वच्छ भारत अभियान को जरूर याद किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन इस सदी में दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे सफल जनभागीदारी, जन नेतृत्व वाला जन आंदोलन है। इस मिशन ने मुझे ईश्वररूपी जनता-जनार्दन की साक्षात ऊर्जा के भी दर्शन कराए हैं। उन्होंने कहा, विकसित भारत की यात्रा में हमारा हर प्रयास स्वच्छता से संपन्नता के मंत्र को मजबूत करेगा। मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों और अन्य प्रतिनिधियों ने इस राष्ट्रीय प्रयास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।उन्होंने इस अवसर पर स्वच्छता पर विशेष ध्यान न देने के लिए कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि उसने आजादी मिलने के बाद महात्मा गांधी के नक्शेकदम पर चलने का दावा किया, उनके नाम पर सत्ता हासिल की लेकिन स्वच्छता को लेकर बापू के दृष्टिकोण की उपेक्षा की।उन्होंने कहा, वर्षों तक उन्होंने राजनीतिक लाभ के लिए गांधी जी की विरासत का दोहन किया लेकिन स्वच्छता पर उनके जोर को आसानी से भुला दिया। मोदी ने कहा, उन्होंने गंदगी को ही जिंदगी मान लिया...इसके परिणामस्वरूप लोग गंदगी में रहने के आदी हो गए, गंदगी और नकारात्मकता उनके दैनिक जीवन का हिस्सा बन गई। साथ ही समाज में स्वच्छता को लेकर होने वाली चर्चाएं भी। उन्होंने कहा कि इसीलिए उन्होंने लाल किले की प्राचीर से इस मुद्दे को उठाया था लेकिन उनका मजाक उड़ाया गया और कहा गया कि शौचालय के बारे में बात करना प्रधानमंत्री का काम नहीं है।उन्होंने कहा, ... लेकिन मैं नहीं रुकूंगा... भारत के प्रधानमंत्री के रूप में मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता मेरे साथी नागरिकों के जीवन को आसान बनाना है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री का पहला काम आम आदमी के जीवन को आसान बनाना होता है। मैंने शौचालय और सैनिटरी पैड के बारे में बात की और आज हम परिणाम देख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि एक दशक पहले 60 प्रतिशत से अधिक आबादी को खुले में शौच करने के लिए मजबूर किया गया था और इस कारण दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासी समुदायों का अपमान और महिलाओं को परेशानी झेलनी पड़ी।मोदी ने शौचालयों की कमी के कारण माताओं, बहनों और बेटियों की पीड़ाओं का उल्लेख किया और उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए खतरों को भी रेखांकित किया।उन्होंने कहा कि खुले में शौच से उत्पन्न गंदगी ने बच्चों के जीवन को खतरे में डाल दिया था और यह बाल मृत्यु दर का एक प्रमुख कारक माना जाता है।मोदी ने कहा कि सेप्टिक टैंकों की मैनुअल सफाई से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को खत्म करने के लिए कदम उठाए गए हैं और सरकार इस संबंध में निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों क साथ मिलकर काम कर रही है।उन्होंने कहा, हम पेशेवरों और स्टार्टअप को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में क्लीन टेक से संबंधित लगभग 5000 स्टार्ट-अप पंजीकृत हैं।मोदी ने जोर देकर कहा कि जल और स्वच्छता क्षेत्र में कई नए अवसर पैदा हो रहे हैं, चाहे वह कचरे से धन का संग्रह और परिवहन, पानी का पुन: उपयोग और पुनर्चक्रण हो।प्रधानमंत्री ने कहा, स्वच्छ भारत मिशन ने भारत में चक्रीय अर्थव्यवस्था को महत्वपूर्ण बढ़ावा दिया है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि घरों से उत्पन्न कचरे को अब मूल्यवान संसाधनों में परिवर्तित किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि इस मिशन ने उन्हें लोगों की सच्ची ऊर्जा और क्षमता से अवगत कराया है।मोदी ने कहा कि देश को जानना चाहिए कि लाखों लोग ऐसे हैं जिन्होंने इस मिशन को सफल बनाने के लिए अपना पैसा और बहुमूल्य समय दान किया जबकि उनके चेहरे कभी टीवी पर नहीं दिखाए गए और उनका नाम अखबार में कभी प्रकाशित नहीं हुआ।उन्होंने कहा कि वह हाथ मिलाने और पह का समर्थन करने के लिए एकल-उपयोग प्लास्टिक के उत्पादन में शामिल उद्योगों के साथ लोगों के आभारी हैं।प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि देश में 12 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए हैं और शौचालय कवरेज का दायरा पहले के 40 प्रतिशत से कम से 100 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

## दो लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में रेलवे इंजीनियर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में एक ठेकेदार से दो लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में पूर्वोत्तर रेलवे के वरिष्ठ मंडल इंजीनियर सत्यम कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि सिंह ने 25 जुलाई को ठेकेदार को थावे से छपरा तक रेल की पटरियां बिछाने के लिए चार करोड़ रुपए की परियोजना सौंपी थी। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, ऐसा आरोप है कि आरोपी ने शिकायतकर्ता से दो लाख रुपए की रिश्वत मांगी और रिश्वत न देने पर भविष्य में उसके बिल पारित न करने और काम रुकवाने की धमकी दी। बयान में कहा गया है कि सिंह को ठेकेदार से रिश्वत मांगते तथा दो लाख रुपए की घूस लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया।

## उत्तर प्रदेश के बलिया में मछलियां पकड़ने गईं दो बच्चियां डूबी, तलाश जारी

**बलिया (उप्र)।** जिले के उभांव थाना क्षेत्र के ससना बहादुरपुर गांव में बुधवार दोपहर मछलियां पकड़ने गईं दो बच्चियां डूब गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है।उभांव थाने के प्रभारी विपिन सिंह ने बुधवार को बताया कि ससना बहादुरपुर गांव मे बुधवार दोपहर संध्या (11) और अनिता (10) समेत तीन बच्चियां मछलियां पकड़ते समय डूब गईं।उन्होंने बताया कि बाल-बाल बची एक बच्ची ने घटना की जानकारी दी, जिसका बाद देर रात तक बच्चियों की तलाश जारी रही। डूबने वाली बच्चियो का फिलहाल कोई पता नही चल पाया है।

## ऑलकार्गो गति ने प्राइस में वृद्धि की

**मुंबई।** भारत की अग्रणी एक्सप्रेस डिस्ट्रिब्यूशन एंड सप्लाई चेन मैनेजमेंट कंपनी ऑलकार्गो गति लिमिटेड पूर्व में गति लिमिटेड ने अपनी एक्सप्रेस डिस्ट्रिब्यूशन सेवाओं के लिए 10.2 प्रतिशत की औसत साधारण कीमत वृद्धि जीपीआई की घोषणा की है। यह बढ़ोत्तरी एक जनवरी 2025 से प्रभावी होगी। साल 2019 में ऑलकार्गो लॉजिस्टिक लिमिटेड द्वारा गति के रणनीतिक अधिग्रहण के बाद कीमत में पहली बार बदलाव की घोषणा की गई हैण् कीमतों को परिचालन क्षेत्र में हो रहे मौजूदा निवेश के अनुरूप निर्धारित करने की जरूरत और सेवा गुणवत्ता के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए कीमत में संशोधन का यह फैसला किया गया है। कीमत में संशोधन को लेकर गति एक्सप्रेस एंड सप्लाई चेन प्राइवेट लिमिटेड के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर केतन कुलकर्णी ने कहा कि ऑलकार्गो गति में हमारा मुख्य लक्ष्य अद्वितीय विश्वसनीयता और दक्षता के साथ असाधारण लॉजिस्टिक सॉल्यूशन उपलब्ध कराना है।

## त्योहारों में अमेजन की सबसे विशाल शुरुआत

**बेंगलुरु।** अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल, अर्ली एक्सेस के साथ शुरू हुआ, ने अमजनइन पर अपने विक्रेताओं और ब्रांड पार्टनर्स के लिए सबसे बड़ी शुरुआत देखी है। देशभर के लाखों ग्राहकों को खुशी प्रदान करते हुए, अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 के पहले 48 घंटे अब तक के सबसे बेहतरीन रहे, जिसमें लगभग 11 करोड़ ग्राहक विजिट्स और 8,000 से अधिक विक्रेताओं ने 1 लाख रुपये से अधिक की बिक्री की। ग्राहकों को लैपटॉप, टीवी, फैशन और ब्यूटी, होम डेकोर, उपकरण, फर्नीचर, स्मार्टफोन और ग्रॉसरी जैसी श्रेणियों में 25,000 से अधिक नए उत्पाद लॉन्च का एक्सेस मिला। अमेजन इंडिया के उपाध्यक्ष कैटेगरीज सौरभ श्रीवास्तव ने कहा अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 के पहले 48 घंटे ऐतिहासिक रहे है।

# उत्तराखंड की जनसांख्यिकी बिगड़ने नहीं देंगे: मुख्यमंत्री धामी

**भाषा।** देहरादून



**उत्तराखंड** के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को कहा कि राज्य की जनसांख्यिकी में बदलाव एक बड़ा खतरा है, जिससे निपटने की जरूरत है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में 1994 में हुए रामपुर तिराहा कांड की 30वीं बरसी के मौके पर राज्य के आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उत्तराखंड का निर्माण उन्हीं की बदौलत हुआ है।धामी ने कहा कि मैं उन्हें कोटिकोटि नमन करता हूं और उन्होंने हमारे बेहतर भविष्य के लिए अपने वर्तमान को त्याग दिया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की जनता उनकी सदैव ऋणी रहेगी और नौजवानों, माताओं व बहनों के त्याग की बदौलत आंदोलन अपने निर्णायक अंत तक पहुंच पाया।मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके सपनों का उत्तराखंड बनाना अब हमारी जिम्मेदारी है और जब तक हम इसे हासिल नहीं कर लेते, चैन से नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा, आज हमारे प्रदेश में कई चुनौतियां हैं और जनसांख्यिकी में बदलाव एक बड़ा खतरा है, जिससे निपटने की जरूरत है। धामी ने कहा कि हमें अपने प्रदेश की जनसांख्यिकी को संरक्षित करने के दायित्व को उसी प्रकार से आगे आकर निभाना होगा जैसे हमने पृथक राज्य के आंदोलन के दौरान संघर्ष किया था।

# बाजार में चीनी लहसुन की अधिकता से कर्नाटक के किसान चिंतित

**मंगलुरु।** दक्षिण कन्नड़, उडुपी और उत्तर कन्नड़ जिलों के दूसरी श्रेणी के शहरों और छोटे कस्बों में चीन से आयातित लहसुन की अधिकता है, जिससे क्षेत्र के किसान चिंतित हैं।मंगलवार को व्यापारियों और उत्पादकों ने शिवमोगा के बाजारों में चीनी लहसुन की भरमार पर निराशा जताई थी। व्यापारियों की शिकायतों के बाद, उडुपी नगर आयुक्त बी रायप्पा ने एक थोक व्यापारी के परिसर पर छापा मारा और आदि उडुपी में कृषि उपज और पशुधन बाजार समिति (एपीएमसी) यार्ड से पांच क्विंटल चीनी लहसुन जब्त किया।उन्होंने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि चीनी लहसुन की वैधता सुनिश्चित करने के बाद ही वह इसे बाजार में उतारेंगे।व्यापारियों ने कहा कि भारतीय लहसुन की कीमत 250 रुपए प्रति किलो है, जबकि चीनी लहसुन 50-60 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। उन्होंने बताया कि ग्राहक चीनी लहसुन को इसलिए पसंद करते हैं क्योंकि यह बड़ा होता है और इसे छीलना और कुचलना आसान होता है।मंगलुरु में एपीएमसी अधिकारियों के अनुसार, चीनी लहसुन थोक विक्रेताओं के पास मौजूद व्यापार लाइसेंस के तहत बाजार में आया है।

# आंध्र के डिप्टी सीएम कल्याण ने तिरुमला में 11 दिवसीय तपस्या संपन्न की

**भाषा।** तिरुपति (आंध्र प्रदेश)



**आंध्र प्रदेश के** उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण बुधवार को यहां तिरुमला मंदिर पहुंचे और अपनी 11 दिवसीय तपस्या (प्रायश्चित दीक्षा) संपन्न की, जो उन्होंने पूर्ववर्ती युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) सरकार के कथित पापों का प्रायश्चित करने के लिए की थी। उपमुख्यमंत्री के साथ उनकी बेटियां आध्या कोनिडेला और पलिना अंजनी कोनिडेला भी मौजूद थीं।एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, सनातन धर्म (हिंदू धर्म) की रक्षा के लिए 11 दिन की तपस्या करने वाले उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने बुधवार को श्री वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन किए और अपनी तपस्या संपन्न की। अपनी यात्रा के दौरान, उपमुख्यमंत्री अपने साथ भगवान के लिए वाराही घोषणा लेकर पहुंचे, जिसके बारे में वह बृहस्पतिवार को तिरुपति में एक बैठक में बताएंगे। जनसेना की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, उपमुख्यमंत्री एवं जनसेना अध्यक्ष पवन कल्याण ने आज तिरुमला श्रीवारी (भगवान) के दर्शन किए। पवन कल्याण अपने साथ वाराही घोषणा की फाइल भी लेकर पहुंचे। कल्याण फिलहाल मंदिर की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। भगवान के दर्शन के बाद जनसेना के संस्थापक ने माताश्री तारिगोंडा वेंगामाम्बा नित्य अन्नदाना केंद्र में दोपहर का भोजन किया। मंदिर में जाने से पहले कल्याण की सबसे छोटी बेटी पलिना अंजनी कोनिडेला ने तिरुमला मंदिर में घोषणा की कि वह भगवान वेंकटेश्वर में आस्था रखती हैं। बताया जाता है कि उपमुख्यमंत्री की सबसे छोटी बेटी पलिना अंजनी कोनिडेला हिंदू नहीं हैं। तिरुपति में श्री वेंकटेश्वर मंदिर के आधिकारिक संरक्षक तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के नियमों के अनुसार गैर-हिंदुओं को मंदिर में जाने से पहले भगवान में अपनी आस्था की घोषणा करनी होती है। जनसेना की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, पलिना अंजनी कोनिडेला ने तिरुमाला में श्रीवारी (भगवान) के दर्शन के लिए घोषणापत्र दिया। उन्होंने टीटीडी कर्मचारियों द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। चूंकि पलिना अंजनी नाबालिग हैं, इसलिए उनके पिता पवन कल्याण ने भी दस्तावेजों पर अपनी सहमति दर्ज कराई है। यह घोषणा इसलिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं और कई हिंदू संगठनों ने मांग की थी कि ईसाई धर्म से ताल्लुक रखने वाले वाईएसआरसीपी प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी को मंदिर की यात्रा से पहले इसी तरह का घोषणा पत्र जारी करना चाहिए। हालांकि यह यात्रा रद्द कर दी गई थी।

# केरल के सीएम विजयन बहुसंख्यकों के तुष्टीकरण की कोशिश कर रहे : कांग्रेस

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम

**केरल में विपक्षी दल** कांग्रेस ने बुधवार को मुख्यमंत्री पिनराई विजयन पर बहुसंख्यकों का तुष्टीकरण करने के प्रयास का आरोप लगाया। मलप्पुरम जिले में सोने की तस्करी और हवाला मामलों के बारे में उनकी हाल की कथित टिप्पणियों का हवाला देते हुए, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश चेन्निथला ने मांग की कि विजयन राज्य के लोगों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। चेन्निथला ने यह भी आरोप लगाया कि विजयन ने इस तरह के बयान देने के लिए एक पीआर एजेंसी का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि इसके पीछे एक साजिश है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को स्पष्ट किया था कि विजयन ने कभी किसी विशेष स्थान या क्षेत्र का उल्लेख नहीं किया, न ही उन्होंने अपने बयान में राज्य विरोधी या राष्ट्र विरोधी गतिविधियों शब्दों का इस्तेमाल किया। चेन्निथला ने लोकसभा चुनाव में हार के बाद, विजयन ने अल्पसंख्यकों को छोड़ दिया और बहुसंख्यक का समर्थन हासिल करने के लिए उनके तुष्टीकरण की कोशिश कर रहे हैं।

# किसान के बेटे को अच्छी दिखने वाली लड़की नहीं मिलती : महाराष्ट्र के विधायक

**अमरावती (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के अमरावती जिले के एक विधायक ने यह दावा करके विवाद खड़ा कर दिया है कि किसान के बेटे को कम सुंदर दुल्हन से समझौता करना पड़ता है क्योंकि अच्छी दिखने वाली लड़कियां ऐसे व्यक्ति से शादी करना पसंद करती हैं जिसके पास एक पक्की नौकरी हो। वरुड-मोर्शी सीट से निर्दलीय विधायक देवेंद्र भुयार ने मंगलवार को जिले की वरुड तहसील में एक सभा में किसानों की समस्याओं के बारे में बात करते समय यह टिप्पणी की। उपमुख्यमंत्री अजित पवार के समर्थक विधायक भुयार ने कहा, अगर कोई लड़की सुंदर है, तो वह आपके और मेरे जैसे व्यक्ति को पसंद नहीं करेगी, बल्कि वह (अपने पति का चयन करते समय) नौकरी करने वाले व्यक्ति को पसंद करेगी। उन्होंने कहा, जो लड़कियां दूसरे नंबर पर हैं यानी जो कुछ कम सुंदर हैं, वे किराने की दुकान या पान की दुकान चलाने वाले लोगों को पसंद करती हैं।

# विदेश में अपराध से कमाई के बदले देश में संपत्ति कुर्क कर सकती है ईडी : उच्च न्यायालय

**भाषा।** चेन्नई

**मद्रास उच्च न्यायालय** ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) धनशोधन जांच के तहत और देश के आर्थिक हित में, आपराधिक गतिविधियों के जरिए विदेश में बनाई गई संपत्तियों के बदले देश में उपलब्ध उसके बराबर मूल्य की वैध संपत्तियों को कुर्क कर सकता है। अदालत ने चेन्नई स्थित तीन कंपनियों की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही, जिसमें तर्क दिया गया था कि उनसे संबंधित व्यक्तियों और शेयरधारकों द्वारा किए गए कथित अपराधों के लिए उन्हें उत्तरदाई नहीं ठहराया जा सकता है। इन कंपनियों ने कहा कि ईडी द्वारा जब्त की गई उनकी संपत्तियां उनसे जुड़े कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी अपराध के काफी पहले खरीदी गई थीं। न्यायमूर्ति एस एम सुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति वी शिवगनम की खंडपीठ ने मंगलवार को एक आदेश जारी करते हुए कहा कि धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 2(1)(यू) के तहत यह पूरी तरह स्पष्ट है कि ऐसी किसी संपत्ति या उसके समतुल्य मूल्य की देश या विदेश में रखी गई संपत्ति का मूल्य भी अपराध से आय के रूप में समझा जाएगा। अदालत ने कहा कि इसलिए उक्त धारा के तहत बताई गई परिस्थितियां यह हैं कि किसी व्यक्ति द्वारा अनुसूचित अपराध से संबंधित आपराधिक गतिविधि के परिणामस्वरूप अर्जित की गई संपत्ति को अपराध की आय माना जा सकता है। उच्च न्यायालय ने 14 पृष्ठों के अपने फैसले में कहा, ऐसी किसी संपत्ति का मूल्य या यदि ऐसी संपत्ति देश के बाहर ली गई है या रखी गई है... तो देश के भीतर समान मूल्य की संपत्ति को अपराध की आय समझा जा सकता है।

# सिद्धरमैया की पत्नी के भूखंडों को वापस लेने का फैसला सबूतों को नष्ट करने जैसा : कुमारस्वामी

**भाषा।** बेंगलुरु



जनता दल (सेक्युलर) के नेता और केंद्रीय मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की पत्नी पार्वती को आंवटित 14 भूखंडों को वापस लेने के एमयूडीए के फैसले पर बुधवार को सवाल उठाया और कहा कि ए सबूतों को नष्ट करने के समान है। उन्होंने मांग की कि मामले की जांच कर रही लोकायुक्त पुलिस इस फैसले के लिए एमयूडीए के आयुक्त को गिरफ्तार करे। भाजपा की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बी.वाई. विजएंद्र ने भी मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) आयुक्त के फैसले पर आश्चर्य व्यक्त किया और इसे अवैध करार दिया। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की पत्नी पार्वती बी.एम. द्वारा भूखंड लौटाने की पेशकश के बाद एमयूडीए ने मंगलवार को उनको आवंटित 14 भूखंडों को वापस लेने का फैसला किया। एमयूडीए ने इन भूखंडों के बैनामा को रद्द करने का आदेश दिया है। सोमवार को ईडी ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के खिलाफ एमयूडीए द्वारा उनकी पत्नी को 14 भूखंडों के आवंटन में कथित अनियमितताओं को लेकर मामला दर्ज किया था। ईडी ने मुख्यमंत्री और अन्य के खिलाफ पीएमएलए की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। ईडी द्वारा मामला दर्ज किए जाने के कुछ घंटों बाद पार्वती ने एमयूडीए को पत्र लिखकर 14 भूखंडों का स्वामित्व और कब्जा छोड़ने की पेशकश की थी। कुमारस्वामी ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया पर सत्ता का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। कुमारस्वामी ने यहां संवाददाताओं से कहा, उच्च न्यायालय में उन्होंने (सिद्धरमैया) कहा है कि ए जमीन उनके परिवार की हैं... विशेष जनप्रतिनिधि अदालत ने लोकायुक्त जांच का आदेश दिया है। संपत्ति अब अदालत के अधीन है...वे (मुख्यमंत्री का परिवार) कैसे कह सकते हैं कि वे जमीन वापस देना चाहते हैं, ए जमीनें किसकी हैं। वे कैसे वापस दे सकते हैं। उन्होंने कहा, अगर लोकायुक्त जांच में पारदर्शिता है तो उन्हें एमयूडीए आयुक्त को तुरंत गिरफ्तार करना चाहिए। एमयूडीए आयुक्त के पास भूखंड वापस लेने का अधिकार कैसे है? दलीलें सुनने के बाद अदालत ने अपना आदेश दिया है, उसके बाद उन्होंने (मुख्यमंत्री के परिवार ने) भूखंड वापस करने का नाटक किया है।

## क्विक न्यूज

### नक्सली सीआरपीएफ शिविरों पर हमले के लिए पटाखों और अगरबत्ती का कर रहे इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** माओवादी देश के वामपंथ उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में दूरदराज के इलाकों में सुरक्षा बलों के शिविरों पर हमला करने के लिए दिवाली के पटाखे और अगरबत्ती का इस्तेमाल कर रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि रॉकेट और बंदूक से हमला करने से पहले शिविर में तैनात जवानों का ध्यान भटकाने के वास्ते अगरबत्ती से पटाखे फोड़ने की यह चाल 25 सितंबर को तेलंगाना के कोठागुडेम जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के पुसुगुप्पा शिविर के आसपास देखी गई। नक्सल विरोधी अभियान में शामिल एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उस दिन शाम करीब 6.30 बजे जब अंधेरा छाने लगा तो तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित शिविर में तैनात जवानों को अपने शिविर की सीमा से करीब 200 मीटर की दूरी पर विस्फोटों की आवाज सुनाई दी और धुआं दिखाई दिया। अधिकारी ने बताया कि घने जंगल वाले क्षेत्र में इसे नक्सलियों का हमला समझकर जैसे ही सीआरपीएफ जवानों ने मोर्चा संभाला, वैसे ही छिपे हुए माओवादी समूहों ने गोलीबारी की और रॉकेट या बैरल ग्रेनेड लांचर (बीजीएल) से विस्फोट किया। सैनिकों ने इंसास और एके राइफलों से जवाबी गोलीबारी की। करीब 45 मिनट तक आवाजें आती रही और गोलीबारी जारी रही जिसके बाद जवानों को पता चला कि नक्सली पीछे हट गए हैं। दिल्ली में मौजूद एक अन्य अधिकारी ने बताया कि शिविर के बाड़ को कुछ नुकसान पहुंचा लेकिन कोई हताहत नही हुआ है। उन्होंने बताया, इससे पहले भी कुछ घटनाएं हुई है, जहां इस तरह की कार्यप्रणाली का इस्तेमाल जवानों का ध्यान भटकाने के लिए किया गया और फिर उनके शिविरों पर बंदूकों और रॉकेटों से हमला किया गया। लेकिन ए बातें निश्चयात्मक नही थी, क्योंकि कोई सबूत नही मिला। एक अन्य अधिकारी ने कहा, पिछले महीने पुसुगुप्पा सीआरपीएफ शिविर पर हुए हमले ने इस बात की पुष्टि की है कि नक्सली ए नई चाल अपना रहे है। जवानों तथा बम निरोधक टीम ने इस संबंध में सबूत जुटाए है। विशेषज्ञों का कहना है कि चूंकि नक्सली आमने-सामने की मुठभेड़ करने की स्थिति मे नही है इसलिए वे सैनिकों पर जानलेवा हमले करने के लिए पटरियो के नीचे या आसपास आईईडी का इस्तेमाल करने जैसे हमले के छद्म तरीकों पर निर्भर है।

### भारतीय नौसेना की दो महिला अधिकारी वैश्विक नौकायन यात्रा पर रवाना हुईं

**पणजी (महाराष्ट्र)।** नौसेना की दो महिला अधिकारी बुधवार को गोवा से समुद्र मार्ग के जरिए विश्व भ्रमण के चुनौतीपूर्ण अभियान पर रवाना हुईं, जिसमें आठ महीने की अवधि में 21,600 समुद्री मील की दूरी तय की जाएगी। दोनों अधिकारियों, लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के. और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए. के मई 2025 मे गोवा लौटने की उम्मीद है। इस ऐतिहासिक यात्रा को पणजी के निकट नौसेना महासागर नौकायन नोड, आईएनएस मांडवी से रवाना किया गया तथा दोनों अधिकारी भारतीय नौसेना के नौकायन पोत (आईएनएसवी) तारिणी पर सवार हुईं। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने दक्षिणी नौसेना के कमान के प्रमुख वाइस एडमिरल वी. श्रीनिवास एवं अन्य की उपस्थिति में इस ऐतिहासिक यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के बाद एडमिरल त्रिपाठी ने पत्रकारों से कहा, भारतीय नौसेना में यह हम सभी के लिए गर्व का पल है कि नौसेना की दो महिला अधिकारी अपने कौशल, साहस की भावना, निडरता और कठिन परिस्थितियो से लड़ने के लिए एकाग्रता एवं क्षमता का प्रदर्शन करेंगी। उन्होने कहा, भारतीय नौसेना उनके इस रोमांचक सफर पर नजर रखेगी। आज उन्होंने अपनी यात्रा शुरू की है, इसलिए हम उन्हें शुभकामनाएं देते है। उन्होने बताया कि इस साहसिक यात्रा के दौरान दोनो महिला नाविक कुछ सबसे खतरनाक जलमार्गों से होकर गुजरेंगी, जिसमें तीन विशाल केप - केप लीउविन, केप हॉर्न और केप ऑफ गुड होप के आसपास का खतरनाक मार्ग भी शामिल है। केप , प्रायद्वीप का एक प्रकार होता है, जो सागर मे भूमि का एक उभरा हुआ भाग होता है और तीन ओर से पानी से घिरा होता है। एडमिरल त्रिपाठी ने बताया कि चालक दल में केवल दो सदस्य है, लेकिन मिशन भारतीय ध्वज को ऊंचा फहराने का है। उन्होंने बताया कि वे 38,000 समुद्री मील तक यात्रा कर चुकी है तथा तीन वर्ष का प्रशिक्षण भी प्राप्त कर चुकी है। नौसेना के एक प्रवक्ता ने बताया कि आठ महीने की अवधि मे दोनों अधिकारी बिना किसी बाहरी सहायता के केवल पवन ऊर्जा पर निर्भर रहते हुए 21,600 समुद्री मील से अधिक की यात्रा करेंगी।छह-सदस्ईय चालक दल की सदस्य के रूप मे दोनो महिला अधिकारियो ने पिछले साल एक अंतर-महासागरीय अभियान में हिस्सा लिया था, जो गोवा से केप टाउन होते हुए रियो डि जिनेरियो गया था और वापस आया था। इसके बाद उन्होंने डबल-हैंडेड मोड में गोवा से पोर्ट ब्लेयर तक और पोर्ट ब्लेयर से गोवा तक की समुद्री यात्रा की थी। इसके बाद, इस साल की शुरुआत मे दोनो महिला अधिकारियो ने गोवा से मॉरीशस के पोर्ट लुईस तक की समुद्री यात्रा भी डुअल-हैंड मोड में सफलतापूर्वक पूरी की थी।

### सुरनकोट से भाजपा उम्मीदवार बुखारी का दिल का दौरा पड़ने से निधन

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मंत्री और सुरनकोट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार मुश्ताक अहमद शाह बुखारी का बुधवार को पुंछ जिले मे उनके आवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। पार्टी नेताओ ने यह जानकारी दी। बुखारी 75 वर्ष के थे और उनके परिवार में पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा है। भाजपा के एक नेता ने बताया कि बुखारी कुछ समय से अस्वस्थ थे और सुबह करीब सात बजे उन्हे दिल का दौरा पड़ा, जिससे उनकी मौत हो गई। सुरनकोट से दो बार के विधायक रह चुके बुखारी इस साल फरवरी में भाजपा में शामिल हुए थे, जब केंद्र ने उनके पहाड़ी समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिया था। उन्हें सुरनकोट से चुनाव मैदान मे उतारा गया था, जहां 25 सितंबर को दूसरे चरण में 25 अन्य क्षेत्रो के साथ मतदान हुआ था। बुखारी ने फरवरी 2022 मे नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ चार दशक लंबा नाता तोड़ दिया था। दरअसल अनुसूचित जनजाति के दर्जे को लेकर उनका पार्टी अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला से विवाद हुआ था जिसके बाद उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी। भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई के अध्यक्ष रवींद्र रैना और अन्य राजनीतिक दलो के नेताओं ने बुखारी के निधन पर शोक व्यक्त किया।

### हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्ला के मारे जाने के विरोध में जम्मू-कश्मीर के बडगाम में प्रदर्शन

**श्रीनगर।** लेबनान में हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्ला के मारे जाने की घटना के विरोध में बुधवार को जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में प्रदर्शन हुए। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। नसरल्ला के मारे जाने की घटना के चौथे दिन मध्य कश्मीर जिले के मागम बाजार क्षेत्र और बडगाम शहर में विरोध प्रदर्शन हुए। विरोध प्रदर्शनो के बाद कुछ बाजार बंद रहे। लेबनान में बीते 10 दिन में इजराइली हमलों में हिजबुल्ला के शीर्ष सदस्य हसन नसरल्ला और छह शीर्ष कमांडर मारे गए हैं। नसरल्ला शनिवार को मारा गया और एक दिन बाद उसे सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। अधिकारियो ने बताया कि पुरुष, महिलाएं और बच्चे समेत लोग मुख्य सड़कों पर काले झंडे लेकर एकत्र हुए और विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारी इजराइल विरोधी और अमेरिका विरोधी नारे लगा रहे थे और शनिवार को इजराइली हवाई हमलो में नसरल्ला के मारे जाने की घटना की निंदा कर रहे थे। अधिकारियो ने बताया कि विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, हालांकि पुलिस कर्मियो की एक बड़ी टुकड़ी ने यह सुनिश्चित करने के लिए निगरानी रखी कि प्रदर्शन हिंसक न हो पाए। इस बीच, अधिकारियो ने बताया कि मागम बाजार और बडगाम शहर की दुकानें बंद रही। उन्होने बताया कि स्थिति शांतिपूर्ण है।

### डांडिया रास के साथ जनसेवा भी

नई दिल्ली । अपनी रचनात्मकता और समर्पण के साथ समाज के प्रति योगदान देने के लिए अलग पहचान रखने वाले लखनऊ शिपिज वाइव्सश् ग्रुप द्वारा श्डांडिया रास 2024् का आयोजन किया गया। 2 अक्टूबर 2024 की दोपहर 2.30 बजे शुरू किए गए इस विशेष कार्यक्रम में न सिर्फमस्ती, धूम और धमाल हुआ बल्कि यह एक चैरिटी प्रोग्राम भी था। इसके जरिए शारीरिक रूप से अस्थि बाधित दिव्यांग बच्चों के लिए सहयोग राशि जुटाई गई और महिला सशक्तिकरण के लिए भी प्रयास भी किए गए। समाज सेवा का यह विशेष आयोजन करने वाले इस ग्रुप की शालिनी चित्रांशी,डॉ निशा चौधरी, डॉ् तुलसी मेहता और समीक्षा सेंगर ने बताया कि हर वर्ष हमारे ग्रुप द्वारा इस तरह के कार्यक्रम किए जाते हैं जिसमें न सिर्फसदस्यों को अपनी रचनात्मकता दिखाने का मौका मिलता है बल्कि समाज सेवा भी की जाती है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हमने जो भी राशि जुटाई उसका उपयोग शारीरिक दिव्यांग और जरूरतमंद बच्चों को मदद देने के लिए किया जाएगा। गौरतलब है कि कई वर्षों से यह ग्रुप महिला सशक्तिकरण के लिए काम कर रहा है। इस बार भी कला के जरिए सशक्तिकरण करने की योजना बनाई गई है। शिपिज वाइव्सश् ग्रुप द्वारा हैंडीक्राफ्ट और हैंड आर्ट से जुड़ा मटेरियल जरूरतमंद महिलाओं को उपलब्ध करवाया जाता है। ताकि वे अपनी रचनात्मकता और कला का उपयोग कर इनसे पर्सए ड्रैस आदि बनाकर बिक्री कर सके और खुद के रोजगार को स्थापित कर सके।ग्रुप जरूरतमंद महिलाओं द्वारा तैयार प्रोडक्ट्स की बिक्री करवाने में भी सहयोग देता है। ताकि उनके रोजगार में चुनौतियां कम हो और उन्हें सुविधा मिल सके।

### मणिपुर में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

इंफाल। मणिपुर के तेंग्नौपाल जिले के सेनाम गांव में सुरक्षाबलों ने 21 बड़े और मध्यम आकार के इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) समेत भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किए हैं। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने एक बयान में बताया कि 10 बड़े, 11 मध्यम आकार के आईईडी, 42 देसी ग्रेनेड, हैंड ग्रेनेड, दो चीनी ग्रेनेड और 34 पेट्रोल बम बरामद हुए है। उसने बताया कि इसके अलावा एक देशी लेथोड बंदूक, एक राइफल और पिस्तौल, दो पोंपी बंदूकें और डेटोनेटर बरामद किए गए है।मणिपुर में पिछले साल मई से मैतेई और कुकी समुदाय के लोगों के बीच हुई हिंसा में 200 से अधिक लोगों की मौत हुई है और हजारो लोग बेघर हो गए है।

# दक्षिणी गाजा पर इजराइली हमले में 51 की मौत

● फलस्तीनी अधिकारी ने दी जानकारी

भाषा। दीर अल-बला (गाजा पट्टी)



**दक्षिणी गाजा में** इजराइल की ओर से रातभर किए गए हमलों में कम से कम 51 लोग मारे गए हैं जिनमें महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। फलस्तीन के चिकित्सा अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। हमास द्वारा सात अक्टूबर को किए गए हमले के बाद फलस्तीनी क्षेत्र में युद्ध छिड़ जाने के लगभग एक वर्ष बाद भी इजराइल ने गाजा में स्थित आतंकवादी ठिकानों पर हमले जारी रखे हैं जबकि इसका ध्यान लेबनान और ईरान की ओर भी है। इजराइली थल सैनिकों ने हिजबुल्ला के विरुद्ध लेबनान में घुसपैठ की है तथा ईरान ने मंगलवार देर रात इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। क्षेत्र में सबसे शक्तिशाली सशस्त्र समूह माने जाने वाले हिजबुल्ला ने कहा कि उसके लड़ाकों की सीमा के निकट लेबनान के अंदर दो स्थानों पर इजराइली सैनिकों के साथ झड़प हुई। इजराइली सेना ने कहा कि हवाई हमलों से समर्थित थल सैनिकों ने मुठभेड़ों में उग्रवादियों को मार गिराया है लेकिन यह नहीं बताया कि यह घटना कहां हुई।सेना ने नवीनतम अभियान के शुरू होने के बाद से युद्ध में पहली मौत होने की भी जानकारी दी तथा कहा कि लेबनान में एक कमांडो ब्रिगेड का 22 वर्षीय कैप्टन युद्ध में मारा गया।इजराइली सेना ने करीब 50 गांवों और कस्बों के लोगों को घर खाली करने की चेतावनी दी है। संघर्ष के तेज होने के कारण लाखों लोग पहले ही अपने घर छोड़कर भाग चुके हैं।इस बीच, इजराइल ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र पर निशाना साधते हुए महासचिव एंटोनियो गुतारेस को अवांछित व्यक्ति घोषित कर दिया, अर्थात उनके देश में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया। विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने उन पर ईरानी हमले की स्पष्ट रूप से निंदा नहीं करने का आरोप लगाया।गुतारेस ने बमबारी के बाद एक संक्षिप्त बयान जारी किया था जिसमें कहा गया था, मैं पश्चिम एशिया संघर्ष के विस्तार की निंदा करता हूं, जो लगातार बढ़ रहा है। इसे रोकना होगा। निश्चित रूप से युद्ध विराम किए जाने की आवश्यकता है। इस कदम से इजराइल और संयुक्त राष्ट्र के बीच पहले से ही व्याप्त दरार और गहरी हो गई है।फलस्तीनियों ने गाजा में बड़े पैमाने पर हमले की जानकारी दी।गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि खान यूनिस में बुधवार सुबह शुरू हुए अभियान में कम से कम 51 लोग मारे गए और 82 घायल हो गए। यूरोपियन हॉस्पिटल के रिकॉर्ड से पता चलता है कि मरने वालों में सात महिलाएं और 12 बच्चे शामिल हैं।स्थानीय अस्पतालों के अनुसार गाजा में अलग-अलग हमलों में दो बच्चों समेत 23 अन्य लोग मारे गए।इजराइली सेना ने फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।निवासियों ने बताया कि इजराइल ने भारी हवाई हमले किए हैं और उसके थल सैनिकों ने खान यूनिस के तीन इलाकों में घुसपैठ की है।ईरान ने अपने उग्रवादी सहयोगियों पर हमलों का बदला लेने के लिए मिसाइलें दागीं।ईरान ने मंगलवार को इजराइल पर कम से कम 180 मिसाइलें दागीं। उसने कहा कि यह इजराइल द्वारा हाल के हफ्तों में हिजबुल्ला के खिलाफ किए गए विनाशकारी हमलों का बदला है। जैसे ही हवाई हमले के सायरन बजने लगे और मिसाइलों की नारंगी चमक रात के आकाश में फैल गई, इजराइली लोग बम आश्रयों की ओर भागने लगे।

## कोपनहेगन में इजराइली दूतावास के पास दो विस्फोट, कोई हताहत नहीं

**कोपनहेगन।** डेनमार्क की राजधानी कोपनहेगन में इजराइली दूतावास के पास बुधवार तड़के दो विस्फोट हुए, जिसके बाद पास में स्थित यहूदी स्कूल को बंद कर दिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है और वे इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या विस्फोटों और इजराइली राजनयिक मिशन के बीच कोई संबंध है। उन्होंने यह बताने से इनकार किया कि इस संबंध में किसी को गिरफ्तार किया गया है कि नहीं। भारी हथियारों से लैस अधिकारी, खोजी कुत्ते और फॉरेंसिक टीम उस क्षेत्र का निरीक्षण कर रही हैं और इलाके को घेर लिया गया है। डेनमार्क में यहूदी समुदाय के प्रवक्ता माइकल राचलिन ने बताया कि कोपनहेगन का यहूदी स्कूल कैरोलिनेस्कोलन दूतावास के ठीक सामने स्थित है और यहूदी नववर्ष की छुट्टियों के कारण बृहस्पतिवार और शुक्रवार को बंद था। मामले की जांच की जा रही है। इस बीच, यहूदी समुदाय ने एक बयान में कहा कि कोपनहेगन शहर के मुख्य प्रार्थनास्थल के आसपास अतिरिक्त सुरक्षा की गई है। समुदाय के अध्यक्ष हेनरिक गोल्डस्टीन ने बयान में कहा, लोग सार्वजनिक स्थानों पर जाने के दौरान सतर्क रहें। डेनमार्क के न्याय मंत्री पीटर हम्मेलगार्ड ने टीवी2 से कहा कि यह घटना स्वाभाविक रूप से गंभीर है। साथ ही उन्होंने कहा कि घटना के कारणों के बारे में अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।

## लेबनान में जमीनी अभियान शुरू होने के बाद पहले सैनिक की मृत्यु

**दीर अल-बला (गाजा पट्टी)।** इजराइली सेना ने इस सप्ताह लेबनान में जमीनी अभियान शुरू करने के बाद से लड़ाई में अपने पहले सैनिक की मृत्यु होने की घोषणा की है। सेना ने बुधवार को कहा कि लेबनान में लड़ाई में कमांडो ब्रिगेड के 22 वर्षीय जवान की मौत हो गई। इजराइली थल सैनिकों ने हिजबुल्ला के विरुद्ध लेबनान में चढ़ाई की है वहीं ईरान ने मंगलवार देर रात इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइल की बौछार की। विभिन्न मोर्चों पर तनाव बढ़ने से पश्चिम एशिया में व्यापक युद्ध की आशंका बढ़ गई है, जिसमें ईरान के साथ-साथ अमेरिका भी शामिल हो सकता है। अमेरिका ने इजराइल के समर्थन में इस क्षेत्र में सैन्य साजो-सामान भेज दिया है। वहीं ईरान हिजबुल्ला और हमास का समर्थन करता है।

## गुतारेस को इजराइल में घुसने नहीं देंगे : विदेश मंत्री

**दीर अल-बला (गाजा पट्टी)।** इजराइल के विदेश मंत्री ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस पर उनके देश के खिलाफ पूर्वाग्रह रखने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह उनके इजराइल में घुसने पर रोक लगा रहे है। विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि वह एंतोनियो गुतारेस को अवांछित व्यक्ति घोषित कर रहे है और उन्हें इजराइल मे प्रवेश करने से रोका जाएगा। इस कदम से इजराइल और संयुक्त राष्ट्र के बीच पहले से जारी गतिरोध और बढ़ गया है।

## बलूचिस्तान में सुरक्षा बलों ने छह आतंकियों को ढेर किया


**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत मे सुरक्षा बलों ने एक अभियान मे बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के छह आतंकवादियों को मार गिराया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ए आतंकवादी सुरक्षा बलों और बेगुनाह लोगों पर हमले करने मे सीधे तौर पर शामिल थे। उन्हें ईरान एवं अफगानिस्तान से लगती सरहद के पास मार गिराया गया। रेडियो पाकिस्तान ने खबर दी है कि यह साफ नही है कि यह कार्वाई कब की गई है। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक, इन आतंकवादियों की मौत बीएलए के लिए बड़ा झटका है।

## भारतीय उच्चायुक्त ने श्रीलंका के नए राष्ट्रपति और पीएम से मुलाकात की

**कोलंबो।** कोलंबो मे भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने बुधवार को श्रीलंका के नए राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके और प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या से आधिकारिक मुलाकात की। एक बयान मे कहा गया, भारत-श्रीलंका साझेदारी की प्रगति पर चर्चा की गई तथा दीर्घकालिक मित्रता को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा हुई।

# इजराइल पर ईरान का हमला निष्प्रभावी प्रतीत हुआ : बाइडन

भाषा। वाशिंगटन



**अमेरिका के राष्ट्रपति** जो बाइडन ने कहा है कि इजराइल पर ईरान का मिसाल हमला विफल और निष्प्रभावी प्रतीत होता है। ईरान ने मंगलवार रात को इजराइल को निशाना बनाकर करीब 200 मिसाइलें दागी थीं। इजराइल की सेना ने कहा कि हमले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय एवं आवास में बाइडन ने कहा, मेरे निर्देश पर अमेरिका की सेना ने इजराइल की रक्षा में सक्रिय रूप से सहयोग किया। हम अभी प्रभाव का आकलन कर रहे हैं, लेकिन प्राप्त सूचना के आधार पर हमला विफल और निष्प्रभावी प्रतीत होता है और यह इजराइल की सैन्य क्षमता... और इस तरह के हमलों को रोकने के संबंध में अमेरिका एवं इजराइल के बीच गहन योजना का भी प्रमाण है। उन्होंने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं कि अमेरिका इजराइल का पूर्ण समर्थन करता है। मैंने सुबह और दोपहर में कुछ समय सिचुएशन रूम में बिताया, अपनी पूरी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ बैठक की... जैसा कि मैंने बताया, राष्ट्रीय सुरक्षा टीम इजराइली अधिकारियों और समकक्षों के साथ लगातार संपर्क में है...। व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडन ने अमेरिकी सेना को ईरानी हमलों के खिलाफ इजराइल की रक्षा में सहायता करने और देश को निशाना बनाने वाली मिसाइलों को मार गिराने का निर्देश दिया। अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन में प्रेस सचिव मेजर जनरल पैट्रिक एस. राइडर ने कहा कि अधिकांश मिसाइलों को उनके लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही नष्ट कर दिया गया, हालांकि कुछ मिसाइलें लक्ष्य तक पहुंचीं और उनसे न्यूनतम क्षति पहुंची। इस हमले की निंदा करते हुए उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा, मैं इस हमले की स्पष्ट तौर पर निंदा करती हूं।

## ब्रिटिश प्रधानमंत्री स्टॉर्मर ने इजराइल पर ईरान के हमलों की निंदा की

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने बुधवार को ब्रसेल्स की यात्रा पर रवाना होने से पहले इजराइल के खिलाफ ईरान के मिसाइल हमलों की निंदा की। इस यात्रा के दौरान यूरोपीय संघ के नेताओं के साथ उनकी बातचीत मे यह मुद्दा एजेंडे मे प्रमुख होगा। स्टॉर्मर ने इजराइली सुरक्षा और नागरिकों की रक्षा के लिए ब्रिटेन की दृढ़ प्रतिबद्धता जताने के लिए इजराइल के नेता बेंजामिन नेतन्याहू से बात की। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन, इजराइल और आत्मरक्षा के उसके अधिकार के साथ है। उन्होंने क्षेत्रीय संघर्ष बढ़ने के गंभीर जोखिम और सभी पक्षों के संयम बरतने के साथ तनाव कम करने की तत्काल आवश्यकता पर चर्चा के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों तथा जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज से भी फोन पर बात की। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने मंगलवार रात को लंदन मे 10 डाउनिंग स्ट्रीट से टेलीविजन पर दिए एक संबोधन में कहा, मै निर्दोष इजराइलियों को नुकसान पहुंचाने और इस अविश्वसनीय रूप से खतरनाक स्थिति को बढ़ाने के इस प्रयास की पूरी तरह से निंदा करता हूं। उन्होंने कहा, हम इजराइल के साथ हैं और हम इस आक्रमण की स्थिति में आत्म-रक्षा के उसके अधिकार को मान्यता देते है। स्टॉर्मर ने ईरान से इन हमलों को रोकने का आह्वान करते हुए कहा कि इसने बहुत लंबे समय तक पश्चिम एशिया को खतरे में डाले रखा है।

## क्विक न्यूज

### पाकिस्तानी अधिकारियों ने खान की पार्टी की विरोध रैली से पहले इस्लामाबाद में रेड जोन को सील किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी अधिकारियो ने जेल मे बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी की विरोध रैली से पहले बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में रेड जोन को सील कर दिया।खान (71) ने न्यायपालिका के साथ एकजुटता दिखाने के लिए अपने समर्थकों से शुक्रवार को राजधानी के डी-चौक पर विरोध प्रदर्शन करने को कहा है, लेकिन इस कदम का उद्देश्य सरकार पर उन्हें जेल से रिहा करने के लिए दबाव बनाना है, जहां उन्हें एक साल से अधिक समय से रखा गया है।विवरण के अनुसार, पुलिस ने रेड जोन की ओर जाने वाली सड़कों पर शिपिंग कंटेनर रख दिए है, तथा केवल मार्गल्ला रोड ही रेड जोन तक जाने को यातायात के लिए खुली है, जहां प्रमुख आधिकारिक इमारतें और राजनयिक मिशन स्थित है।किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए फैजाबाद एक्सप्रेस हाईवे पर सड़क को अवरुद्ध करने के लिए कंटेनर रखे गए थे।सुरक्षा संबंधी ए कदम ऐसे समय उठाए गए है जब मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम बुधवार को तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर इस्लामाबाद पहुंच रहे है।खान ने हाल ही में अपनी रणनीति में बदलाव करते हुए देश भर में रैलियां और विरोध प्रदर्शन किए है, क्योंकि उनकी पार्टी के समक्ष आ रही समस्याओं को समाप्त करने के लिए सत्ता प्रतिष्ठान के साथ बातचीत के जरिए समाधान निकालने के उनके प्रयास विफल हो गए है।उनकी पार्टी ने तीन प्रमुख राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें इस्लामाबाद और लाहौर में एक-एक रैली तथा रावलपिंडी मे एक विरोध प्रदर्शन शामिल था।

### द्वितीय विश्व युद्ध के समय का अमेरिकी बम जापानी हवाई अड्डे पर फटा, 80 उड़ानें रद्द

**तोक्यो।** द्वितीय विश्व युद्ध के समय का एक अमेरिकी बम एक जापानी हवाई अड्डे पर दफ्न था, लेकिन बुधवार को उसमें विस्फोट हो गया, जिससे टैक्सीवे में बड़ा गड्ढा हो गया और 80 से अधिक उड़ाने रद्द करनी पड़ी। हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नही है। जापानी अधिकारियो ने यह जानकारी दी।भूमि एवं परिवहन मंत्रालय के अधिकारियो ने बताया कि दक्षिण-पश्चिमी जापान के मियाज़ाकी हवाई अड्डे पर जब बम विस्फोट हुआ, तब वहां कोई विमान नही था। अधिकारियो ने बताया कि आत्मरक्षा बलों और पुलिस द्वारा की गई जांच से पुष्टि हुई है कि विस्फोट 500 पाउंड के अमेरिकी बम से हुआ था और अब कोई खतरा नही है। वे यह पता लगा रहे है कि अचानक विस्फोट किस वजह से हुआ।पास के एक एविएशन स्कूल द्वारा रिकॉर्ड किए गए वीडियो में विस्फोट से डामर के टुकड़े हवा मे फव्वारे की तरह उछलते हुए दिखाई दिए। जापानी टेलीविज़न पर प्रसारित वीडियो में टैक्सीवे में एक गहरा गड्ढा दिखाई दिया।मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने कहा कि हवाई अड्डे पर 80 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई है तथा उम्मीद है कि बृहस्पतिवार सुबह तक परिचालन फिर से शुरू हो जाएगा। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियो ने बताया कि इस क्षेत्र में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिकी सेना द्वारा गिराए गए कई बम बरामद हुए है, जो नही फटे है।

### पोप ने कैथोलिक गिरजाघर में सुधार के दूसरे चरण की शुरुआत की, महिलाओं की भूमिका पर ध्यान केंद्रित

**रोम।** पोप फ्रांसिस ने बुधवार को कैथोलिक गिरजाघर में व्यापक सुधार से जुड़ी परियोजना के दूसरे चरण की शुरुआत की, जिसमें गिरजाघर में महिलाओं को अधिक जिम्मेदारी वाले पद सौंपने का व्यापक आह्वान किया गया है। पोप फ्रांसिस ने सेंट पीटर्स स्क्वायर मे 368 बिशप और आम लोगो के साथ एक प्रारंभिक धर्म सभा की अध्यक्षता की। ए सभी लोग गिरजाघर के भविष्य पर चर्चा करने और इसे मौजूदा समय मे कैथोलिक की जरूरतो के प्रति अधिक उत्तरदाई बनाने के लिए अगले तीन सप्ताह तक बैठकें करेंगे। पिछले साल धर्मसभा के पहले सत्र के दौरान विरोध और आपत्तियो का सामना करने के बाद, कई सबसे विवादास्पद मुद्दे आधिकारिक तौर पर चर्चा से बाहर हो गए है। इनमें एलजीबीटीक्यू को पद सौंपे जाने और महिलाओं को डीकन के रूप में सेवा करने की अनुमति देने जैसे मुद्दे शामिल है। पोप फ्रांसिस ने इन विषयो को 10 अध्ययन समूहो को सौंपा है जो धर्मसभा के समानांतर काम कर रहे है। इन मुद्दो को अध्ययन समूहों को सौंपे जाने के बाद यह सवाल उठ रहा है कि जब 26 अक्टूबर को यह धर्मसभा समाप्त होगी और अंतिम प्रस्तावों को फ्रांसिस के समक्ष विचार के लिए पेश किया जाएगा।

### पाक में इस वर्ष पोलियो के 26 मामले सामने आए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत मे पोलियो के दो नए मामले सामने आने के बाद इस साल देश मे इस बीमारी के मामलो की संख्या बढ़कर 26 हो गई है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सिंध प्रांत के कराची पूर्व और सुजावल जिलो मे इन नए मामलों की पुष्टि हुई है। इन मामलो के सामने आने के बाद देश मे पोलियो वायरस के उन्मूलन के प्रयासो को झटका लगा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान मे पोलियो उन्मूलन के लिए क्षेत्रीय प्रयोगशाला द्वारा जारी एक बयान मे कहा गया, कराची पूर्व और सुजावल से इस साल का यह पहला मामला है, जहां पर्यावरणीय नमूनो मे हाल के महीनो मे पोलियो वायरस की मौजूदगी देखी गई है। इससे पता चलता है कि यह समुदायो मे फैल रहा है और बच्चो के स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। पोलियो उन्मूलन के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की विशेष प्रतिनिधि आयशा रजा फारूक ने नए मामलो को पाकिस्तानी बच्चो के लिए चिंताजनक बताया और कहा कि उन्हे अभी भी एक ऐसी बीमारी से खतरा है जिससे आसानी से बचा जा सकता है।

# बीजिंग में गांधी जयंती समारोह के अवसर पर चीनी कलाकारों और स्कूली बच्चों ने दी प्रस्तुति

भाषा। बीजिंग

**चीन के विशाल चाओयांग** पार्क में बुधवार को गांधी जयंती मनाई गई, जिसमें स्थानीय स्कूली बच्चों ने मंदारिन भाषा में उनकी शिक्षाओं का उल्लेख किया और बीजिंग के कलाकारों ने उनके पसंदीदा भजन पर ओडिसी नृत्य प्रस्तुत किया। बीजिंग का मनोरम चाओयांग पार्क चीनी स्कूली बच्चों के एक समूह द्वारा मंदारिन भाषा में उनके उपदेशों के पाठ से जीवंत हो उठा। इस पार्क में 2005 में प्रसिद्ध चीनी मूर्तिकार प्रो. युआन शिकुन द्वारा बनाई गई महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थापित की गई थी। इसके बाद बीजिंग की प्रसिद्ध ओडिसी नृत्यांगना झांग जिंगहुई और उनके दल द्वारा वैष्णव जन तो पर एक भावपूर्ण ओडिसी नृत्य प्रस्तुति दी गई। भारतीय समुदाय ने नाटक अहिंसा: गांधी मार्ग का मंचन किया, जिसका निर्देशन और लेखन क्रमश: केतकी ठाकर और आयुषी सुगंधी ने किया। राजदूत प्रदीप कुमार रावत के नेतृत्व में भारतीय राजनयिकों के अलावा मालदीव में चीनी राजदूत डॉ. फजील नजीब, बीजिंग स्थित भारतीय प्रवासी और महात्मा गांधी के स्थानीय प्रशंसकों ने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।रावत ने अपने भाषण में महात्मा गांधी की प्रतिमा बनाने के लिए प्रोफेसर युआन शिकुन की सराहना की।

## काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने 155वीं गांधी जयंती मनाई

**काठमांडू।** नेपाल स्थित भारतीय दूतावास ने बुधवार को 155वी गांधी जयंती मनाई और महात्मा गांधी की विरासत के महत्व को उजागर करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया।दूतावास की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की और सुर सुधा बैंड की युवा गायिका सरस्वती खत्री ने राष्ट्रपिता को समर्पित भजन और संगीत रचनाएं प्रस्तुत की। इस मौके पर राजदूत ने दूतावास के सफाई कर्मचारियों को भी सम्मानित किया।इससे पहले मंगलवार को दूतावास परिसर में स्वच्छता पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

## प्रवासियों को ले जा रही दो नौकाएं जिबूती तट के पास लाल सागर में डूबीं, 45 लोगों की मौत: संरा

भाषा। जिबूती

**अफ्रीका से** प्रवासियों को लेकर जा रही दो नौकाएं जिबूती तट के पास लाल सागर में डूब गईं, जिससे 45 लोगों की मौत हो गई। संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन ने बताया कि ए नौकाएं 310 लोगों को लेकर यमन से रवाना हुईं थीं। खोज एवं बचाव प्रयासों में सहायता कर रही संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बताया कि 32 लोगों को बचा लिया गया है। वहीं, जिबूती के तट रक्षक ने बताया कि हादसा उत्तर-पश्चिमी खोर अंगार क्षेत्र के पास एक समुद्र तट से करीब 150 मीटर की दूरी पर हुआ। उसने बताया कि संयुक्त बचाव अभियान सोमवार सुबह से शुरू हुआ और अब भी जारी है। उसने बताया कि 115 लोगों को बचा लिया गया है।

# यूक्रेन की सेना दो साल की भीषण लड़ाई के बाद पूर्वी शहर वुहलदार से हटेगी

भाषा। कीव

**यूक्रेन की सेना दो** साल से अधिक समय तक भीषण युद्ध के बाद पूर्वी यूक्रेन में सामरिक रूप से महत्वपूर्ण वुहलदार से पीछे हट रही है। सैन्य अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। वुहलदार को बचाने के लिए यूक्रेनी सेना ने जी-जान से लड़ाई लड़ी, लेकिन अब इस पर रूस ने नियंत्रण बना लिया है। पूर्वी मोर्चे पर भीषण लड़ाई के चलते यूक्रेन को कई हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र से हाथ धोना पड़ा है। दोनेत्सक सहित पूर्वी क्षेत्रों की कमान संभाल रहे यूक्रेन के सैन्य बल खोर्तित्सिया ग्राउंड फोर्सेज फॉर्मेशन ने टेलीग्राम पर पोस्ट एक बयान में कहा कि वह सैन्य कर्मियों और साजो सामान की हिफाजत के लिए वुहलदार से सैनिकों को वापस बुला रहा है। बयान में कहा गया कि रूसी सेना के शहर पर नियंत्रण बनाने के प्रयास के तहत वहां मौजूद यूक्रेनी सैनिकों की जवाबी कार्वाई से साजो सामान की कमी हो गई। इस वजह से शहर के चारों तरफ से घिरने का खतरा पैदा हो गया है।

# जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री से मुलाकात की

● द्विपक्षीय सहयोग व पश्चिम एशिया, यूक्रेन पर बात की

भाषा। वाशिंगटन



**विदेश मंत्री एस.** जयशंकर और उनके अमेरिकी समकक्ष एंटनी ब्लिंकन ने वाशिंगटन में मुलाकात की और द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करने, पश्चिम एशिया में स्थिति एवं भारतीय उपमहाद्वीप में हाल के घटनाक्रमों, हिंद-प्रशांत तथा यूक्रेन समेत कई क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने के बाद जयशंकर पहली बार अमेरिका की राजधानी की यात्रा पर हैं। उन्होंने मंगलवार को अमेरिकी विदेश मंत्रालय के मुख्यालय फॉगी बॉटम में ब्लिंकन से मुलाकात की। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में जयशंकर ने कहा, आज वाशिंगटन डीसी में विदेश मंत्री ब्लिंकन के साथ बातचीत करके बहुत खुशी हुई। हमने डेलावेयर द्विपक्षीय और क्वाड बैठकों पर चर्चा की। हमारी चर्चाओं में द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करना, पश्चिम एशिया की स्थिति, भारतीय उपमहाद्वीप, हिंद-प्रशांत और यूक्रेन में हाल के घटनाक्रमों पर भी चर्चा हुई। मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ हालिया द्विपक्षीय बैठक का जिक्र किया। अमेरिका के राष्ट्रपति ने 21 सितंबर को द्विपक्षीय बैठक के लिए अपने डेलावेयर निवास पर मोदी की मेजबानी की थी।

## डोभाल ने फ्रांस के विदेश मंत्री से मुलाकात की

**पेरिस।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बुधवार को यहां फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट से मुलाकात की और यूरोप तथा पश्चिम एशिया मे जारी युद्धो पर अपने विचार साझा किए। फ्रांस स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट मे कहा, फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट के साथ बैठक के बाद एनएसए अजीत डोभाल की यात्रा संपन्न हुई। यूरोप और पश्चिम एशिया मे जारी युद्धो पर विचार साझा किए। पिछले महीने रूस की यात्रा के दौरान डोभाल ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। डोभाल की रूस यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यूक्रेन की यात्रा के लगभग 15 दिन बाद हुई थी। डोभाल ने मंगलवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की थी।

# स्कूल में डराए जाने वाले बच्चों में भविष्य के प्रति आशावादी दृष्टिकोण में कमी

भाषा। डेट्रॉयट

**स्कूली छात्रों को** डराने- धमकाने का उनके मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले असर को लेकर काफी कुछ कहा जा चुका है। लेकिन, क्या उन्हें डराना-धमकाना उनकी भविष्य की आकांक्षाओं को भी प्रभावित कर सकता है? हमारे नवीनतम शोध से यह पता चलता है कि नौवीं कक्षा में जिन विद्यार्थियों को धमकाया जाता है, वे दसवीं कक्षा के बाद अपनी शिक्षा और भविष्य की संभावनाओं के बारे में अधिक निराशावादी हो जाते हैं। स्पष्ट तौर पर कहा जाए, तो डराने और धमकाए जाने से स्कूल के विद्यार्थियों में अवसाद का खतरा बढ़ जाता है, जिससे भविष्य के प्रति उनमें निराशावादी दृष्टिकोण और भावनाएं व्याप्त हो जाती हैं। विद्यार्थियों के कल्याण का अध्ययन करने वाले एक विकासात्मक मनोवैज्ञानिक के रूप में, मैंने भविष्य के लिए किशोरों की अपेक्षाओं पर उन्हें डराने और धमकाने के दीर्घकालिक प्रभावों को बेहतर ढंग से समझने का प्रयास किया। मेरी शोध टीम ने दसवीं कक्षा के 388 छात्रों को इस शोध में शामिल किया, जिन्होंने हाल ही में नौवीं कक्षा की पढ़ाई शुरू की थी। हमने उनसे लगातार तीन वर्षों तक हर कुछ महीनों में सर्वेक्षण पूरा करने को कहा। जिन विद्यार्थियों ने बताया कि नौवीं कक्षा में उनके साथियों द्वारा उन्हें अधिक परेशान किया जाता था, उन्होंने बताया कि 11वीं कक्षा तक आते-आते भविष्य की शैक्षणिक और करियर संबंधी संभावनाओं के प्रति उनकी अपेक्षाएं कम हो गईं। दूसरे शब्दों में कहें तो, डराए और धमकाए गए छात्रों को अपनी इच्छित शिक्षा का स्तर प्राप्त करने, आनंददायक काम खोजने तथा दसवीं कक्षा के बाद स्वयं का भरण-पोषण करने के लिए पर्याप्त धन कमाने की अपनी क्षमता के प्रति कम आत्मविश्वास महसूस हुआ। जिन विद्यार्थियों को नौवीं कक्षा में अधिक परेशान किया गया, उनके भविष्य की उम्मीदों में उन सहपाठियों की तुलना में लगभग आठ प्रतिशत अंकों की गिरावट आने की संभावना थी, जिन्हें स्कूल में परेशान नहीं किया गया। जाति, लिंग, सामाजिक-आर्थिक स्थिति और शैक्षणिक उपलब्धि के लिए पूर्व अपेक्षाओं जैसे कारकों को ध्यान में रखने के बाद भी यह गिरावट महत्वपूर्ण बनी हुई है। दिलचस्प बात यह है कि विद्यार्थियों को एक विशेष तरीके से तंग करने का भविष्य को लेकर उनके दृष्टिकोण पर विशेष रूप से नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जिन विद्यार्थियों ने साथियों द्वारा उत्पीड़न का अनुभव किया, जिसमें बहिष्कार शामिल था - जानबूझकर नजरअंदाज किया जाना अथवा सामूहिक गतिविधियों से बाहर रखा जाना - या जिन्होंने सामाजिक रिश्तों को नुकसान पहुंचाया, वे सबसे अधिक बुरी स्थिति में थे। लेकिन, जो किशोर खुलेआम उत्पीड़न के शिकार हुए।

## कम्यूनिटी डे में खेल से होगा मानसिक विकास

पोकेमॉन गो कम्युनिटी डे 5 अक्टूबर 2024 को आयोजित किया जाएगा! इस कम्युनिटी डे के दौरान अपने आसपास के ट्रेनर के साथ रेड, ट्रेड और एक्सप्लोर कर जिसमें लिपत्ता, स्यूइंग पोकेमॉन को विशेष रुप से फीचर किया जाएगा। इससे बच्चे आंनद लेंगे। यह एक दिवसीय कम्युनिटी डे मीटअप भारत के 28 शहरों में आयोजित किया जाएगा। नई दिल्ली का आईआईटी दिल्ली, मुंबई का जॉगर्स पार्क और शिवाजी पार्क, नवी मुंबई का राजीव गांधी गार्डन और लाइटहाउस वॉल स्ट्रक्चर, पुणे का सारसबागए गुरुग्राम का लेजर वैली पार्क, फरीदाबाद का टाउन पार्क, खेल का मैदानए लखनऊ का फन रिपब्लिक मॉल, अहमदाबाद का साबरमती आश्रम, विशाखापत्तनम का विशाखा संग्रहालय और तिरुवनंतपुरम का नेपियर संग्रहालय में शामिल हैं। इवेंट के दौरान या उसके पांच घंटे बाद तक लिपटाकून को विकसित करें, ताकि आपको एक आईलीफ़ मिल सके जो फ़ास्ट अटैक शैडो क्लॉ जानता हो। लिपत्ता कम्युनिटी डे के खास स्पेशल रिसर्च तक पहुंच पाएंगे। टिकट गिफ़्ट में देने के लिए इन.गेम शॉप में स्पेशल रिसर्च टिकट पर टैप करें, फिर खरीदें बटन के बजाय गिफ़्ट बटन पर टैप करें।लेवल 31 और उससे ऊपर के ट्रेनर्स के लिए पोकेमॉन पकड़ने से कैंडी एक्स एल पाने का 2 एक्स मौका। तीन घंटे के कम्युनिटी डे ईवेंट समाप्त होने के बादए ट्रेनर स्पेशल फ़ोर.स्टार छापा युद्ध में भाग लेने में सक्षम होंगे। इनमें से किसी एक रेड में जीत का दावा करने से उस जिम के आसपास और अधिक लिपत्ता दिखाई देंगे जिसने 30 मिनट तक रेड की मेजबानी की थी! पोकेमॉन खेलते समय सचेत रहें और अपने आस.पास भी ध्यान दें। स्थानीय स्वास्थ्य निर्देशों का पालन करें। आगामी इवेंटों में परिवर्तन हो सकते हैं।

# नेपाल ने वर्षा का नया अलर्ट जारी किया, बाढ़ एवं भूस्खलन से 240 से अधिक की मौत

भाषा। काठमांडू

**नेपाल सरकार** ने बुधवार को भारी बारिश का नया अलर्ट जारी किया। कई दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण बड़े पैमाने पर बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं, जिससे हिमालई देश में 240 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। नेपाल के गृहमंत्री रमेश लेखक ने अधिकारियों और आपदा प्रबंधन एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है, क्योंकि मौसम पूर्वानुमान के अनुसार बुधवार और बृहस्पतिवार को कोशी और बागमती प्रांतों के साथ-साथ काठमांडू घाटी में भारी वर्षा होने की संभावना है। यह चेतावनी जल विज्ञान और मौसम विज्ञान विभाग द्वारा दोनों प्रांतों के कुछ हिस्सों में और अधिक भारी बारिश के संभावित खतरों का उल्लेख करने के बाद आई है। लेखक ने राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरणऔर प्रबंधनप्राधिकरण (एनडीआरआरएमए), मुख्य जिला अधिकारियों और स्थानीय सरकारों से आपदाओं के संभावित जोखिम के प्रति सावधान रहने का आग्रह किया।

## ताइवान में तूफान की आशंका के बीच भारी बारिश, हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया

**काउशुंग (ताइवान)।** ताइवान मे तूफान आने की आशंका के बीच तेज हवाएं चलने और मूसलाधार बारिश के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम 70 लोग घायल हो गए। ताइवान के अग्निशमन विभाग ने बुधवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि तूफान की आशंका के मद्देनजर हजारों लोगो को निचले या पहाड़ी इलाको से निकालकर सुरक्षित स्थानो पर पहुंचाया गया है। विभाग ने बताया कि तूफान क्राथोन के कारण बदली मौसमी परिस्थितियो के चलते एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 70 लोग घायल हुए हैं। केंद्रीय मौसम प्रशासन के अनुसार, 209 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज हवाओं के साथ आने वाले इस तूफान के बृहस्पतिवार को तड़के ताइवान के घनी आबादी वाले पश्चिमी तट पर पहुंचने की आशंका है। पिछले चार दिनो मे तटीय ताइतुंग काउंटी मे कम से कम 128 सेंटीमीटर बारिश तथा प्रमुख बंदरगाह शहर काउशुंग में 43 सेंटीमीटर बारिश हुई है।

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में बुमराह फिर शीर्ष पर

● जायसवाल नंबर तीन पर पहुंचे

भाषा। दुबई




भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर में खेले गए दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में छह विकेट लेने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में फिर से शीर्ष पर पहुंच गए हैं।इस 30 वर्षीय तेज गेंदबाज ने भारतीय टीम के अपने साथी रविचंद्रन अश्विन की जगह पहला स्थान हासिल किया है। अश्विन को बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। स्पिनर रविंद्र जडेजा अपने छठे स्थान पर बने हुए हैं, जबकि उनके साथी स्पिनर कुलदीप यादव 16वें स्थान पर हैं। कुलदीप इस श्रृंखला के किसी मैच में नहीं खेले थे।बल्लेबाजी रैंकिंग में कानपुर टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए यशस्वी जायसवाल सिर्फ 11 टेस्ट के बाद करियर के सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। जायसवाल ने कानपुर टेस्ट में 72 और 51 रन की शानदार पारियां खेल कर भारत को बारिश से प्रभावित मैच में सात विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। जायसवाल के 792 रेटिंग अंक हैं और यह 22 वर्षीय खिलाड़ी जो रूट (899) और केन विलियमसन (829) के बाद तीसरे नंबर पर है। अनुभवी भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने शीर्ष 10 में वापसी की है। कानपुर टेस्ट में 47 और 29 रन की पारी खेलने वाले कोहली छह स्थान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। ऋषभ पंत भी शीर्ष 10 में बने हुए हैं लेकिन वह तीन स्थान नीचे नौवें स्थान पर खिसक गए हैं। कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल क्रमशः 15वें और 16वें स्थान पर हैं। जहां तक ऑलराउंडरों की बात है तो रैंकिंग में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। जडेजा पहले की तरह शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं जबकि अश्विन दूसरे और अक्षर पटेल सातवें स्थान पर हैं। टीम रैंकिंग में, भारत 120 रेटिंग अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बना हुआ है। वह ऑस्ट्रेलिया से चार अंक पीछे है। इंग्लैंड 108 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। भारतीय टीम ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में अपना दबदबा कायम रखा है। भारत का 11 मैच के बाद पॉइंट प्रतिशत 74.24 है जबकि ऑस्ट्रेलिया 12 टेस्ट में 62.50 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है।

## टिम साउदी ने भारत दौरे से पहले न्यूजीलैंड की कप्तानी छोड़ी, लैथम संभालेंगे कमान

ऑक्लैड। टिम साउदी ने भारत के खिलाफ इस महीने होने वाली तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले न्यूजीलैड की कप्तानी छोड़ दी है और इस अनुभवी तेज गेंदबाज की जगह शीर्ष क्रम के बल्लेबाज टॉम लैथम को कप्तान नियुक्त किया गया है। साउदी ने 14 टेस्ट मैचों मे न्यूजीलैड की कप्तानी की, जिसमे कीवी टीम ने छह जीते, छह हारे और दो मैच ड्रॉ खेले। साउदी ने न्यूजीलैड क्रिकेट के बयान मे कहा, मैंने अपने पूरे करियर मे हमेशा टीम को प्राथमिकता दी और मुझे लगता है कि मेरा यह फैसला टीम के हित मे है। उन्होने कहा, मेरा मानना है कि अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करके, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके, विकेट लेना जारी रखकर और न्यूजीलैड की जीत मे योगदान देकर मै टीम के लिए सबसे अच्छी सेवा कर सकता हूं। इस 35 वर्षीय तेज गेंदबाज ने अब तक 102 टेस्ट, 161 वनडे और 126 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले है। उन्होने टेस्ट क्रिकेट मे 382 विकेट लिए है और न्यूजीलैड की तरफ से सर्वाधिक विकेट हासिल करने वाले गेंदबाजों मे महान रिचर्ड हैडली (431) के बाद दूसरे स्थान पर है। साउदी ने कहा, मैंने हमेशा अपने साथी खिलाड़ियों का समर्थन किया है और मै टॉम को इस भूमिका के लिए शुभकामनाएं देता हूं। वह जानता है कि उसका साथ देने के लिए मै हमेशा मौजूद रहूंगा जैसा कि वह वर्षो से मेरे लिए करता रहा है। न्यूजीलैड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि साउदी ने टीम के हित मे यह फैसला लिया है। टिम एक शानदार खिलाड़ी और बहुत अच्छे नेतृत्वकर्ता है और टीम मे उनका सभी खिलाड़ी बहुत सम्मान करते है। आप जिस चीज से प्यार करते है उसे छोड़ना आसान नही होता है लेकिन टिम ने टीम के हित को ध्यान मे रखते हुए यह फैसला किया। वह हमारे महान खिलाड़ियों मे से एक है और आगे भी अपना महत्वपूर्ण योगदान देते रहेंगे।

# सरफराज के दोहरे शतक से मुंबई दहाड़ा

ईरानी कप : शेष भारत व केएल पर बना दबाव



लखनऊ। मुंबई के स्टार बल्लेबाज सरफराज खान के दोहरे शतक से ईरानी कप मुकाबले में सिर्फ शेष भारत पर ही दबाव नहीं बना बल्कि अगले महीने भारतीय टीम के आस्ट्रेलिया दौरे से पहले अनुभवी केएल राहुल के लिए भी मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। सरफराज 276 गेंद में 221 रन बनाकर खेल रहे हैं और 42 बार की चैम्पियन मुंबई के लिए ईरानी कप में दोहरा शतक जमाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर मुंबई ने नौ विकेट पर 536 रन बना लिए थे। ईरानी कप में वसीम जाफर (विदर्भ), रवि शास्त्री, प्रवीण आम्रे और यशस्वी जायसवाल (शेष भारत) दोहरा शतक बना चुके हैं। सरफराज ने अपनी पारी में 25 चौके और चार छक्के लगाए। कप्तान अजिंक्य रहाणे (234 गेंद में 97 रन) शतक से तीन रन से चूक गए लेकिन दूसरा दिन पूरी तरह से सरफराज के नाम रहा। यह उनका 15वां प्रथम श्रेणी शतक है। इसके साथ ही उन्होंने भारतीय टेस्ट टीम में मध्यक्रम के लिए अपना दावा फिर पेश कर दिया है। मध्यक्रम में सरफराज से अपनी जगह वापिस लेने वाले राहुल ने कानपुर में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन टीम प्रबंधन और खुद राहुल को पता है कि सरफराज की चुनौती कितनी बड़ी है। सरफराज ने तनुष कोटियान (64) के साथ सातवें विकेट के लिए 183 रन जोड़े।

## आपके चूरमे ने मुझे मेरी मां की याद दिला दी : मोदी

प्रधानमंत्री ने नीरज चोपड़ा की मां को पत्र लिखा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओलंपिक पदक विजेता स्टार भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा की मां को पत्र लिखकर कहा कि उनके बनाए चूरमे ने उन्हें भावुक कर दिया और उनकी मां की याद दिला दी। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस में रजत पदक जीतने वाले नीरज की मां सरोज देवी को लिखे पत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस के सम्मान में आयोजित भोज में उन्हें नीरज से मिलने का अवसर मिला और तभी नीरज ने उन्हें स्वादिष्ट चूरमा दिया। प्रधानमंत्री ने पत्र में लिखा, आज इस चूरमे को खाने के बाद मैं आपको पत्र लिखने से खुद को रोक नहीं सका। भाई नीरज अक्सर मुझसे इस चूरमे की चर्चा करते हैं लेकिन आज इसे खाकर मैं भावुक हो गया। आपके अपार स्नेह और अपनेपन से भरे इस उपहार ने मूझे मेरी मां की याद दिला दी। उन्होंने आगे लिखा , मां शक्ति, वात्सल्य और समर्पण का रूप होती है।

## अगले साल पहले खो खो विश्व कप की मेजबानी करेगा भारत

नई दिल्ली। भारत अगले साल पहले खो खो विश्व कप की मेजबानी करेगा जिसमें 24 देशो और छह महाद्वीपो की 16 पुरुष और महिला टीमें भाग लेंगी। भारतीय खो खो महासंघ (केकेएफआई) ने बुधवार को इसकी घोषणा की।केकेएफआई ने बयान मे कहा, भारत खो खो का जनक है तथा यह विश्व कप इस खेल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्रतिस्पर्धी भावना को उजागर करेगा। आज इस खेल ने वैश्विक उपस्थिति दर्ज करा ली है और यह 54 देशों मे खेला जाता है। केकेएफआई के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा, हमारा अंतिम लक्ष्य खो खो को 2032 तक ओलंपिक खेल के रूप में मान्यता दिलाना है और यह विश्व कप उस सपने को साकार करने की दिशा मे पहला कदम होगा।

## सलामी बल्लेबाज रीजा हेंडरिक्स एसए20 नीलामी में सबसे महंगे बिके

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज रीजा हेंडरिक्स एसए 20 लीग के 2025 सत्र से पहले हुई नीलामी मे सबसे महंगे बिके जिन्हे एमआई केपटाउन ने 43 लाख रैंड (करीब दो करोड़ सात लाख रुपए) मे खरीदा। हेंडरिक्स को नीलामी से पहले जोबर्ग सुपर किंग्स ने फारिग कर दिया था लेकिन उन्होंने यूएई में आयरलैंड के खिलाफ लगातार दो अर्धशतक जमाए। आयोजकों द्वारा यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार सुपर किंग्स ने श्रीलंका के गेंदबाज मथीषा पथिराना को अपना वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी चुना है। उन्होंने आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन एसए 20 में पहली बार खेलेंगे। तेम्बा बावुमा और टोनी डि जोर्जी पर छह मे से किसी टीम ने बोली नही लगाई।


## तीनों प्रारूपों में अलग अलग कप्तानों की नियुक्ति कर सकता है पीसीबी

कराची। व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर और सीमित ओवरो के कप्तान पर बढते दबाव के मद्देनजर पाकिस्तान मे तीनो प्रारूपो के लिए अलग अलग क्रिकेट कप्तानो की नियुक्ति की जा सकती है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड बाबर आजम को वनडे टीम की कप्तानी देने वाला था लेकिन उन्होने अपनी बल्लेबाजी पर फोकस करने के लिए बुधवार की रात कप्तानी से इस्तीफा दे दिया। भीतरी सूत्रों का मानना है कि सीमित ओवरो के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन या चयन समिति के लिए अगला कप्तान चुनना आसान नही होगा। सूत्र ने कहा , मुहम्मद रिजवान सीमित ओवरो के कप्तान हो सकते है क्योंकि बाबर के अलावा वही अकेले खिलाड़ी है जिनकी तीनो प्रारूपो की टीम मे जगह पक्की है।

## बाबर आजम ने पाकिस्तान की सीमित ओवरों की कप्तानी छोड़ी

कराची। बाबर आजम ने पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम की कप्तानी भी छोड़ दी है और उनके स्थान पर मोहम्मद रिजवान को यह पद सौपे जाने की संभावना है।बाबर ने बुधवार आधी रात के आसपास एक्स (पूर्व मे ट्विटर) पर बयान जारी कर घोषणा की कि उन्होने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और टीम प्रबंधन को पिछले महीने ही अपनी इच्छा से अवगत करा दिया था। बाबर ने हालांकि यह नही बताया कि उन्होने बोर्ड और टीम प्रबंधन को अपने पद छोड़ने के फैसले के बारे मे कब सूचित किया था। इस 29 वर्षीय बल्लेबाज ने कहा कि वह अब अपना पूरा ध्यान बल्लेबाजी पर लगाना चाहते है।

# अल्काराज ने सिनेर को हराकर जीता चीन ओपन खिताब




भाषा। बीजिंग

स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने लगातार सात अंक जुटाकर निर्णायक टाइब्रेकर में शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर को 6-7, 6-4, 7-6 से हराकर चीन ओपन खिताब जीत लिया। तीसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज ने गत चैम्पियन सिनेर के खिलाफ इस साल तीनों मुकाबले जीते हैं। इसके साथ ही उन्होंने इस इतालवी प्रतिद्वंद्वी के 14 मैचों के विजय अभियान पर भी रोक लगा दी। सिनेर के लिए फोकस कर पाना थोड़ा मुश्किल था क्योंकि शनिवार को ही विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) ने कहा है कि वह डोपिंग के मामले में उन्हें क्लीन चिट दिए जाने के फैसले के खिलाफ अपील करेगी। वाडा ने उन पर एक या दो साल का प्रतिबंध लगाने की मांग की है। सिनेर को मार्च में दो बार प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन का दोषी पाया गया था लेकिन एक स्वतंत्र ट्रब्यूिनल ने उन्हें अगस्त में क्लीन चिट दे दी थी।

# सबालेंका ने कीज को हराया

शंघाई मास्टर्स में मोनफिल्स जीते



बीजिंग। महिलाओं की विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने बुधवार को यहां मैडिसन कीज को सीधे सेट में 6-4, 6-3 से हराकर चीन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश करने के साथ ही अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 15 लगातार जीत की बराबरी की। तीन बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सबालेंका ने अगस्त में सिनसिनाटी ओपन टूर्नामेंट जीतकर इस सिलसिले की शुरुआत की थी और उन्होंने पिछले महीने अमेरिकी ओपन का खिताब हासिल कर इस विजय अभियान को जारी रखा। उन्होंने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन भी जीता था। इससे पहले सबालेंका ने 2020-21 के सत्र में लगातार 15 मैच जीते थे। 26 वर्षीय सबालेंका अब क्वार्टरफाइनल में चेक गणरज्य की कैरोलिना मुचोवा से भिड़ेंगी, जिन्होंने स्पेन की क्रिस्टीना बुक्सा को 6-2, 6-0 से हराया। वहीं पुरुष वर्ग में शीर्ष रैंकिंग वाले यानिक सिनर का फाइनल में सामना तीसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज से होगा। सिनर और अल्काराज ने इस साल चारों ग्रैंडस्लैम जीते हैं। दूसरी ओर जारी शंघाई मास्टर्स टूर्नामेंट में फ्रांस के अनुभवी खिलाड़ी गेल मोनफिल्स ने दामिर दजुमहुर को 6-4, 6-3 से पराजित करके दूसरे दौर में प्रवेश किया। 38 वर्षीय मोनफिल्स अगले दौर में अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बाएज का सामना करेंगे। इसके अलावा आर्थर रिंडरकनेच ने अमेरिका के रीली ओपेल्का को 6-4, 7-6 (5) से तो नीदरलैंड्स के बोटिक वॉन डे जैंड्सचुल्प ने पाब्लो कैरेनो बुस्टा को 7-6 (5), 6-2 से हराया। एलेक्जेंडर मुलर ने भी एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इटली के लुका नार्डी को 4-6, 6- I, 6- I से शिकस्त दी।

## चैम्पियंस लीगः डॉर्टमुंड, बार्सिलोना, मैनचेस्टर सिटी व आर्सेनल भी जीते

लंदन। करीम अडेमी के पहले हाफ में की गई हैट्रिक के दम पर बोरुसिया डॉर्टमुंड ने सेल्टिक को घरेलू मैदान पर 7- I के बड़े अंतर से हराया, जबकि बार्सिलोना और मैनचेस्टर सिटी ने भी यूएफा चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में अपनी पहली जीत दर्ज की। डॉर्टमुंड की जीत इस प्रतियोगिता में जर्मनी की किसी टीम की दूसरी बड़ी जीत है। इससे पहले में बायर्न म्यूनिख ने दिनामो जाग्रेब को 9-2 से शिकस्त दी थी। बार्सिलोना के लिए रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने दो गोल दागे जिससे टीम ने यंग बॉयज पर 5-0 से आसान जीत हासिल की। मैनचेस्टर सिटी ने स्लोवन ब्रातिस्लावा को 4-0 से पराजित किया।

# कुमार, इनान के शानदार प्रदर्शन से भारत की अंडर-19 टीम जीती

● आस्ट्रेलिया को 2 विकेट से हराया

भाषा। चेन्नई



निखिल कुमार के नाबाद अर्धशतक की मदद से भारत अंडर 19 टीम ने पहले अनधिकृत टेस्ट के तीसरे दिन आस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम को दो विकेट से हराया। सातवें नंबर पर उतरे कुमार ने 71 गेंद में नाबाद 55 रन बनाए जिसकी मदद से भारत ने आखिरी घंटे में जीत दर्ज की। इससे पहले लेग स्पिनर मोहम्मद इनान ने 79 रन देकर छह विकेट चटकाए जिससे आस्ट्रेलिया अपनी दूसरी पारी में 214 रन ही बना सका। आस्ट्रेलिया ने चार विकेट पर 110 रन से आगे खेलना शुरू किया था। जीत के लिए 212 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को पहला झटका जल्दी ही लगा जब पहली पारी में शतक जमाने वाले वैभव सूर्यवंशी दूसरे ओवर में एक रन बनाकर आउट हो गए। आफ स्पिनर थॉमस ब्राउन को नई गेंद सौंपने का आस्ट्रेलिया का फैसला सही साबित हुआ जिन्होंने सूर्यवंशी को विकेट के पीछे साइमन ब्राउन के हाथों लपकवाया। इसके बाद एडेन ओ कोनोर ने विहान मल्होत्रा का रिटर्न कैच लपका। भारत का स्कोर इस समय दो विकेट पर 25 रन था। नित्य पंड्या (86 गेंद में 51) और केपी कार्तिकेय (52 गेंद में 36) ने इसके बाद 71 रन की साझेदारी की।

## नागल शंघाई मास्टर्स के पहले दौर में बाहर

शंघाई। भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल का खराब प्रदर्शन शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में भी जारी रहा जहां उन्हें बुधवार को यहां पहले दौर में ही सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा।यह 27 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी चीन के वू यिबिंग के सामने खास चुनौती पेश नहीं कर पाया और 6-3, 6-3 से हारने के कारण उनका अभियान पहले दौर में ही समाप्त हो गया। नागल अगस्त में अमेरिकी ओपन के पुरुष एकल में पहले दौर में नीदरलैंड के टालोन ग्रिक्सपुर से हारकर बाहर हो गए थे। अमेरिकी ओपन के बाद वह पहली बार किसी टूर्नामेंट में भाग ले रहे थे। नागल हाल में स्वीडन के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में नहीं खेले थे जिसके कारण अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के साथ उनका विवाद हो गया था। नागल पिछले कुछ समय से पीठ की चोट से जूझ रहे हैं।

## निरालानगर क्लब, गौरी वारियर्स और लवकुश नगर स्ट्राइकर्स को पूरे अंक

लखनऊ। वाल्मीकि विकास सेवा संस्थान के तत्वावधान में डीपी फाउंडेशन द्वारा आयोजित 23वां आदिकवि महर्षि वाल्मीकि टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में निरालानगर क्लबए लवकुश नगर गौरी वारियर्स व लवकुश नगर स्ट्राइकर्स ने जीत से पूरे अंक हासिल किए। दूसरी ओर विकासनगर क्लब को अपने दोनों मैचों में हार मिली। चौक स्टेडियम पर पहला मैच निराला नगर क्लब ने 4 विकेट से जीता। विकासनगर क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट पर 120 रन बनाए। निरालानगर क्लब से समन को चार विकेट की सफलता मिली। जवाब में निरालानगर क्लब ने 9 ओवर में 6 विकेट पर 123 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैन ऑफद मैच ऋषभ ने मात्र 16 गेंदों पर 7 चौके व 3 छक्के से आतिशी 50 रन बनाए। बेस्ट कैच का पुरस्कार निरालानगर के आदर्श को मिला। दूसरे मैच में लवकुश नगर गौरी वारियर्स ने सचिन एचबी को एकतरफा 10 विकेट से हराया। सचिन एचबी पहले बल्लेबाजी करते हुए 68 रन ही बना सका। लवकुश नगर गौरी वारियर्स से राहुल को तीन विकेट की सफलता मिली। जवाब में लवकुश नगर गौरी वारियर्स ने मैन ऑफद मैच अविनाश द्वारा 16 गेंदों पर 3 चौके व 7 छक्के से बनाए 58 रन की बदौलत 9 ओवर में बिना नुकसान के 69 रन बनाकर मैच जीत लिया। बेस्ट कैच का पुरस्कार लवकुश नगर गौरी वारियर्स के राहुल को मिला।



# ऑस्ट्रेलिया का टी20 विश्व कप में वर्चस्व खत्म करने उतरेंगे प्रतिद्वंद्वी

● टूर्नामेंट की शुरुआत कल से शारजाह में होने वाले दो मैचों से होगी



दुबई। भारत, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका जैसी टीमें गुरुवार से शुरू होने वाले महिला टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया का पिछले लंबे समय से चला आ रहा वर्चस्व खत्म करने की कोशिश करेंगी। टूर्नामेंट की शुरुआत गुरुवार को शारजाह में होने वाले दो मैचों से होगी। इनमें पहला मैच बांग्लादेश और स्कॉटलैंड तथा दूसरा मैच पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा।पहले इस टूर्नामेंट का आयोजन बांग्लादेश में होना था लेकिन वहां राजनीतिक अशांति के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इसे संयुक्त अरब अमीरात में स्थानांतरित कर दिया था।दस टीमों के बीच खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया को हराना सभी टीमों के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। अभी तक इस प्रतियोगिता का नौ बार आयोजन किया जा चुका है जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने छह बार खिताब जीता है। वह पिछली तीन बार का चैंपियन भी है। इंग्लैंड, भारत और दक्षिण अफ्रीका में समय-समय पर दिखाया है कि ऑस्ट्रेलिया को हराया जा सकता है लेकिन जब विश्व कप की बात आती है तो उसको पराजित करना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होता है। लगभग 18 महीने पहले दक्षिण अफ्रीका में टीम को चैंपियन बनाने के बाद मेग लैनिंग ने संन्यास ले लिया था और अब ऑस्ट्रेलिया का इस प्रतियोगिता में दबदबा बरकरार रखने का जिम्मा एलिसा हीली के कंधों पर होगा जिन्हें टीम की कप्तानी सौंपी गई है। हीली आगे बढ़कर नेतृत्व करना चाहेगी लेकिन अगर वह ऐसा करने में नाकाम रहती हैं तब भी टीम के पास एलिसे पेरी, एशले गार्डनर और ग्रेस हैरिस जैसी मैच विजेता खिलाड़ी हैं। ऑस्ट्रेलिया को ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और श्रीलंका के साथ रखा गया है जबकि ग्रुप बी में इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड हैं। प्रत्एक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। इंग्लैंड ने 2009 में पहला टी20 महिला विश्व कप जीता था लेकिन इसके बाद उसे तीन बार फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था।

## आस्ट्रेलिया के खिलाफ गलतियां नहीं कर सकते : मंधाना

दुबई। भारत की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने महिला टी20 विश्व कप से एक दिन पहले कहा कि आस्ट्रेलिया को हराने का कोई शॉर्टकट नहीं है और छह बार की चैम्पियन टीम पर जीत दर्ज करने के लिए हर टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। आस्ट्रेलिया पिछले तीनों बार टी20 विश्व कप जीत चुकी है। डेढ साल पहले फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराने के बाद पूर्व कप्तान मेग लानिंग ने संन्यास का ऐलान कर दिया था जिसके बाद एलिसा हीली ने कमान संभाली। मंधाना ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार को ग्रुप ए के पहले मैच से पूर्व कहा , विश्व कप का हर मैच अहम है और सभी में सौ फीसदी देना होगा। न्यूजीलैंड और श्रीलंका मजबूत टीमें हैं लेकिन आस्ट्रेलिया के खिलाफ गलती की गुंजाइश नहीं है। उन्होंने कहा , आस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। वह बेहतरीन टीम है और उसे हराना बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला हमेशा जज्बात से भरा होता है। दोनों टीमों की टक्कर छह अक्टूबर को होनी है।

## क्विक न्यूज

### भारत ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में पांच और स्वर्ण पदक जीते

नई दिल्ली। भारत ने पेरू के लीमा में चल रही आईएसएसएफ जूनियर विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप मे अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए प्रतियोगिता के चौथे दिन पांच स्वर्ण पदक जीते जिनमें दिव्यांशी और मुकेश नेलवल्ली के महिला और पुरुष वर्ग में 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में जीते गए स्वर्ण पदक भी शामिल है।भारतीय निशानेबाजो ने अब तक 10 स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक सहित कुल 14 पदक जीते है। अमेरिका (10) और इटली (08) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। दिव्यांशी ने 35 का स्कोर बनाकर फाइनल में इटली की क्रिस्टीना मैग्नानी को दो अंकों से हराया। फ्रांस की हेलोइस फोरे तीसरे स्थान पर रही।दिव्यांशी ने तेजस्विनी और विभूति भाटिया के साथ मिलकर जूनियर महिला 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में भी सोने का तमगा हासिल किया। भारतीय टीम ने 1711 के स्कोर के साथ चेक गणराज्य और जर्मनी को पीछे छोड़ा।इससे पहले दिव्यांशी ने क्वालिफिकेशन में 577 का स्कोर बनाकर पांचवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। तेजस्विनी (569) 13वें, विभूति (565) 22वें और नाम्या कपूर 552 के साथ 40वें स्थान पर रही।नेलवल्ली ने दो और स्वर्ण पदक जीतकर चैम्पियनशिप में अब तक अपने स्वर्ण पदकों की संख्या तीन पर पहुंचा दी है।उन्होंने जूनियर पुरुष 25 मीटर पिस्टल में 585 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। इस भारतीय निशानेबाज ने हमवतन सूरज शर्मा को दो अंक से पीछे छोड़ा। इस तरह से सूरज ने प्रतियोगिता में भारत के लिए पहला रजत पदक जीता। नेलवल्ली, सूरज और प्रद्युम्न सिंह (561) ने टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इन तीनों भारतीय निशानेबाजो ने कुल मिलाकर 1726 अंक बनाए तथा पोलैंड को तीन अंक से पीछे छोड़ा। इटली की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया।भारत ने चौथे दिन पांचवां स्वर्ण पदक पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) की टीम स्पर्धा मे जीता।

### संतोष ट्रॉफी के आखिरी दौर के मुकाबले हैदराबाद में

नई दिल्ली।संतोष ट्रॉफी 78वी राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के आखिरी दौर के मुकाबले 57 साल मे पहली बार हैदराबाद में खेले जाएंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुधवार को यह घोषणा की। पिछली बार हैदराबाद मे 1966 . 67 मे इस टूर्नामेंट के मुकाबले खेले गए थे जब रेलवे ने फाइनल में सेना को हराया था। फाइनल दौर के मुकाबले दिसंबर के पहले सप्ताह में होंगे। तेलंगाना को मेजबान होने के नाते फाइनल दौर तक बाय मिला है। इसके अलावा नौ ग्रुप के विजेता और पिछले साल फाइनल खेलने वाले सेना और गोवा फाइनल दौर में दिखेंगे। ग्रुप चरण के मुकाबले नवंबर में होंगे। ग्रुप ए : जम्मू कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, ग्रुप बी : चंडीगढ, उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली, ग्रुप सी : उत्तर प्रदेश, झारखंड, बंगाल, बिहार, ग्रुप डी : असम, सिक्किम, मेघालय, त्रिपुरा ग्रुप ई : अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, ग्रुप एफ : मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ, ओडिशा, ग्रुप जी : तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, अंडमान निकोबार, ग्रुप एच : केरल, पुडुच्चेरी, लक्षद्वीप, रेलवे, ग्रुप आई : महाराष्ट्र, गुजरात, दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव, राजस्थान।

### नई दिल्ली विश्व कप के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा आईएसएसएफ पुरस्कार विजेताओं को

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज की दौड़ मे शामिल खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है और विजेताओं को नई दिल्ली मे आगामी विश्व कप फाइनल के उद्घाटन समारोह के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा।सत्र का अंतिम टूर्नामेंट 13 से 18 अक्टूबर के बीच राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किया जाएगा। आईएसएसएफ अध्यक्ष लुसियानो रॉसी के अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ उद्घाटन समारोह मे भाग लेने की उम्मीद है।आईएसएसएफ ने बयान ने कहा कि महिला और पुरुष वर्ग में छह-छह खिलाड़ियों का चयन एक मतदान प्रक्रिया से किया गया जिसमे इस खेल की सर्वोच्च संस्था के खिलाड़ी और कोचिंग आयोग के सदस्यों, मीडिया टीम और खेल को कवर करने वाले पत्रकारो ने हिस्सा लिया था।बयान में कहा गया है कि विजेताओं को ट्रॉफी और डिप्लोमा दिया जाएगा।वर्ष के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज के लिए दौड़ मे शामिल खिलाड़ी इस प्रकार हैःमहिलाः फ्रांसिस्का क्रोवेटो (चिली), केमिली जेड्रजेजेव्स्की (फ्रांस), किम ए-जी (कोरिया), चियारा लियोन (स्विट्जरलैंड), एड्रियाना रुआनो ओलिवा (ग्वाटेमाला), यांग जिन (कोरिया)पुरुषः विंसेंट हैनकॉक (अमेरिका), ली यूहोंग (चीन), लियू युकुन (चीन), पाओलो मोना (इटली), शेंग लिहाओ (चीन), ज़ी यू (चीन)।

### तुर्किए को हराकर भारत विश्व जूनियर मिश्रित टीम चैम्पियनशिप के क्वार्टरफाइनल में

नई दिल्ली। भारत ने ग्रुप ई के आखिरी मैच में तुर्किए को 110 . 99 से हराकर चीन में चल रही बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर मिश्रित टीम बैडमिंटन चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने पहली बार रिले स्कोरिंग प्रणाली का इस्तेमाल विश्व जूनियर मिश्रित टीम चैम्पियनशिप में किया जिसमें विजेता टीम को मुकाबला जीतने के लिए दस मैचों में 110 अंक तक पहुंचना होता है। पिछले मैचों में पेरू, अजरबैजान और मॉरीशस को हरा चुके भारत के लिए तुषार सुवीर ने शुरूआत की लेकिन मेहमत कान तोरेमिस से 7 . 11 से हार गए। एन श्रीनिधि और यू रेशिका ने 22 . 18 से जीत दर्ज की। इसके बाद लड़कियों के एकल और युगल मुकाबलों में भारत ने बाजी मारी। अब भारत का सामना इंडोनेशिया से होगा।

### लखनऊ स्ट्राइकर की जीत में वासिक का शतक

लखनऊ। मैन ऑफद मैच वासिक 103 के आतिशी शतक से लखनऊ स्ट्राइकर ने तृतीय राजेश सिंह स्मारक टी-20 नाइट कॉरपोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट में ईगल फाइटर को 103 रन से पराजित किया। कॅरियर क्रिकेट स्टेडियम पर लखनऊ स्ट्राइकर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 4 विकेट पर 210 रन का स्कोर बनाया। वासिक ने 56 गेंदों पर 6 चौके व 7 छक्के से 103 रन की पारी खेली। जीतू ने 34 गेंदों पर 6 चौके से 44 रन जोड़े। जवाब में ईगल फाइटर 15.2 ओवर में 107 रन ही बना सका। सैयद फैज 12 मो रेहान फारुकी 30 व मो.परवेज नाबाद 22 ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके। लखनऊ स्ट्राइकर से सैयद मुर्तजा हसन,हनी जाफरी व आशू को दो.दो विकेट मिले।

### जीसीएल में भाग लेंगे शीर्ष शतरंज खिलाड़ी

लंदन। विश्व के शीर्ष शतरंज खिलाड़ी बृहस्पतिवार से यहां शुरू हो रही छह टीमो की टेक महिंद्रा वैश्विक शतरंज लीग मे भाग लेंगे। यह एकमात्र पेशेवर खेल लीग है जिसमे पुरुष और महिला खिलाड़ी साथ मे खेलते हैं। अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) और महिंद्रा कंपनी द्वारा आयोजित इस लीग मे पांच बार के विश्व चैम्पियन और दुनिया के मौजूदा नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन, पूर्व विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद, दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी हिकारू नकामूरा और 21 वर्ष के अलीरजा फिरोजा भाग लेंगे।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोनः 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादकः शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।